4 **रायपुर संभाग** लगातार पुलिस के विवादस्पद कार्यप्रणाली से शहरवासियों के...

6 **अभिमत** अयोध्या सीट भाजपा पराजित

09 **विविध** फरार आरोपी इम्तियाज अंसारी गिरफ्तार...

10 **संस्कारधानी** शिवमहापुराण स्थल का लिया जायजा बेहतर व्यवस्थाओं के..

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 09 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-287 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### नरेला में फैक्टरी में आग लगने से तीन लोगों की मौत, छह घायल

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के नरेला में शनिवार तड़के एक खाद्य प्रसंस्करण इकाई में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। दिल्ली पुलिस के अनुसार एक पाइपलाइन में गैस रिसाव होने के कारण आग लग गई, जिससे कंप्रेसर ज़्यादा गरम होने के बाद फट गया। पुलिस और अग्निशमन विभाग ने बताया कि आज तड़के तीन बजकर 38 मिनट पर उन्हें फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। आग पर काबू पाने के लिए तुरंत 16 दमकल मौके पर भेजे गये। दिल्ली अग्निशमन सेवा निदेशक अतुल गर्ग ने बताया, अग्निशमन विभाग को सुबह करीब 3:38 बजे नरेला इलाके से आग लगने की सूचना मिली।

### एतेला राजेंद्र ने की भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट




**नयी दिल्ली।** तेलंगाना के मल्काजगिरी लोकसभा क्षेत्र से सांसद एतेला राजेंद्र ने एक प्रतिनिधिमंडल सदस्यों के साथ राष्ट्रीय राजधानी के जोधपुर हाउस में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में राजेन्द्र के नेतृत्व में सांसद कोंडा विश्वैरया रेड्डी, विधायक एलेटी माहेश्वर, रामराव पटेल, सूर्यनारायण धनपाल के साथ राजस्थान में निवेश के अवसरों पर विकास की संभावनाओं पर विशेष चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने तेलंगाना के विकास में प्रवासी राजस्थानियों के योगदान की सराहना की।

### जल्द ही 50 हजार पदों के लिये शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि शीघ्र ही विभिन्न श्रेणियों में 50,000 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी। मुख्यमंत्री की घोषणा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पांच सीटों पर हार के बाद आई है और यह भी उल्लेखनीय है कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव छह महीने दूर ही हैं। सैनी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के नये अध्यक्ष हिम्मत सिंह से हरियाणा निवास में शपथ दिलवाने उपरांत मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे।

# पंडित जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड दोहराने जा रहे मोदी

**पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद में शामिल किये जाने वाले सदस्यों को आज शपथ दिलाने के लिये मंच सजकर तैयार है। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु मोदी को आज शाम 7.15 राष्ट्रपति भवन प्रांगण में शपथ दिलायेंगी। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड दोहराने जा रहे मोदी का इस बार का शपथ ग्रहण समारोह 2024 के उनके पहले दो शपथ-ग्रहण कार्यक्रमों की तरह ही ऐतिहासिक और भव्य होने जा रहे हैं। समारोह में कई पड़ोसी देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ कुल आठ हजार आमंत्रित लोगों के शामिल होने की संभावना है। समारोह के मंच और अतिथियों के लिये बैठने के मंच की साज सज्जा के बारे में राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें श्रमिक वहां कुर्सियां लगाने, लाल-जाजिम बिछाने और परिसर की साज सज्जा को अंतिम रूप देने में लगे थे। प्रधानमंत्री कार्यालय की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफिफ बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने इस समारोह में पधारने के निमंत्रण स्वीकार किये हैं। शेख हसीना शनिवार दोपहर को ही यहां आ गयी थीं। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। विज्ञप्ति के अनुसार ये नेता शपथ समारोह के उपरांत शाम को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मु की ओर से आयोजित रात्रि भोज में भी शामिल होंगे। सरकार का कहना है कि मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिये नेताओं की यात्रा भारत की ओर से अपनी 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को प्रदान की गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस समारोह के लिये आमंत्रण किस सोच विचार के साथ भेजे गये हैं इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उसकी एक बानगी पहली लोको पायलट सुरेखा यादव हैं। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि यादव उन 10 लोको पायलटों में शामिल हैं, जिन्हें नयी दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह के लिये आमंत्रित किया गया है। वह सोलापुर और मुंबई में सीएसएमटी के बीच चलने वाली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली महिला लोको पायलट हैं। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने नौ जून के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये कड़े कदम उठाये हैं। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, कार्यक्रम के लिये बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिये अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां तैनात की जा रही हैं।

### शपथ लेने से पहले युद्ध स्मारक, राजघाट और सदैव अटल जायेंगे मोदी



नरेंद्र मोदी रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल तथा महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। सूत्रों के अनुसार मोदी सुबह साढ़े सात बजे इंडिया गेट स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाएंगे और शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस मौके पर तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री वाजपेई की समाधि सदैव अटल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। वह राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्हें रविवार शाम को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाएंगी। मोदी के साथ उनके मंत्री परिषद के कुछ सदस्य भी शपथ लेंगे।

# सोनिया गांधी दोबारा चुनी गईं कांग्रेस संसदीय दल की नेता



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल का नेता चुना गया है। कांग्रेस संसदीय दल की शनिवार शाम को संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित नव निर्वाचित सांसदों तथा राज्यसभा सदस्यों की बैठक में गांधी को दोबारा निर्विरोध संसदीय दल का नेता चुना गया है। सोनिया गांधी लोकसभा में कांग्रेस के नेताओं को नामित करेंगी। पार्टी ने संसदीय दल के नेता का चुनाव करने के लिए शनिवार को संसदीय दल की बैठक बुलाई थी। गांधी ने संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का इस चुनाव में पुनरुद्धार हुआ है लेकिन उसके सामने चुनौतियां भी उतनी ही बढ़ गई हैं। उनका कहना था कि पार्टी ने लोकतंत्र की रक्षा की है और उसके लिए लड़ते रही है इसलिए अब उसकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' से पार्टी का नैतिक बल बड़ा है और देश की जनता से सीधा संपर्क हुआ है जिसका बड़ा लाभ उसे इस आम चुनाव में मिला है। उनका कहना था कि पार्टी को खत्म करने का पूरा प्रयास हुआ। यहां तक कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से भी कमजोर करने का काम हुआ लेकिन कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निडर होकर इसका मुकाबला किया तथा खुशी का परिणाम है कि पार्टी आज फिर मजबूती के साथ खड़ी हुई है। सोनिया गांधी ने पार्टी के तमाम नेताओं को जनता की आवाज बुलंद करने का आव्हान किया। वहीं कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी नेता राहुल गांधी को सर्वसम्मति से लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया और कहा कि राहुल गांधी ही लोकसभा में पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा सकते हैं। केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को कार्य समिति की बैठक के बाद यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कार्य समिति ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनने का प्रस्ताव पारित किया है।

# राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष के ठिकाने पर ईडी का छापा

## कस्टम मिलिंग घोटाले पर राडार में कई उद्योगपति

**पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव**
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ नगर में ईडी ने राईस मिलर मनोज अग्रवाल के घर छापेमारी की है। 8 जून की सुबह 5 बजे टीम ने अग्रवाल के निवास पर कार्रवाई शुरु की। मनोज अग्रवाल जिला राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष होने के साथ मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के चेयरमेन भी हैं। माना जा रहा है कि अग्रवाल के घर पर छापेमारी छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग घोटाला से जुड़ी हुई है। ईडी ने प्रदेश के अलग अलग हिस्सों में इस मामले से जुड़े राईस मिलर्स के ठिकानों पर पहले भी छापामार कार्रवाई की है। खबर है कि, अग्रवाल के रायपुर में खम्हारडीह स्थिति आवास पर भी छापा मारा गया है। ईडी के छापे की खबर सुबह आग की तरह फैली। बीते सालों में प्रदेश भर में ईडी के छापे पड़े लेकिन राजनांदगांव जिले में ऐसी कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई थी। शनिवार की सुबह सफेद रंग की गाड़ियों में ईडी का काफिला सीधे अग्रवाल के घर पहुंचा। इसके बाद से घर के अंदर कोई नहीं गया और न ही कोई बाहर आया। कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन राशि में घोटाले के आरोप पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हैं। आरोप हैं कि कांग्रेस सरकार ने मिलरों से मिलिंग के लिए मिलने वाली रकम में अपना कट लिया था। प्रति क्विंटल दिए जाने वाले 120 रुपए में 40 रुपए अवैध रुप से सरकार में शामिल लोगों तक पहुंचाए जा रहे थे। ये बात भी सामने आई है कि, ईडी की नज़र उन लोगों पर भी है जो मिलिंग की राशि का कट राजधानी या संबंधित लोगों तक पहुंचाते थे।

### दिल्ली में 14 लड़कियों सहित 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस, जिला अधिकारियों और स्वैच्छिक संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के समन्वय से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से चलाए गए एक अभियान के तहत दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से 14 लड़कियों सहित लगभग 21 बच्चों को छुड़वाया गया। राष्ट्रीय राजधानी में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, बीबीए की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने दिल्ली के उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। बीबीए ने एक बयान में कहा, आठ से 17 वर्ष की आयु के बच्चों को शिक्षा दिलाने और बेहतर जीवन का झांसा देकर देश के विभिन्न हिस्सों से तस्करी कर लाया गया था। ऑपरेशन में छापामार टीमों ने इन बच्चों को बेहद दयनीय हालत में पाया था। छापों के दौरान 10.5 लाख रुपये की नकदी और सोने के आभूषणों की बरामदगी के साथ ही ऐसे हजारों और बच्चों के बारे में दस्तावेजी जानकारी मिली। तस्करों के चंगुल से छुडवाये इन 21 बच्चों में से पांच को राजौरी गार्डेन, तीन को निहाल विहार और 13 बच्चों को शकरपुर से मुक्त कराया गया। छापामार टीम को खास तौर से शकरपुर में छापे के दौरान काफी विरोध का सामना करना पड़ा। वहां मुख्य गेट को बंद कर दिया गया था और चार घंटे बाद दिल्ली के उपराज्यपाल से विशेष अनुमति मिलने के बाद इसे खोला जा सका। छापामार टीम अंदर दाखिल हुई तो पाया कि बच्चे बेहद डरे सहमे हुए थे। बच्चे काफी दिनों से भूखे और नींद न आने की परेशानी से जूझ रहे थे।

# उत्तर प्रदेश में श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 3 लोगों की मौत, 40 घायल


**पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शन कर बस से वापस लौट रहे थे, रास्ते पर फिरोजाबाद में हादसे का शिकार हो गए। शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर श्रद्धालुओं से भरी बस पलट गई। हादसे में मासूम बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 40 लोग घायल हो गए हैं। ये हादसा उत्तर प्रदेश के जिला फिरोजाबाद, नसीरपुर थाना क्षेत्र के माइलस्टोन 51 पर हुई। 28 मई को श्रद्धालुओं से भरी बस छत्तीसगढ़ से जम्मू स्थित मां वैष्णों देवी के दर्शन के लिए गई थी। बस में सभी 65 लोग छत्तीसगढ़ के रहने वाले सवार थे। श्रद्धालु मां वैष्णों देवी के दर्शन करके वृंदावन पहुंचे थे। यहां से बीती रात करीब 1 बजे प्रयागराज होते हुए छत्तीसगढ़ जाने के लिए निकले। इस बीच शनिवार सुबह करीब 3.30 बजे बस ड्राइवर को झपकी आ गयी। जिससे बस अनियंत्रित हो गयी और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे नीच गिर गयी। घटना की सूचना मिलते ही एक्सप्रेस वे पर मौजूद कर्मचारी व नसीरपुर इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को संयुक्त चिकित्सालय व फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। घायलों में 7 साल और 14 साल की दो बालिकाएं भी शामिल हैं, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसमें कई व्यक्तियों की हालत गंभीर है। उन्हें सैफई के लिए रेफर कर दिया गया है, बाकी घायलों का अभी इलाज किया जा रहा है।

### हादसे पर सीएम साय ने जताया दुःख, डॉक्टरों से बात कर उचित देखभाल के दिए निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव ने धार्मिक यात्रा पर गए श्रद्धालुओं से भरी बस के पलटने की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया। वहीं स्थानीय जिला प्रशासन से बात कर डॉक्टरों को उचित देखभाल के निर्देश दिए गए हैं। उच्चाधिकारियों को भी इस बाबत आवश्यक निर्देश दिए गए है। साय ने कहा ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।' बेहतर उपचार के लिए समन्वय हेतु विधायक प्रबोध मिंज के नेतृत्व में एक टीम गठित कर लखनऊ भेजा गया है।



## तीन बर्दीधारी महिला नक्सली एवं तीन पुरुष नक्सली शामिल

# मुठभेड में छह माओवादी मारे गए

**पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर**
www.dailypioneer.com



नारायणपुर, दंतेवाडा, बस्तर और कोंडागांव सरहद में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए। इन दिनों एंटी नक्सल ऑपरेशन सघन रूप से चलाया जा रहा है। इसके तहत पांच जिले के सरहद में पुलिस की संयुक्त कारवाई करते हुए छह माओवादी को मार गिराया गया इनमें से तीन बर्दीधारी महिला नक्सली एवं तीन पुरुष नक्सली शामिल है। जिनमें चार आठ लाख के ईनामी नक्सली शामिल है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुदंरराज पी ने शनिवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद तलाशी की गई इस दौरान एक नग 303 एवं 315 रायफल सहित 12 बोर बंदूक एवं बीजीएल लांचर भी बरामद की गई हैं । उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में तीन जिला रिजर्व के पुलिस जवान घायल हुए जिनमें पुलिस उप-निरिक्षक कचरू राम कोर्राम, आरक्षक मंगलू राम कुमेटी तथा भारतसिंह को आज बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया हैं । उन्होंने बताया कि मारे माओंवादी मासिया उर्फमेसिया मंडावी उम्र 32 वर्ष टीम कमांडर प्लाटून नं. 02 सेक्शन, 08 लाख का ईनामी, जयराम सलाम 05 लाख का ईनामी, रमेश कोर्राम डीप्टी कमांडर 08 लाख का ईनामी, सन्नी उर्फसुंदरी 08 लाख के ईनामी, सजन्ती पोयाम 08 लाख का ईनामी तथा जननी उर्फजन्नी 01 लाख का ईनामी शामिल है। सुन्दरराज ने बताया गया कि बस्तर संभाग में वर्ष-2024 में अभी तक कुल 71 मुठभेड़ हुये तथा 123 माओवादियों के शव एवं 136 हथियार बरामद किए गए। इसी प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल-399 माओवादियों द्वारा शासन के समक्ष समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के लिये आत्मसमर्पण किया गया है।

# नीट-यूजी-2024 में हुईं गड़बड़ियों की हो सीबीआई जांच : अभाविप

**वार्ता ‹ सूरत**
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) ने राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2024) के आयोजन के दौरान हुयीं गड़बड़ियों तथा परीक्षा परिणाम घोषित को लेकर उठ रहे सवालों के समाधान के लिए इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से करवाने की मांग की है। परिषद् ने शनिवार को कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में गड़बड़ियां सामने आईं थी और अलग-अलग स्थानों पर सॉल्वर पकड़े गए थे। साथ ही कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने के मामले भी सामने आये थे। विद्यार्थी परिषद नीट परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों की उचित मांगों के साथ है। परिषद् ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता संदेह के घेरे में है। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नीट-यूजी की परीक्षा परिणाम के संदर्भ में अभ्यर्थियों के बीच गड़बड़ी का संदेह है। इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। नीट के परीक्षा परिणाम में एक ही केंद्र से कई टॉपर्स होने से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर कई तरह से संदेह उत्पन्न हो रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी-नेट आदि परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुईं हैं, उसके लिए इस पूरे विषय से सम्बद्ध नौकरशाही जिम्मेदार है। अभाविप के आयाम मेडिविजन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ अभिनंदन बोकरिया ने कहा कि नीट परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों ने आत्महत्याएं की हैं, जो अत्यंत दुखद है।

### जनता का भरोसा बरकरार रखने के लिए करने होंगे सभी प्रयास : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा देश की जनता के एक बड़े तबके ने आम चुनाव में कांग्रेस पर भरोसा किया है ,इसलिए जनमत को विनम्रता से स्वीकार करते हुए हमें अनुशासित और एकजुट होकर लोगों के भरोसे पर खरा उतरना है। खड़गे ने आम चुनाव के बाद पहली बार हुई पार्टी की शीर्ष नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा देश की जनता ने विपक्षी दलों की एकता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत को जो सम्मान दिया है, उसे बनाए रखने के लिए पार्टी को हर स्तर पर काम करना होगा। उन्होंने कहा हमारा काम निरंतर जारी रहेगा, चाहे हम सत्ता में हो या नहीं। हमें 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा, जनता के मुद्दों को उठाना होगा।



# वोटों के लिए महिलाओं को चूना लगा राजनीतिक नटवरलाल बने राहुल गांधी : राजीव रंजन

**वार्ता ‹ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक दल जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी पर महिलाओं के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए आज कहा है कि लोकसभा चुनाव को राहुल के झूठ और कांग्रेसियों की धोखेबाजी के लिए याद रखा जाएगा। रंजन ने जारी एक बयान में कहा कि जिस तरह से कांग्रेस और राहुल ने भोली-भाली महिलाओं को 8500 रुपये प्रति महिना देने का लालच देकर उनके वोट ठगे हैं, यह दिखाता है कि वह अब पूर्ण रूप से राजनीतिक नटवरलाल बन चुके हैं। उन्हें अब न तो सीना ठोक कर झूठे वादे करने में हिचकिचाहट होती है और न ही जनता को धोखा देने में। अपने फायदे के लिए यह लोग कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ठगी में फंसी महिलाएं रोजाना कांग्रेस दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। महिलाओं का कहना है कि उन्हें चुनाव के समय कांग्रेस की ओर से गारंटी कार्ड दी गई थी और 5 जून से खाते में 8500 रुपये प्रति महीने आने का वादा किया गया था। इसी वजह से पैसे न आने पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बेंगलुरु में कई जगहों पर महिलाओं का जमावड़ा कांग्रेस दफ्तरों पर लगा जहां उन्हें इस धोखे के बारे में पता चला। कांग्रेस द्वारा झूठ बोलकर महिलाओं का वोट लूटने का यह कारनामा यह दर्शाता है कि उनके मन में जनता के लिए कोई मान-सम्मान नहीं बचा है। सवाल पूछते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि आखिर वादा करके महिलाओं को पैसा क्यों नहीं दे रहे।

# पायनियर हलचल...

## अभिजीत की छुट्टी?



आचार संहिता समाप्त होते ही राज्य सरकार ने सबसे पहले कांकेर कलेक्टर अभिजीत सिंह की छुट्टी कर दी। कहा यह जा रहा है कि कांकेर लोकसभा का चुनाव फंसा हुआ था, इस लोकसभा सीट में कांग्रेस के बीरेश ठाकुर और भाजपा के भोजराज नाग के बीच कांटे की टक्टर थी, बहुत ही कठिनाई में भाजपा को कांकेर में विजयश्री मिली। दरअसल में इस सीट की कमान स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सम्भाले हुए थे। काउंटिंग के दौरान दोनों प्रतिद्वंदियों के बीच मुकाबला रोचक व नजदीकी रहा। राज्य के तमाम बड़े नेता कांकेर लोकसभा की ओर टकटकी लगाए हुए थे। इस बीच बैलेट पेपर की गिनती में देरी को लेकर भी नाराजगी की बात सामने आई है। बहरहाल किसी तरह से भाजपा के भोजराज नाग कांकेर लोकसभा सीट 1974 वोटों से जीतने में सफल रहे। लेकिन कांकेर कलेक्टर अभिजीत सिंह चुनावी गुस्से के शिकार हो गए। आचार संहिता खत्म होने के आदेश के साथ ही राज्य सरकार ने अभिजीत की विदाई कर दी।

## विक्रम उसेण्डी बनेंगे मंत्री ?



विक्रम उसेण्डी कांकेर लोकसभा में आज भी सबसे मजबूत और सरल नेता माने जाते हैं। भोजराज नाग की पृष्ठभूमि अंतागढ़ है, वहीं विक्रम उसेण्डी भी इसी क्षेत्र से आते हैं। दरअसल में कांकेर लोकसभा सीट में भाजपा का जनाधार खिसकते हुए दिख रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा यहां सबसे कम मतों 6840 से जीतने में सफल हुई थी। पूरा तंत्र झोकने के बाद भी इस लोकसभा चुनाव में कांकेर भाजपा के हाथ से जाते-जाते बचा है। कहते हैं कि इस क्षेत्र में भाजपा की खोई जमीन फिर मजबूत करने के लिए विक्रम उसेण्डी को विष्णु सरकार में मंत्री बनाने पर विचार किया जा रहा है। विक्रम उसेण्डी डॉ. रमन सिह के दूसरे कार्यकाल में वन मंत्री रह चुके हैं। कहा यह भी जा रहा है कि यदि विक्रम को मंत्री बनाया गया तो उन्हें वन या फिर ट्राइबल विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

## सरकारी जमीनों की लूट

राज्य में भूपेश सरकार के आने बाद से सरकारी जमीनों की खुली लूट शुरु हो गई जो आज भी चल रही है। भले ही गर्मी के दिनों पानी के लिए त्राहि-त्राहि मचा हुआ है। लेकिन इन दिनों तालाबो, नहरों और नालों को भी भू-माफिया नहीं छोड़ रहे। शहर से लगे आधा से अधिक तालाब, नालों की जमीने कब्जा हो चुकी हैं। जहां नहर थी उसे समतल कर दिया गया है। लेकिन इसकी सुध कोई नहीं ले रहा, जहां नाला था वहां बेखौफ बिल्डिंगों का निर्माण किया जा रहा। दरअसल में पुरानी सरकार में सरकारी जमीन लूटने की आदत अभी तक नहीं छूटी, यही हाल रहा तो शहर के आस-पास आने वाले दिनों में कोई तालाब दिखाई नहीं देगा। चारों ओर हो रहे बेतहासा कब्जा से नाले, तालाब गायब हो रहे। बरसात के समय रायपुर का हश्र अन्य महानगरों की तरह होने जा रहा है। चारों ओर नालों में कब्जा हो चुका है जिससे बरसाती पानी शहर से बाहर नहीं निकल सकेगा। अभी भी समय है नालों, तालाबों और नहरों की जमीनों का चिन्हांकित कर इसे बचाया जा सकता है।

## महंत लीडर



छत्तीसगढ़ की 11 और मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर सिर्फ एक सीट कोरबा को कांग्रेस जीतने में सफल रही, बाकी 39 सीटों में कांग्रेस धराशयी हो गई। भूपेश है तो भरोसा है का नारा बुलंद करने वाले कका भी अपनी सीट नहीं बचा पाये। मध्यप्रदेश में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह जैसे कद्दावर नेता धराशयी हो गए। लेकिन महंत ने यह साबित कर दिया कि वह जनाधार वाले नेता हैं। न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर के सिद्धान्तों पर राजनीति करने वाले महंत को जनता हमेशा तवज्जो देती रही है। वह विषम परिस्थितियों में भी चुनाव जीतते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने अपनी धर्मपत्नी को चुनाव जिताकर यह साबित कर दिया कि महंत वास्तव में लीडर हैं। हालांकि महंत के सामने चुनौतियां कम नहीं थीं, अमित शाह से लेकर पूरे भाजपा का कोरबा में विशेष फोकस था फिर भी ज्योत्सना महंत चुनाव जीत गईं। महंत एक जीवट राजनेता हैं, लोकसभा चुनाव के दौरान जहां छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ज्यादातर प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशियों के सामने हथियार डालते दिखे, वहीं दूसरी ओर महंत ने इस चुनाव में सभी संसाधनों को झोंक दिया। कोरबा में महंत का मैनेजमेन्ट भाजपा से 19 नहीं था, वह ताकत से लड़े और जीते। जीतकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि महंत वास्तव में लीडर हैं।

## अफसरशाही को था पूर्वाभास

कुछ लोगों की बात छोड़ दें तो महानदी से लेकर इंद्रावती भवन में बैठे ज्यादातर अफसरों को चुनावी मूड का पहले से ही पता लग जाता है। यूपी के संदर्भ में ऐसे ही परिणाम का पूर्वाभास राज्य की अफसरशाही को था। राजनीति में रुचि रखने वाले अफसर दबी जुबान में यह कहते नजर आते थे कि इस बार उत्तर प्रदेश में माहौल वैसा नहीं है। और यदि कोई यूपी के संदर्भ में बात छेड़ दे तो वह पूरा समीकरण बता देते थे। खैर मोदी का इंटिलीजेंस यूपी में फेल रहा, लेकिन छत्तीसगढ़ के अफसरों का आंकलन एकदम सटीक दिख रहा है। वैसे भी यहां के अफसरों की राजनीति में खासी रुचि है। 2018 में जब पूरा मीडिया रमन सरकार को विधानसभा चुनाव जीतने का दावा कर रहा था, तब राज्य की अफसरशाही को आभास हो चुका था कि इस बार शायद ही भाजपा यहां बहुमत जुटा सके। राज्य की भूपेश सरकार के लिए भी आंकलन कुछ इसी प्रकार था। जबकि सभी एक्जिट पोल और मीडिया रिपोर्ट में भूपेश सरकार की वापसी बताई जा रही थी। कुल मिलाकार अफसरशाही को नजीतों का पूर्वाभास तेजी से होता है। यह बात अलग है कि वह बड़े-बड़े एग्जिट पोल और दावों के बीच खामोश दिखते हैं।

## कुट्टी पार्ट -2

गर्मी की छुट्टियों के बीच कुट्टी पार्ट -2 की चर्चा छिड़ी हुई है। छुट्टी में कुट्टी ने खूब मनमर्जी की। कहते हैं कि एक समय काम तो दूर कुट्टी के मर्जी के बगैर अफसरों की छुट्टी तक नहीं होती थी। कुट्टी ने छत्तीसगढ़ की मिट्टी में खूब मनमर्जी की। खैर अब तो कुट्टी की छुट्टी हो चुकी है। लेकिन इस बीच कुट्टी पार्ट-2 की धूम चारों ओर सुनाई देने लगी है। हालांकि पार्ट -2 वाले कुट्टी का स्वाभाव छुट्टी वाले कुट्टी की तरह नहीं है। देखने में यह बिलकुल सहज और सरल हैं, लेकिन काम का तरीका कुट्टी से भी तगड़ा है। खैर कुट्टी पार्ट-1 ने तो सरदार की लुटिया डुबो दी, अब पार्ट -2 में क्या होता है, यह तो आने वाले दिनों में ही पता चल सकेगा।

## निशाने में श्याम बिहारी



कोरबा प्रत्याशी सरोज पांडे को मनेन्द्रगढ़ इलाके में बढ़त न मिलने के कारण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को राजनीतिक रुप से निशाने में लिया जा रहा है। जबकि कोरबा सीट ही नहीं महासमुंद, बिलासपुर और राजनांदगांव जैसी सीटों पर भी बाहरी प्रत्याशियों को जनता ने नकार दिया। इन सीटों पर कहीं न कहीं बाहरी प्रत्याशी होना एक बड़ा मुद्दा रहा। यदि ऐसा मूल्यांकन किया जाए लोरमी से उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी तोखन साहू को कोई खास लीड नहीं दिला पाए, यहां से भाजपा को तरीबन 400 मतों की ही बढ़त मिली। कवर्धा से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी राजनांदगांव प्रत्याशी संतोष पांडे को कोई खास बढ़त नहीं दिला सके। कुल मिलाकार चुनावी परिणाम के बीच मंत्री श्याम बिहारी जासयवाल को राजनीतिक रुप निशाने पर लिया जा रहा है। जबकि दुर्ग से बाहर निकले सभी नेताओं को जनता ने इस चुनाव में खारिज कर दिया। फिर चाहे वह भूपेश बघेल हों, देवेन्द्र यादव हों, ताम्रध्वज साहू हों या फिर भाजपा की सरोज पांडे ही क्यों न हों। जनता ने बाहरी प्रत्याशी को सिरे से खारिज करते हुए लोकल उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छात्रों से संवाद कर सफलता के लिए किया प्रोत्साहित

## मुख्यमंत्री ने बताया यूथ हॉस्टल की सीटें बढ़ाकर 200 की, प्रदेश के युवाओं को होगा फायदा

पायनियर संवाददाता ॱ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली के द्वारका स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्टल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं छात्रों से संवाद कर उन्हें सफलता के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने हॉस्टल की सुविधाओं का जायजा लिया और देखा कि छात्रों को किस प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्रों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी प्रकार की कमी को तुरंत दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने हॉस्टल की सफाई, सुरक्षा और खानपान की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। छात्रों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री साय ने बताया कि यूपीएससी अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए यूथ हॉस्टल में 50 बच्चों के सीटों को बढ़ाकर अब 200 बच्चों को तैयारी कराने का प्रावधान बजट में किया गया है। उनके लिए हॉस्टल व पीजी की व्यवस्था की जाएगी। यह कदम छात्रों की शिक्षा और करियर को बेहतर बनाने की दिशा में कारगर सिद्ध होगा। वहीं छत्तीसगढ़ के ज्यादा से ज्यादा बच्चे सिविल सेवा में सलेक्ट हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार हमेशा छात्रों के विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे ही प्रयासों से हम अपने राज्य के युवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। छात्रों को प्रेरित करते हुए साय ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ का भविष्य हैं, अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। छात्रों से उनकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुये उनका मार्गदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने छात्रों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने हॉस्टल के अधिकारियों से बातचीत में छात्रों की हर जरूरत का ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को छात्रों के शैक्षिक और मानसिक विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का आयोजन करने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के इस दौरे ने छात्रों में नया उत्साह और आत्मविश्वास भर दिया है। छात्रों ने मुख्यमंत्री से खुलकर अपनी बातें साझा की एवं उन्हें धन्यवाद दिया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ निवास का लिया जायजा



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में बने छत्तीसगढ़ के नए अतिथि गृह छत्तीसगढ़ निवास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम एवं लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज भी साथ रहे। देश की राजधानी दिल्ली के द्वारका में छत्तीसगढ़ के अतिथियों के ठहरने के लिए 60 करोड़ 42 लाख की लागत से छत्तीसगढ़ निवास का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री अतिथि गृह पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुविधाओं का गहन निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छत्तीसगढ़ निवास में ठहरने वाले अतिथियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी जरूरतों का ध्यान रखा जाए। बता दें द्वारका के सेक्टर 13 में छत्तीसगढ़ के अतिथियों के लिए नए अतिथि गृह छत्तीसगढ़ निवास का निर्माण किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने आदिवासी जननायक बिरसा मुण्डा की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदिवासियों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान क्रांतिकारी जननायक बिरसा मुण्डा को उनकी पुण्यतिथि 9 जून के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने मुण्डा को नमन करते हुए कहा कि मुण्डा आदिवासी चेतना के प्रणेताओं में से एक थे। उन्होंने आदिवासियों को एकत्र कर जल, जंगल और जमीन पर अधिकारों के लिए आंदोलन चलाया। उनके शौर्य और बलिदान की गाथा आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरित करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिरसा मुण्डा ने हमें सिखाया कि सामूहिक इच्छाशक्ति, हथियारों की शक्ति पर भी भारी पड़ती है। उनका अदम्य साहस हम सबके लिए प्रेरणादायी है। साय ने कहा कि आदिवासियों को उनका अधिकार दिलाना और स्वाभिमान की रक्षा बिरसा मुंडा जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## प्रधानमंत्री के शपथग्रहण समारोह में शामिल होंगे जिले से भाजपा के कई नेता

पायनियर संवाददाता ॱ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार एनडीए के नेता चुने जाने के बाद वे 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। देश में मोदी नेहरू के बाद दूसरे ऐसे व्यक्ति होंगे जो लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस समारोह के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायकों सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों को भी न्योता भेजा गया है बिलासपुर जिले से डिप्टी सीएम अरुण साव, बिल्हा विधायक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पूर्व विधायक रजनीश कुमार सिंह, सहित जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने दिल्ली के लिए रवाना हो गये। इस आशय की जानकारी देते हुए कुमावत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी और उनके घटक दलों ने इतिहास रचते हुए लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर 2024 के चुनाव में एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया है अठारहवीं लोकसभा गठन की इस प्रक्रिया में देश विदेश से आए विभिन्न मेहमानों के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ सहित बिलासपुर जिले के विधायक और भाजपा पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया है यह हमारे लिए बड़े ही हर्ष की बात है कि हम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे और उन्हें फिर से देश का नेतृत्व करते हुए देखेंगे।

## आरक्षण को लेकर भाजपा की नीयत में खोट उजागर : बैज

पायनियर संवाददाता ॱ रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार वंचित वर्ग को उनका आरक्षण नहीं देना चाहती है। इसीलिये आरक्षण संशोधन विधेयक पर राज्यपाल के हस्ताक्षर करवाने के बजाय सरकार ने नई कमेटी बना दिया है। यही नहीं सरकार ने कमेटी का कार्यकाल भी दो वर्ष का रखा है अर्थात कमेटी गठन कर आरक्षण को भाजपा सरकार ने दो वर्ष तक टाल दिया है। सरकार को कमेटी बनाने की जरूरत क्या है। सभी वर्गो के लिये आरक्षण संशोधन विधेयक राज्य की विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित करवा कर राज्यपाल के पास भेजा है। विधानसभा में जब विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ था तब उस समय भाजपा के विधायकों ने भी समर्थन दिया था। आरक्षण संशोधन विधेयक में एसटी को 32 प्रतिशत, एससी को 13 प्रतिशत, ओबीसी के लिये 27 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के गरीबों के लिये 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। भाजपा बताये कि वह आरक्षण संशोधन विधेयक के किस प्रावधान से असहमत है जो कमेटी का गठन किया गया है।

## लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ऊहापोह, आपसी अंतर्कलह और बिखराव की शिकार रही : केदारनाथ गुप्ता



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने लोकसभा चुनाव के नतीजों के परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस में एक बार फिर मचे गुटीय घमासान को लेकर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा है कि बजाय शर्मनाक पराजय के कारणों की समीक्षा करने के कांग्रेस के लोग आपसी जूतमपैजार में लग गए हैं और अपनी चमड़ी बचाने के लिए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा इस बुरी तरह चरमरा गया है कि वहाँ अब कोई किसी सुनने को तैयार ही नहीं है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने कहा कि आत्म-चिंतन के नाम पर कांग्रेस के लोग अब एक-दूसरे पर आरोप लगाने का ही काम कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में करारी सिकस्त के बाद भी यही नजारा कांग्रेस में नजर आता रहा और हालत यह थी कि पराजय से सबक लेकर संगठनात्मक ढाँचे और अपने सिकुड़ते जनाधार को दुरुस्त करने पर कांग्रेस का कोई ध्यान नहीं रहा और पूरे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ऊहापोह, आपसी अंतर्कलह और बिखराव की शिकार रही और नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस ने अपनी एक सीट लोकसभा चुनाव में गवां दी। गुप्ता ने कहा कि पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के ताजा बयान का हवाला दिया जिसमें धनेंद्र साहू ने कहा है कि पहले तय हुआ था कि बड़े लोग चुनाव लड़ेंगे, पर बाहर जाकर लड़ेंगे, यह तय नहीं हुआ था। सबने अपनी-अपनी पसंद की सीटे छांट ली और बड़े लोग ही चले गए। कार्यकर्ताओं की अनदेखी हुई। भूपेश बघेल चुनाव लड़े वहां कार्यकर्ताओं ने मंच से कहा कि वह बाहरी हैं। गुप्ता ने कहा कि आज नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत कह रहे हैं कि उनका (महंत का) किसी ने साथ नहीं दिया। उनका तो ईश्वर हमेशा साथी रहा है।

## नक्सल उन्मूलन में भाजपा को मिल रही बड़ी सफलता, कांग्रेस निराश: संजय श्रीवास्तव




**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। श्रीवास्तव ने एक दिन पूर्व ही नारायणपुर, दंतेवाड़ा और कोण्डागांव के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार प्रदेश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करके ही दम साधेगी और बस्तर समेत समूचे छत्तीसगढ़ को शांति और विकास की मुख्य धारा से जोड़कर एक नया इतिहास रचेगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सलवाद की कमर लगातार तोड़ रही है। नक्सलवाद के खिलाफ प्रदेश में अब निर्णायक लड़ाई चल रही है और कांग्रेस में इससे काफी घबराहट, निराशा और हताशा व्याप्त है। श्रीवास्तव ने कहा कि अबूझमाड़ के मुंगेड़ी, गोबल क्षेत्र में शुक्रवार को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए 7 वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है। 7-8 नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। मारे गए नक्सलियों के शव व हथियार भी पुलिस को मिल चुके हैं।

09 June 2024 Pride Of Raipur

अपने व्यवसाय को बढ़ाने शहर के मध्य एमजी रोड, रायपुर जे.बी. मॉल में कॉरपोरेट ऑफिस, कोचिंग, सर्विस सेंटर, कोरियर इत्यादि हेतु ग्राउंड फ्लोर पर 1716 Sqt. फर्नीशड हॉल किराये/बेचने हेतु उपलब्ध

ग्राउंड फ्लोर में ऑफिस, दुकान किराये/बेचने हेतु उपलब्ध
अमित जाधव - मो. 9907402581, 8319461409

SAH Yatri
छत्तीसगढ़ में पहली बार 0/- रूपयें में ई-रिक्शा घर ले जाये

ये स्कीम सीमित समय के लिये कहीं मौका हाथ से निकल ना जाये...
आज ही बुक करायें, पहले आए पहले पाएं
आसान फायनेंस सुविधा, एक दिन में गाड़ी लेकर जाये
एक बार चार्ज होने पर 80-110 किमी. चलती जाए...
करन मोटर्स
• स्टेशन रोड, गुरुद्वारा के पास तेलघानी नाका, रायपुर
• हिल्टर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
www.makazadpharmacy.com

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com

Special Discount For BPL Card Holder
Special Discount on ADMISSION FEES
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes
• Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal Attention on each students
• Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90% • Robotics and Science laboratory • Sports and Curriculum Activities
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
0771-4000123, 9425214413, 9329621221

KSR SYMBOL OF TRUST
KisaN The Mark of Excellence
Parryware always in fashion

Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

Home Constrution

HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000
86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step

JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

• नया बोरवेल्स 4" 5" 6" 8"
• नया पंप हमेशा उपलब्ध
• घरेलू पंप रिपेयरिंग का काम किया जाता है।
• सफाई भी किया जाता है।

पटेल बोरवेल्स
4 1/2" 6 1/2" Contractors
रिंग रोड नं.1, संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड, रायपुर (छ.ग.)
• 9977270388 • 9200003357 • 7999898750

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# रेत का अवैध खनन बेखौफ जारी बरसात पूर्व कर रहें हैं भंडारण

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



खनिज विभाग के संरक्षण में रेत माफिया धड़ल्ले से अवैध खनन में जुटे हुए हैं। दंतेवाड़ा के जारम एक में युद्धस्तर पर रेत परिवहन और भंडारण जारी है। पंचायत के कंधे पर बंदूक रखकर तस्कर मालामाल हो रहे हैं। खदानों में जिस तरह से जेसीबी मशीने लगी है करोड़ों का खेला किया जा रहा है। सरकार किसी की भी रहे इनपर कोई असर नहीं पड़ता। यूं तो दंतेवाड़ा जिले के चारों ब्लाकों में ह्यबरसात पूर्व रेत का भंडारण किया जा रहा है। उल्लेखनीय यह है कि एक पीटपास बनाकर सैकड़ों गाड़ियों को पास कर दिया जाता है। खनिज विभाग के कर्मी भी इस हमाम में शामिल होते है। करोडो की रायल्टी चोरी के साथ बरसात के दिनों में तिगुनी कीमत पर रेत को बेचते हैं। खनिज विभाग से प्रश्न पूछने पर जानकारी नहीं होने की बात कहते जांच करने का तुर्रा फेंक दिया जाता है। दशकों से खनिज विभाग और रेत माफियाओं के गठबंधन को जिला झेल रहा है। दबंगों के इस खेल में कोई हाथ डालने की हिमाकत नहीं करता इसी बात का जमकर फायदा ये तस्कर उठाते हैं।दंतेवाड़ा कटेकल्याण मार्ग पर अनेक खदाने हैं जहां बगैर पीटपास के रेत परिवहन किया जा रहा है।जारम रेत खदान में सैकड़ों ट्रैक्टर और हाईवा इस काम में दिन रात लगी हैं। खानापूर्ति के लिए कुछ छोटी मछलीयों पर कार्यवाही भी होती है लेकिन बड़ी मछलीयां अपना काम करते रायल्टी पर डाका डालते रहते हैं। देखना होगा कि इन रेत माफियाओं पर नई सरकार और जिला प्रशासन कितना साहस से कार्यवाही कर पाता है या फिर बहती गंगा में हाथ धोने में लग जाता है।

## नाईक को अपेक्स इंडिया विजिनरी लीडर अवार्ड एवं परियोजना को एचआर,सीएसआर और ग्रीन लीफ




पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली के शांगरी-ला-इरोज होटल में आयोजित 8वां अपेक्स इंडिया फाउंडेशन का एचआर अवार्ड-2023 समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के सांसद मनोज तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि भारत सरकार,श्रम व रोजगार मंत्रालय के डा. अवनीश सिंह महानिदेशक डीजीएफएएसएलआई (सेवानिवृत्त) विशेष रूप से उपस्थित थे। अपेक्स इंडिया फाउंडेशन,नई दिल्ली द्वारा एनएमडीसी की परियोजना बीआईओएम, किरंदुल कॉम्प्लेक्स के मुख्य महाप्रबंधक पद्मनाभ नाईक को अपेक्स इंडिया विजिनरी लीडर अवार्ड से उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसी तरह किरंदुल परियोजना को एचआर एक्सीलेन्स प्लेटिनम, सीएसआर एक्सीलेन्स प्लेटिनम एवं ग्रीन लीफ एक्सीलेन्स प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया।यह अवार्ड मेटर और माइनिंग सेक्टर में एचआर (मानव संसाधन) कार्मिक, सीएसआर (नैगम सामाजिक दायित्व) और पर्यावरण विभाग को उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया है। उपरोक्त सभी अवार्ड दिल्ली से प्राप्त होने पर पद्मनाभ नाईक को बी के माधव उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने अपने करकमलों से सौंपा।इस अवसर पर अवनीश शर्मा,सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण),शैलेन्द्र सोनी सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक), विवेक रक्षा, प्रबंधक (सीएसआर), अमित कुमार फुलझेले, प्रबंधक/एसओटी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।अवार्ड प्राप्त होने पर नाईक ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को हार्दिक बधाई दी।

## बाबा साहेब सेवा संस्था की बैठक आयोजित, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

- कहा समाज के सभी वर्गों को संगठित कर समाज बचाना है तो वृक्ष लगाने होंगे

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय कोंडागांव में अंबेडकर चौक कोर्ट के सामने बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय कोंडागांव में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विषय पर चर्चा की गई। इस बैठक में जिले की सभी तहसीलों में बाबा साहेब सेवा संस्था के ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारी का गठन करने के साथ ही चयनित स्थानों में पौधारोपण की बात प्रस्तावित की गई।

जिलाध्यक्ष मुकेश मार्कण्डेय ने कहा कि, संस्था का मूल उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को संगठित कर राष्ट्र की सेवा करना तथा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक सदभाव और राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास करना है। इसी कड़ी में पर्यावरण को संरक्षित करना भी समाज के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए संस्था के सभी सदस्य जिले के चयनित स्थानों पर पौधा रोपण करने के साथ ही उनकी देखभाल भी करेंगे। इस बैठक के दौरान संस्था के संरक्षक तिलक पांडे, पंचू सागर, अध्यक्ष मुकेश मार्कंर्डेय, सदस्य पुष्कर सिंह मंडावी, रमेश पोयाम, ओमप्रकाश नाग, देवानंद चौरे, वीरेन्द्र नेताम, मंगउ देवांगन, भुवन लाल मार्कंर्डेय, बीरज नाग, संदीप कोर्राम, हितेंद्र श्रीवास, लखेश बेर, सिद्धार्थ महाजन, सत्येंद्र भोयर, नीरज उइके, अनुज कुमार व संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बादल अकादमी के 11 अनियमित पदों पर सेवा देने 18 से 21 जून तक होगी वॉक-इन-इंटरव्यू

**जगदलपुर।** आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी, जिला-बस्तर अन्तर्गत संस्थाएं-बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एण्ड लिटरेचर (बादल) के 11 अनियमित पदों पर वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से सेवा लिया जाना है। जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://bastar.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार 14 जून 2024 तक सुबह 10:30 से शाम 05 बजे तक कार्यालय आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी बादल आसना जगदलपुर, जिला-बस्तर (छत्तीसगढ़) में निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। जिसके तहत भाषा संकाय सहायक अतिथि शिक्षक गोंडी,भतरी एवं धुरवी के लिए 18 जून,अतिथि शिक्षक भरतनाट्यम, संगतकार तबला एवं संगतकार मृदंगम हेतु 19 जून,अतिथि शिक्षक थियेटर एवं चित्रकला हेतु 20 जून और अतिथि शिक्षक योग, आवासीय प्रभारी एवं भृत्य के लिए 21 जून 2024 प्रातः साढ़े 10 बजे से कार्यालय आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी बादल आसना जगदलपुर में वॉक-इन-इंटरव्यू होगी।

## सुप्रजा के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न





पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग, पंचायत, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज सुप्रजा के तहत विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी में आयोजित इस प्रशिक्षण में आयुष विभाग के मास्टर ट्रेनर्स, एनआरएलएम बिहान के बीपीएम, एरिया कोऑर्डिनेटर, एडीईओ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को पर्यवेक्षकों को सुप्रजा के अंतर्गत गर्भ संस्कार, गर्भिणी परिचर्चा, गर्भस्थापक एवं गर्भस्थ शिशुओं के सम्पूर्ण विकास की जानकारी विस्तार से दी गई। साथ ही प्रशिक्षुओं को सुप्रजा के महत्व एवं व्यापक प्रचार प्रसार के लिए गर्भ स्थापक औषधियों का जीवन्त प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षण में कुल 431 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया।

## नगर पंचायत बस्तर का सम्पूर्ण क्षेत्र नजूल घोषित

**जगदलपुर।** राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के तहत कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा जिले अंतर्गत नगर पंचायत बस्तर के सीमाओं के सम्पूर्ण क्षेत्र को नजूल घोषित किया गया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1968 की धारा 2 में दी गई नगरीय क्षेत्र की परिभाषा के अनुसार किसी ग्राम को स्थानीय निकाय घोषित करने अथवा उसकी सीमाओं में सम्मिलित करने से ग्राम की आबादी तथा अन्य महत्वपूर्ण खुली भूमि नजूल हो जाती है। राज्य शासन के द्वारा प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य नगरपालिका अधिनियम 1961 (कमांक 37 सन् 1961) की धारा 29 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों के अधीन नगर पंचायत बस्तर के 15 वार्डों की सीमाओं के अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड चार के प्रावधानों के अन्तर्गत नजूल घोषित किया गया है। नजूल क्षेत्र घोषित होने के कारण राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड चार 1 के प्रावधानों के अनुसार नगर पंचायत बस्तर का नजूल अभिलेख निर्माण एवं आबादी स्थल पर स्थित भूखण्डों के भू-भाटक के निर्धारण एवं पुनरीक्षण की कार्यवाही संपादित की जावेगी।

## जुनावनी के जंगल में मिली महिला की अधजली लाश

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर जिले के बकावंड जनपद में स्थित रिजर्व फारेस्ट के जुनावनी जंगल में एक महिला की अधजली लाश मिली है जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार आज सुबह जुनावनी जंगल की ओर कुछ महिलाएं गई थी तो एक महिला की जली लाश देख कर उनके होश उड़ गए। इस बात की जानकारी महिलाओं ने अपने घरों में दी जिसके बाद उसकी सूचना बकावण्ड़ थाने में की गई जिसके आधार पर महिला की लावारिस लाश को अपने कब्जे में ले लिया है किंतु उसकी शिनाख्त नहीं हो पा रहा है लेकिन महिला के शव को प्रथम दृष्टया देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि मार कर उसके शव को जला दिया गया है जिससे उसकी शिनाख्त न हो।

## जिले के सात खिलाड़ियों का नेशनल टूर्नामेंट में चयन हुआ

**नारायणपुर।** फ़ीट इंडिया चौंपियन ट्रॉफी ताइक्वांडो चौंपियनसिप 7 से 8 जून 2024 को महाराष्ट्र आमगांव गोंदिया में होने जा रहा है, जिसमें अभूझमाड़ के नारायणपुर से सात खिलाड़ियों का नेशनल टूर्नामेंट में चयन हुआ है। इस टूर्नामेंट में जाने के लिए खिलाड़ियों हेतु कलेक्टर बिपिन मांझी एवं सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे द्वारा 32 हजार 200 रूपये दिया गया है। कोच आर. बलरामपुरी द्वारा बताया गया कि तीन साल से नारायणपुर में बच्चों को ताइक्वांडो, कीकबोक्सिंग, मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दिया जा रहा हैं, जिसमे 450 मेडल खिलाड़ियों द्वारा प्राप्त किया गया है। 4 खिलाडी पुरे बस्तर से पहली बार एसजीएफआई में नेशनल खेला गया है, जिसमें खिलाड़ी विशाल भौमिक, अंजलि कॉंगे, दिनु गावड़े, सुमन सलाम, दिव्या कॉंगे, मुस्कान साहू, स्वेता भौमिक शामिल हैं।

## केवीके में खरीफ फसल के बुआई के पूर्व बीज को उपचारित के सम्बंध में कार्यशाला

**सुकमा।** विगत दिवस को ग्राम चिपुरपाल, ब्लॉक छिंदगढ़ में खरीफ फसल की तैयारी व सीड कम फर्टिलाइजर डील से कतार बोनी विषय पर ग्रामीण किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा के विषय वस्तु विषेशज्ञ, श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप ने ग्रामीणों को उन्नत कृषि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके लिये उन्होंने प्रमाणित या आधार श्रेणी के बीजों का चयन के साथ साथ बुआई के पूर्व बीज को फफूंदनाशक दवा से उपचारित करने की सलाह किसान भाइयों को दी। कृषि करने के आधुनिक कृषि उपकरणों से अवगत कराते हुए फसलों की कतारबद्ध बुआई करने की जानकारी दी। विशेषज्ञ ने किसानों को समूह अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन (क्लस्टर फ्रंट लाइन प्रदर्शन), फ्रंट लाइन प्रदर्शन व आँन फार्म ट्रायल के तहत धान, मक्का, अरहर, तिल, सरसों फसल लगाने के लिए किसानो को अवगत कराया। इस अवसर पर कीट विज्ञान के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉं योगेश कुमार सिदार ने भी ग्रामीणों को धान कि फसल लगाने से पूर्व खेत की साफ-सफाई, खेत की जुताई एवं मेड़ों की मरम्मत करने की सलाह दी व धान मे नर्सरी अवस्था मे लगने वाले कीडे और बीमारियों के प्रबंधन के बारे में उत्तम जानकारी दी।

## केंद्रीय विद्यालय किरंदुल में 'रिड्यूस ई-वेस्ट' पर जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



केंद्रीय विद्यालय किरंदुल में 05 जून से 12 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।प्राचार्य बलजिंदर सिंह एवं अध्यापक व ईको क्लब के समन्वयक जगदीश नारायण के नेतृत्व में आज अध्यापिका लीना कुमारी ने 'रिड्यूस ई-वेस्ट÷ विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि आज के समय में इलेक्ट्रॉनिक आइटम जैसे फोन, कंप्यूटर,मशीन,लाइट इत्यादि को इस्तेमाल के बाद यूंही कूड़े में नहीं डालना चाहिए। ई-वेस्ट को कम करना बहुत ही आवश्यक है।यह न केवल हमारे पर्यावरण बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने बताया कि कैसे ई-वेस्ट को रीसायकल किया जाता है और किस तरह से हम अपने घर पर ई-वेस्ट को पुनः उपयोग करके,दान करके या सृजनात्मक रूप से शिल्प बनाकर घर में सजावट कर सकते हैं।उदाहरण के लिए,सीडी से कोलाज बनाना,डेकोरेटिव हैंगिंग,कीबोर्ड की कीज से पेन होल्डर या फोटो फ्रेम बनाना। विद्यार्थियों ने प्रेरित होकर तरह-तरह के क्राफ्ट बनाए और इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**साहू समाज के भवन प्रांगण में स्थापित कर्मा धाम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित**

## संत माता कर्मा महोत्सव में आरु साहू ने दी शानदार प्रस्तुति






पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल के फुटबॉल ग्राउंड के समीप स्थित तहसील साहू समाज के भवन प्रांगण में स्थापित कर्मा धाम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर आयोजित श्री संत माता कर्मा महोत्सव के अवसर पर 7 जून को छत्तीसगढ़ प्रदेश की प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सिंगर आरू साहू ने शानदार प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरंदुल परियोजना के किशन आहूजा (सीजीएम वर्कस), वाय वी राघवेलु महाप्रबंधक आर्सेलर मित्तल, राजा कुमार महाप्रबंधक उत्पादन, बी के माधव उप महाप्रबंधक कार्मिक, एस के कोचर महाप्रबंधक खनन, सुब्रमण्यम महाप्रबंधक विधुत, श्रमिक संघ एसकेएमएस के अध्यक्ष देवरायलु, सचिव राजेश संधू, प्रहलाद साहू थाना प्रभारी किरंदुल, इंटक के राकेश लाल त्रिलोक बांदे, एवम अन्य अतिथियों द्वारा कमार्धाम मंदिर में माता कर्मा जी की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका आरू साहू का शानदार कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिनमे आरू साहू व उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति दी कर सभी को कार्यक्रम में बांधे रखा। आज के इस कार्यक्रम में नगर के सभी समाज के प्रतिनिधि भी विशेष रूप आए आमंत्रित थे।

## कॉलेज में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईको क्लब के सदस्यों एवं स्टाफ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम के संरक्षक में महाविद्यालय के ईको प्रभारी ने महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर पेड़ पौधे संरक्षित रखने की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने की आवश्यकता है, जिससे हमारे पर्यावरण में अवनयन की स्थिति ना हो और संतुलन व अनुकूलन वातावरण बना रहे। जिला संगठक श्री बी. डी. चांडक ने बताया कि पेड़ पौधे हमारे पृथ्वी के श्रृंगार ही नहीं बल्कि दीर्घ जीवन देने वाले औषधि का अनुपम वरदान है, जिसे संरक्षण की आवश्यकता है।

हरीश चन्द्र वैध ने बताया कि हमारे सुनहरे भविष्य के लिए पेड़ लगाने की आवश्कता है क्योंकि वनों की कमी के चलते हमारा पर्यावरण में असंतुलन हो रहीं हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ सम्बधित समस्याओं से सामना करना पड़ रहा है। समस्या निदान के लिए पेड़ लगाना की आवश्यकता है। कन्या महाविद्यालय की श्रीमति फिंगिम नेताम ने कहा कि आज के आधुनिक युग में पर्यावरण प्रदूषण एक बहुत गंभीर समस्या है। प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आइए, पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लें।

# लगातार पुलिस के विवादस्पद कार्यप्रणाली से शहरवासियों के मन मे विश्वास की कमी

## आक्रोशित परिजन व शहरवासी मृतक के शव को लेकर 7 घंटे से अधिक समय तक थाने का किया घेराव



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

विगत कुछ दिनों से पुलिस के विवादास्पद कार्यप्रणाली के चलते आम जनता के मन मे पुलिस के प्रति विश्ववनीयता की कमी देखी जा रही है जिसके चलते आम जनता को थाने का घेराव व धरना प्रदर्शन जैसे गतिविधियों को बल मिल रहा है गौरतलब है की नगर की कृषि उपज मंडी के समीप 6 जून लगभग शाम 7.00 बजे मंडी रोड के समीप ट्रक चालक द्वारा युवक को टक्कर मार दी गई। युवक को गंभीर चोट लगने के बाद उसे उपचार के लिए रायपुर ले जाया गया।

**घटना के तत्काल बाद प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट**

प्रार्थी कैलाश कुमार साहू पिता पीला राम 30 वर्ष निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा ने 6 जून को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बड़े भाई चेतन साहू को ट्रक क्रमांक सीजी 04 3882 का चालक गोलू ठाकुर ने गोलू ठाकुर निवासी नेहरू वार्ड ने तेजी गति व लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाकर एक्सीडेंट किया है, जिससे इसके दोनों पैर में गंभीर चोट आई है जिसके आधार पर पुलिस ने धारा 279, 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना अंतर्गत कार्रवाई की गई।

**विवेचना मे ट्रक चालक का नाम बदले जाने से विवाद की स्थिति निर्मित**

विवेचना के दौरान ट्रक चालक का नाम बदलकर जीवनलाल ध्रुव उर्फ गोलू पिता हरिकिशन का नाम आना ही देर रात तक विवाद का विषय बन गया। जबकि आरोपी ड्राइवर दिन भर शहर में घूमता पाया गया। जिसके चलते मृतक के परिजनों एवं शहरवासियों मे असन्तोष का लहर दौड गया व मृतक के शव को थाने मे रखकर लगभग 7 घंटा तक धरना देकर बैठे रहे वही उपस्थित भीड के द्वारा पुलिस प्रशासन व व्यवस्था के विरोध मे नारे भी लगाये गये।

**घटना के बादर भी घुमता रहा खूनी ट्रक का पहिया**

विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया गया। परंतु घटना को अंजाम देने के उपरांत 12 घंटे तक शहर मे घुमता रहा जिसके फलस्वरूप धान से भरी ट्रक को खाली भी करा लिया गया।

**खूनी ट्रक के ड्राइवर को तत्काल छोडे जाने पर मृतक के परिजन आक्रोशित**

खूनी ट्रक के ड्राइवर को तत्काल छोडे जाने व विवेचना मे अन्य दूसरे ड्राइवर का उल्लेख किये जाने पर मृतक के परिजन व शहरवासी शव के साथ देर रात तक परिजनों द्वारा थाने में धरना प्रदर्शन किया जाता रहा।

**थाने मे 12.30 बजे तक चला उधल पुथल के बाद दिन मे भी रहा आक्रोशित माहौल**

मृतक के शव को लेकर सुलह नहीं हो पाया। अनुविभागीय अधिकारी आशीष अरोड़ा द्वारा परिजनों को लगातार समझाइश दी गई, लेकिन परिजन अंत तक आरोपी ड्राइवर और ट्रक मालिक को थाने लाने की मांग पर अड़े रहे।

**विवेचना मे लापारवाही, प्रधान आरक्षक सस्पेंड**

संवैधानिक प्रक्रियाओं के मामलों को लेकर विगत कुछ दिनों से भाटापारा शहर थाना विवादों में घिरा हुआ है। यह थाना जिला पुलिस प्रशासन के नियंत्रण के बाहर होता भी प्रतीत होता है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने तत्काल प्रधान आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है।

**लगाई गई धारा**

घटना घटित होने के बाद शहर थाना द्वारा आवश्यक धाराएं 279, 337 लगा दी गई थी। उपचार के दौरान पीड़ति के मृत होने की सूचना के बाद आगे की धारा मर्ग प्राप्त होने के पश्चात पृथक से जोड़ने की बात शहर थाना द्वारा कही गयी है।

**मृतक ने मरने से पहले ही दिया था बयान**

गौरतलब है की मृतक ट्रक के चपेट मे आकर बुरी तरह से घायल हो गया था इस कारण घायल अवस्था मे ही उसी मौहल्ले का गाडी होने के कारण डाईवर व गाडी मलिक का नाम अपने एक्सीडेन्टल बयान मे दिया था।

**मृतक के दो छोटे बच्चे की परवरिश की चिंता**

गौरतलब है की मृतक चेतन साहू के निधन उनके छोटे मासूम बच्चों की परवरिश की चिंता उनके परिजनों चेहरे मे साफ देखा जा रहा था जिसके सर से पिता व एक धर्म पत्नी के सर से उनके पति का साया छिन गया

**एक्सीडेन्टल मे आरोपी का तत्काल छोडा जाना भी असंतोष का विषय**

गौरतलब है की उक्त घटना क्रम को लेकर एक वकील से लिये जानकारी के अनुसार कोई भी गम्भीर एक्सीडेन्टल मामला हो जमानती प्रक्रिया है परंतु जिसके चलते पुलिस द्वारा तत्काल मुहचलके मे जमानत दे दिया जाता है परंतु स्थिति परिस्थिति वश ऐसे मामलों को कुछ समय रोककर जमानत भी दिया जा सकता है है या आरोपी को कोर्ट मे प्रस्तुत करने के बाद जमानत दिया जाता है लेकिन घटना क्रम के लम्बी प्रक्रिया के बाद हिरासत मे लिया जाता है लेकिन प्रक्रिया जितना अधिक समय लगा उससे भी आधे समय मे आरोपी को छोडा जाना उक्त घटना क्रम मृतक के परिजनों के लिये सबसे बडे असंतोष का कारण रहा वही शनिवार सुबह पुनः जनता जनार्दन व विधायक का दबाव बनाने पर पुलिस प्रशासन द्वारा गैर जमानती धारा के तहत आरोरा ट्रक चालक के डाईवर को गिरफ्तार किया गया।

**विधायक इन्द्र साव की उपस्थित मे मृतक के परिजनों को मुवायजा राशि**

शुक्रवार को चले मामले को गम्भीरता को देखते हुये विधायक इन्द्र साव ने शहर थाना पहुंच मामले को संज्ञान मे लिया पीडित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुये मुवायजा राशि के लिये विशेष प्रयास किया जिसमे वकीलो के मौजूदगी मे समझौता नामा के अंतर्गत 2लाख नगदी व 3 लाख रुपये सोमवार को देंगे व बाकी 10 लाख 2 साल के अन्दर दिये जाने की बात कही गई।

# पीएटी एवं पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा आज

## जिले में तीन परीक्षा केन्द्र बनाए गए, 771 परीक्षार्थी होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 09 जून रविवार को पीएटी एवं पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा प्रथम पाली में आयोजित की जायेगी। प्रवेश परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी। व्यापम को प्राप्त आनलाइन आवेदन के अनुसार गरियाबंद जिला में 771 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिले में तीन परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद, शासकीय बालक उ.मा.शाला गरियाबंद एवं शासकीय कन्या उ.मा.शाला गरियाबंद शामिल है। प्रवेश पत्र इंटरनेट के माध्यम से व्यापम के वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को अपने साथ मूल पहचान पत्र, जैसे- वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रति के साथ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किया गया प्रवेश पत्र साथ में लेकर उपस्थित होना होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षा हॉल में मोबाईल, कैल्कुलेटर, डिजीटल घड़ी एवं कंपास या पाउच लाना वर्जित है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने डिप्टी कलेक्टर विशाल कुमार महाराणा को नोडल अधिकारी एवं मुका राम नाग सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। जिला प्रशासन की ओर से सभी परीक्षा केन्द्रो में ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। साथ ही तीन सदस्यो का जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा के सुचारू संचालन का जायजा लेंगे।

# सीईओ जिला पंचायत ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत विकासखंड धमतरी के ग्राम पंचायत लोहरसी, पोटियाडीह, परसतराई, खरतुली, रांवा, रत्नाबांधा, मुजगहन, अर्जुनी, भटगांव, गंगरेल, खपरी, भानपुरी, देमार, संबलपुर, तेलीनसत्ती, सेहराडबरी एवं कुरुद के ग्राम पंचायत गातापार (को), कोर्रा, भेण्डरा, ईर्रा, चरोटा, बोरझरा, हंचलपुर, तर्रागोंदी, पचपेड़ी, रामपुर, गाड़ाडीह, सिलघट, सुपेला, सिहाद, कोसमर्रा के कचरा संग्रहण कार्य का संचालन करने वाले ग्रामों के सरपंच एवं सचिवों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय की साफसफाई के साथ स्वच्छ पानी की व्यवस्था की अनिवार्य रूप से की जावें। साथ ही स्वच्छता शुल्क, जल कर, नालियों की साफ सफाई, अमृत सरोवर, तालाब, हेडपंप, सोख्ता गड्ढा, सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई भी की जाए। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी शासकीय भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ सफाई के अलावा पंचायतों में ग्रामीणजनों से स्वच्छता को लेकर एक दिन का श्रमदान अवश्य करें। साथ ही पंचायतों में मिलने वाले शुल्क की वसूली भी करे और उक्त राशि का उपयोग पंचायत में मूलभूत के कार्य में करे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड के तहत कचरा संग्रहण के लिए ट्राईसाईकिल दी गई है जो खराब अवस्था में है, ऐसे ट्राइसिकल को संचालन योग्य बनाये जाने के निर्देश सीईओ ने दिए। पर्यावरण की दृष्टि से पंचायतों में संग्रहित प्लास्टिक व डिस्पोजल को जलाने पर रोक लगाये जाने भी निर्देशित किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत रावां के सरपंच, सचिव के कार्यों की सराहना की जिन्होंने राशि 1 लाख 60 हजार रुपए की स्वच्छता व जलकर शुल्क के रुप में वसूली की है। सभी पंचायतों में रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने के साथ आंगनबाड़ी भवन, प्राथमिक स्कूलों में सोख्ता गड्डा का जीयो टैग करने के निर्देश दिए। ग्राम संगठन की महिलाओं को भी स्वच्छता अभियान में शामिल करने कहा गया। वहीं ग्राम पंचायत एवं ग्राम संगठन का संयुक्त बैठक लेकर भागीदारी सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। सीईओ ने कहा कि जहां-जहां प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया है वहां पौध रोपण करने, सोख्ता गड्डा बनाये जाने का प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिए गए। इस समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में 12 जून तक मनाया जायेगा स्वच्छ-हरित ग्राम सप्ताह






पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में आगामी 12 जून तक स्वच्छ-हरित सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा गांव में पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 12 जून 2024 तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन करने कहा गया है। इसके तहत भूजल को रिचार्ज करने और जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोकपिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचना के बारे में जानकारी दी जाएगी, जिससे वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सभी सार्वजनिक नलकूप हैंड पंप के पास सोकपिट का निर्माण तथा सार्वजनिक पक्का भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के लिए आमजन एवं ग्राम पंचायत को भी प्रोत्साहित किया जावेगा। इसी तरह वर्मी कंपोस्ट नाडेप पिट से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने, जैविक कचरे का प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिए ग्राम पंचायत में वर्मी कंपोस्ट नाडेप पिट का निर्माण करने के लिए आमजन एवं हितग्राहियों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्राम पंचायत के कचरे से कंपोस्ट खाद अपशिष्ट पदार्थ का पुनः उपयोग एवं गैर बायोडिग्रेडबेल कचरे का रीसाइकलिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे भूमि में कचरो की रोकथाम के साथ ही पोषक खाद बनाया जा सके। ग्राम पंचायत में स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह मनाने हेतु दीवार लेखन एवं मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को दिए।

# नेहरू स्कूल परिसर के सार्थक स्कूल में पेड़ों की लंबी आयु की कामना करने के लिए वृक्ष प्रेम दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

सार्थक स्कूल के सदस्यों एवं धमतरी के नागरिकगणों द्वारा विगत कुछ वर्षो से नेहरू स्कूल परिसर में, पौधे लगाए गए थे वे पौधे अब छोटे- बड़े पेड़ बन गए हैं। पौधे लगाने वाले गोपाल शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, जेआर सोनवानी, डिकेश सोनवानी, डिगेश शर्मा, जगदीश देवांगन, स्नेहा राठौड़, सरिता दोशी ने सार्थक स्कूल आकर अपने लगाए हुए पौधों की वृद्धि देखी और प्रसन्नता जाहिर की और पेड़ों में पानी देकर अपना स्नेह व्यक्त किया और उनकी लंबी आयु की कामना की। वृक्ष प्रेम दिवस के अवसर पर स्कूल के प्रशिक्षक गीतांजलि गुप्ता ,स्वीटी सोनी एवं मुकेश चौधरी ने विशेष बच्चों, हर्षिता गजेंद्र, करण खालसा, पंकज वाधवानी, ईशु बनपेला, विनीत बघेल, वत्सला साहू, पतरस, गगन नागवानी, ऋतु साहू को बहुत रोचक तरीके से वृक्षों से प्रेम करने की वजह समझाई और पौधारोपण करना सिखाया। बच्चों ने पौधा लगाना सीखने में बहुत रुचि दिखाई। नेहरू प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक नोमेश चौधरी ने बच्चों को पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित किया। सुनैना गोड़े, हेमंत सिन्हा,सकीना बाघमारे, हेमंती विश्वकर्मा, सुमित नागवानी भी ने भी इस अवसर पर सहयोग किया।

# नीचे नहीं आएगी अरहर दाल दलहन की सभी किस्में मजबूत

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



अरहर दाल 170 रुपए किलो लेकिन आउटर और ग्रामीण क्षेत्रों में 180 से 185 रुपए। नीचे आने के आसार कम ही हैं। कमोबेश चना दाल भी उबल रही है। इसमें खुदरा बाजार 87 रुपए किलो पर मजबूत बताया जा रहा है। गर्म हो चली अरहर के साथ अब उड़द और मूंग की दाल भी उबल रही है। तीसरे स्थान पर चना दाल और चौथे स्थान पर चल रही मसूर की दाल ने साफ संकेत दे दिए हैं कि तेजी और मजबूती आने वाले दिनों में भी बनी रहेगी। रही बात उपभोक्ता मांग की, तो इसमें कमजोर खरीदी का सिलसिला अभी भी बना हुआ है।

**नीचे नहीं आएगी अरहर दाल**

साल की शुरुआती माह से गर्म चल रही अरहर की दाल में कीमत नीचे आने की संभावना फिलहाल जरा भी नहीं है क्योंकि मंडियों में पहुंच रही उपज में तेजी बनी हुई है। ऐसे में होलसेल में 160 से 170 रुपए किलो पर चल रही अरहर दाल, आउटर एरिया में 180 और ग्रामीण क्षेत्र में 185 रुपए किलो पर पहुंची हुई है।

**मजबूत मूंग और उड़द**

मसाला मिक्स मूंग और उड़द व पापड़ बनाने वाली इकाइयों की मांग से दलहन की यह दोनों किस्में कीमत के जिस स्तर पर पहुंची हुई हैं, उससे रिटेल डिमांड बेहद कमजोर है। इसके बावजूद मूंग दाल धुली 106 रुपए और उड़द की धुली दाल 113 से 122 रुपए किलो पर स्थिर है। मंदी की संभावना इन दोनों में भी नजर नहीं आ रही है।

**87 रुपए किलो चना दाल**

अरहर दाल और हरी सब्जियों की कीमत जिस स्तर पर पहुंची हुई है, उसके बाद इन दोनों का विकल्प मानी जाने वाली चना दाल में मांग का हल्का दबाव बना हुआ है। ऐसे में शहरी क्षेत्र में इसकी प्रति किलो कीमत 87 रुपए बोली जा रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 90 रुपए की किलो की दर पर बिक्री की खबर है।

**मांग नहीं, फिर भी...**

मसूर गोटा और मसूर की दाल में अपेक्षाकृत मांग नहीं के बराबर है। इसके बावजूद मसूर दाल 78 रुपए किलो और मसूर गोटा में 70 रुपए किलो का भाव बताया जा रहा है। निम्न आय वर्ग की उपभोक्ताओं को हैरत इसलिए हो रही है क्योंकि तिवरा की दाल 63 रुपए किलो की नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। तेजी के आसार इन दोनों में है।

# जल संसाधन विभाग ने जामगांव में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की शुरुआत की

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर जल संसाधन विभाग द्वारा फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम जामगांव में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की शुरुआत की गई। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के बर्मन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी कुलेश्वर जाशी ने गांव की महिलाओं को भारत सरकार, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के परिपालन में जल संरक्षण, जल का सदुपयोग, जल भण्डारण, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन, सभी जल निकायों की गणना, जियो टैगिंग और सूची बनाना और उसके आधार पर जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजनाएं तैयार करने के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिले में जलशक्ति केन्द्रों की स्थापना करना, गहन वनीकरण, जागरूकता अभियान, सी.टी. आर. 2024 अभियान 09 स्प्रिंग स्त्रोतों के क्रियाकलाप और रख-रखाव के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति स्त्रोतों की जियो टैगिंग करना तथा पर्यावरण के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, सरपंच अरुण सिन्हा ने भी महिलाओं को जल का सदुपयोग करने के संबंध में जानकारी दी। कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने जल को उपयोगी बताते हुए कहा कि हमें गर्मी के समय धान के बदले अन्य फसल लेनी चाहिए, जिससे कि अन्य फसलों में कम पानी का उपयोग कर हम दूसरे फसल लेकर आर्थिक रूप से मजबूत हो। उल्लेखनीय है कि कि जल संसाधन विभाग द्वारा जल प्रबंधन के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से गांव-गांव में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान चलाया जा रहा है।

# नेशनल थियेटर फेस्टिवल में भाग लेने कलाकार शिमला रवाना



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसियेशन शिमला हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित 69 वें नेशनल थियेटर फेस्टिवल 2024 में भाग लेने हेतु शिमला में शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप धमतरी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कलाकारों समूह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के कार्यक्रम अधिकारी आकाश गिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में शिमला रवाना हुए। उक्त महोत्सव में कलाकारों के द्वारा एकांकी नाटक सुख की खोज तथा जन जागरूकता अभियान के तहत जल ही जीवन है नामक प्रहसन का भी प्रदर्शन के साथ.साथ शिमला के विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। उक्त नाटक आकाश गिरी गोस्वामी द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसका संगीत संयोजन आशीष साहू, मंच सज्जा सोहनलाल साहू तथा वस्त्र संयोजन गुलशन ध्रुव ने किया है। जिसमे आकाश गिरी गोस्वामी, सोहन साहू, आशीष साहू, गुलशन ध्रुव, विराज साहू, प्रियांशी मिश्रा, कल्पना अग्रवाल, धनलक्ष्मी सुलोदिया, भाविका सुलोदिया, कसिस अग्रवाल, जानवी साहू, वैष्णवी साहू, डागेश्वर साहू अपनी अभिनेता क्षमता से नाटक को जीवंत करेंगे। अखिल भारतीय कवि सुरजीत नवदीप, पीवी पराड़कर, कुमेश्वर कुमार मदन मोहन खंडेलवाल गोपाल शर्मा, मदन मोहन दास, वीरेंद्र साहू रविकांत गजेंद्र, डुमन लाल ध्रुव, शशि हैवार, राजकुमार सिंहा, सचिन सोनी,चंद्र प्रकाश साहू, गौतम साहू, दीपाली कलिहारी, भूषण पटेल, लोकेश प्रजापति, मनोज बंछोर ,विनोद डिंडोलकर, वैभव रणसिह गोपी कुर्रे नेटवर कन्नौजे, लक्ष्मीकांत सिंहा, सुरेश कुमार साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, रामकुमार मांडवी, भूपेंद्र दास मानिकपुरी, वेद प्रकाश सिंहा, नीलमणि कंडरा, गेवेंद्र सिंह कामडे, देवशंकर देव, सुनील मैथ्यू, दुष्यंत सिंहा सोमनाथ साहू, वीरेंद्र कुमार कुंजाम एवं संकेत साहू आदि कलाकारों ने बधाई दी है।

# एनटीपीसी लारा बालिका सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से बालिकाओं का भविष्य संवार रहा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी लारा ने 13 जून 2024 तक चलने वाले अपने बालिका सशक्तीकरण अभियान 2024 कार्यक्रम के जरिए 10-12 साल की उम्र की लड़कियों में यह जुनून जगाया है। इस कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली आसपास के गांवों की 40 लड़कियों का चयन किया गया है। यह पूरी तरह से आवासीय और निःशुल्क व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम है। गर्मी की छुट्टियों के बेहतर उपयोग के लिए एनटीपीसी ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों की बेहतरी के लिए यह कार्यक्रम तैयार किया है।




एनटीपीसी लारा एक बार फिर आसपास के गांवों की लड़कियों की मदद के लिए आगे आया है, ताकि उन्हें उनके अंतर्निहित गुणों को समझने और महसूस करने में मदद मिल सके और उन्हें अपने जीवन में नई ऊंचाई हासिल करने के लिए उन गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा सके। एनटीपीसी लारा में बालिका सशक्तीकरण मिशन (जीईएम) 2024 का तीसरा संस्करण, एक महीने तक चलने वाला एनटीपीसी का प्रमुख कार्यक्रम, 17 मई को शुरू हुआ है। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी आसपास के गांवों छपोरा, कांडागढ़, बोड़ाझरिया, लारा, देवलसुरा, रियापल्ली, लोहाखान और झिलगिटार की 10 से 12 वर्ष की 40 बालिकाओं की चयन इस कार्यक्रम के लिए की गई थी। नियमित पाठ्यक्रम के अलावा, इन लड़कियों को कला, नृत्य, नाटक और संगीत के प्रशिक्षण के साथ-साथ योग, आत्मरक्षा, बुनियादी अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान और जीवन कौशल जैसे क्षेत्रों में सॉफ्ट स्किल और ज्ञान से लैस किया जाएगा। श्वेता और साक्षी गांव बोड़ाझरिया और झिलगिटार की दो लड़कियां आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करने का सपना देख रही हैं। संख्या यहीं नहीं रुकती, जैसे रीना डॉक्टर बनना चाहती है, राखी पुलिस अधिकारी बनना चाहती है सावित्री खेलकूद में अच्छी है, इसलिए वह भविष्य में कबड्डी खिलाड़ी बनना चाहती है। चंचल को नृत्य और गायन का शौक है, इसलिए वह डांसर बनना चाहती है और अन्य छात्राओं को सिखाएगी।

प्रत्येक लड़की ने भविष्य में कुछ हासिल करने के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित किया है। जैसा कि उन्होंने कहा, मेरे गांव की कई बड़ी बहनें, जो जीईएम कार्यशालाओं के पिछले संस्करणों में इस कार्यक्रम का हिस्सा थीं, ने शिविर की सराहना की। उन्होंने विभिन्न नृत्य रूप, योग, कला और नाटक सीखे। मैं इसे लेकर उत्साहित थी! मैं एनटीपीसी लारा की आभारी हूँ क्योंकि उन्होंने मुझे इस वर्ष कार्यक्रम में शामिल होने दिया। एक बालिका उन्मुख कार्यक्रम होने के नाते, एनटीपीसी लारा की महिला कल्याण संस्था प्रेरिता महिला समिति घरेलू माहौल में आयोजन के लिए अपना समर्थन दे रही है।

भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड इस प्रमुख सीएसआर पहल के अंतर्गत बालिका सशक्तीकरण अभियान का आयोजन कर रही है।

# 'आओ बात करे' सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं एग्रिकॉन फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से 'आओ बात करें' सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत दुर्ग के सभागार मे हुआ। इस कार्यक्रम मे दुर्ग, पाटन एवं धमधा खंड से सचिव, रोजगार सहायक, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, बिहान, एनजीओ सहित 70 लोगों की भागीदारी रही। कार्यशाला का उद्घाटन युवोदय कार्यक्रम जिला समन्वयक शशांक शर्मा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है, और हमें इसे नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। कार्यक्रम मे एग्रीकान फाउंडेशन से मानसिक



स्वास्थ्य राज्य समन्वयक दानिश के हुसैन, युवोदय एवं युवा कार्यक्रम राज्य स्तरीय समन्वयक जागृति गर्ग के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं युवोदय कार्यक्रम से जुड़े विषयों के बारे में जानकारी दी गई। प्रारंभ में जागृति गर्ग के द्वारा स्वयंसेवा एवं स्वयंसेवकों के भूमिका, युवोदय क्या है के विषय में चर्चा की गई। जिससे समाज मे युवाओं के द्वारा समुदाय में उचित बदलाव लाया जा सके, इसके साथ सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के द्वारा समाज में अच्छे व्यवहारों को अपनाने हेतु कैसे कार्य कर सकते है इस विषय मे चर्चा की गई। दानिश के. हुसैन के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषयों को लेकर चर्चा में भावनाये 'आप कैसा महसूस कर रहे है', मानसिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति के गुण, मानसिक स्वास्थ्य क्यो महत्वपूर्ण है, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और इसके प्रभावों पर चर्चा की गई। तनाव प्रबंधन योग और ध्यान के माध्यम से तनाव को कैसे प्रबंधित किया जा सकता है, इस पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। सकारात्मक सोच और आत्म-सम्मान बढ़ाने और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रमुख अंश में विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियाँ कराई गईं, बायो मेडिकल मॉडल, मनो सामाजिक मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य बनाये रखने के उपाय के बारे मे बताया गया।

# गर्मी एवं लू से बचाव के लिए करें उपाय

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में लगातार बढ़ रहे लू और बुखार के मरीज के संबंध में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, आईडीएसपी दुर्ग के मार्गदर्शन में मती रितीका मसीह, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, समस्त कॉम्बेट टीम, महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुपरवाईजर एवं मैदानी स्तर पर मितानिन सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा आम जनता को लू-तापघात से बचाव हेतु जनसाधारण को जागरूक करते हुये नियमित निगरानी की जा रही है। लू लगने के लक्षण सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना उक्त स्थिति से निपटने तथा सभी निजी तथा शासकीय अस्पतालों के पैरामेडिकल स्टाफको हीट स्ट्रोक (हीट स्ट्रोक) को तुरंत पहचानने और मरीज को असरदार ईलाज देने के लिए गर्मी से होने वाली बीमारियों के प्रबंधन की तैयारी के निर्देश दिये गये है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू का अलर्ट जारी किया गया है। आम जनता को लू के लक्षण से अवगत कराया जाकर जन-जागरूकता लायी जा रही है। लू-तापघात के प्रारंभिक उपचार जैसे बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएँ, पेय पदार्थ का सेवन करें जैसे नारियल पानी, आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा दें, खुले में हवादार एवं ठंडे स्थान में रखें। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए। मितानिन, ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम ने सभी शासकीय चिकित्सालयों में लू के प्रबंधन हेतु निर्देश दिये गये हैं जैसे बाह्य रोगी विभाग में आने वाले सभी मरीजों में लू के लक्षण की जॉच अवश्य करें। प्रत्येक अस्पतालों में कम से कम दो बिस्तर इन मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड में शीतलता हेतु कूलर की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक संस्था में ओ.आर.एस. कार्नर बनाया गया है। मितानिन व संबंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को पर्याप्त मात्रा में दवाईयाँ उपलब्ध करा दी गयी है। लू-तापघात की रोकथाम व बचाव हेतु नगरीय निकाय एवं शुद्ध पेयजल हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से निरन्तर समन्वय बनाया जा रहा है। दुर्ग जिले में लू-तापघात से संबंधित 07 जून 2024 को ओ.पी.डी. में कुल 152 व्यक्ति जॉच के लिये आये जिनमें से कोई भी लू-तापघात के मरीज नहीं मिले।

# निगम आयुक्त ने ट्रांसपोर्ट नगर में किए जा रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

## समय सीमा में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार नगर निगम भिलाई-चरौदा कमिश्नर डी.एस. राजपूत ने अपनी टीम के साथ को ट्रांसपोर्ट नगर का दौरा किया। इस दौरान ट्रांसपोर्ट नगर के फेस-1 और फेस-2 में किये जा रहे निर्माण कार्य को लेकर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश भी प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि ट्रांसपोर्ट नगर के फेस-2 में शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य स्लैब लेवल तक पहुंच चुका है। कार्य की गति धीमी होने के कारण निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुये समय-



सीमा में कार्य पूर्ण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा फेस-1 और फेस-2 में डिवाईडर, पार्किंग, निकासी नाली सहित सुगम आवागमन हेतु रोड निर्माण का कार्य गुणवत्ता युक्त शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता डी.के. पाण्डेय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल दुर्ग में वृद्धजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन

■ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अब तक 2579 वृद्धजनों का किया गया जांच एवं उपचार

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रति बुधवार को वृद्धजनों हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सभी प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोतियाबिंद, गठिया रोग, श्रवण जांच एवं अन्य सभी प्रकार की जांच व उपचार निःशुल्क किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू से मिली जानकारी अनुसार मई माह में कुल 2579 वृद्धजनों को जांच उपचार से लाभान्वित किया गया है। बुधवार को आयोजित वृद्धजनों के लिए शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. के.के. जैन, डॉ. मनोज दानी, डॉ. देवेन्द्र साहू, डॉ. तृप्ती तिवारी और डॉ. अनिल विवेक सिन्हा। नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. रीनू तिवारी। जनरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. वाई.के. शर्मा, डॉ. सरिता मिंज, डॉ. ए.के. सन्याल और डॉ. कामेन्द्र ठाकुर। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता भाटिया, डॉ. बी.आर. कोसरिया, डॉ. अल्पना अग्रवाल और डॉ. कल्पना जेफ्र अर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. विपिन जैन और डॉ. आर.के. नायक। दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. कंचन गुप्ता, डॉ. रेणुका जायसवाल, डॉ. कामनी डड़सेना, डॉ. शिवांशी अग्निहोत्री, डॉ. अंजू यादव और डॉ. तान्या जायसवाल। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता पाण्डे, डॉ. उज्जवला देवांगन, डॉ. बी.आर. साहू और डॉ. स्मिता। आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. जयप्रकाश चन्द्राकर तथा त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा बालपाण्डे अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों के युवक-युवतियों को दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण

## प्रथम प्रशिक्षण 10 जून से प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों हेतु 10 जून से निःशुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण हेतु दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 10 जून को फास्ट फूड मेकिंग का प्रशिक्षण (10 दिन तक), 20 जून को आर्टिफीशियल ज्वेलरी मेकिंग का प्रशिक्षण (13 दिन तक), 28 जून को कम्प्यूटर एकाउंटिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक), 15 जुलाई को फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रशिक्षण (30 दिन तक) एवं 27 जुलाई को मोबाईल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक) दिया जाएगा।

# मनरेगा श्रमिकों ने मनाया रोजगार दिवस, स्वच्छ ग्राम हरित ग्राम सप्ताह अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कर रहे कार्य

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के प्रत्येक मनरेगा ग्राम पंचायत में आज रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत् ग्राम पंचायतों में पर्यावरण सरंक्षण कार्यो के विषय में मजदूरों को जानकारी दी जा रही है। जिसमें मजदूरों को वर्षाजल की एक-एक बूंद का संरक्षण करने, भू-जल का रिचार्ज करने एवं जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोक पीट एवं वाटर हार्वेस्टिंग सरंचना के बारे में जानकारी दी गई। वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिये उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सभी सार्वजनिक नल कूप/हैण्डपम्प के पास सोक पिट का निर्माण तथा सार्वजनिक पक्के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सरंचना बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में विशेष रैली कार्यक्रम व चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार दिवस के उपलक्ष्य में रोजगार देना व रोजगार से संबंधित शिकायतों का निराकरण संबंधित चर्चा की गई। साथ ही ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं बूंद-बूद जल को



बचाने का मुहिम भी चलायी जा रही है। वहीं वर्मी कम्पोस्ट नाडेप पिट से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने, जैविक कचरे का प्रबंधन एवं मृदा-स्वास्थ्य में सुधार के लिये गांवों में हितग्राहियों को प्रोत्साहित कर जानकारी दी गयी। ग्राम पंचायतों बेस्ड भुगतान एवं एन.एम.एम.एस ऐप मास्टर की एन्ट्री की जा रही है। रोजगार दिवस के अवसर पर मनरेगा के निर्माण कार्य की मांग, मजदूरों के आधार शिडिंग व कार्य से सबंधित शिकायत जैसी जानकारियां दी गयी। रोजगार दिवस मजदूरों के हक की बाते बताने का एक माध्यम रहा है। ग्राम पंचायत में मनरेगा स्थाई परिसम्पति निर्माण एवं गांव का विकास किया जा सकता है। योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 304 ग्राम पंचायतों के 296 ग्रामों में 1069 निर्माण कार्य चल रहे है। कुल मजदूरों की संख्या 67 हजार 2 सौ 49 है। जिसमें मानव दिवस 22 लाख 09 हजार 2 सौ 33 उपलब्ध कराया गया है। रोजगार दिवस के दौरान ग्राम पंचायत ठेंगाभाट जनपद पंचायत धमधा जिला दुर्ग मे जल संरक्षण जागरूकता अभियान अंतर्गत शपथ एवं जागरूकता रैली निकाला गया और लोगों को जल का महत्व बताया गया। जिसमे पंचायत सचिव, सहायक विस्तार अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच उपसंरपंच पंच गण रोजगार सहायक समूह की महिलायें एवं ग्रामीणवासी उपस्थित थे। इसके अलावा ग्राम पंचायत मटिया गुजरा ब्लॉक पाटन में विश्व पर्यावरण दिवस और स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया गया।

# जिलावार प्रथम गो-लाईव करने वाली शाखा व समितियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय की महत्वाकां योजना अत्तर्गत 'पैक्स कम्प्यूटराईजेशन' देश के समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का डिजिटलाइजेशन किया जाना है। उक्त योजना का क्रियान्वयन राज्य शासन के आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ रायपुर, नाबार्ड रायपुर एवं अपेक्स बैंक रायपुर के दिशा-निर्देशानुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के कार्यक्षेत्र तीनों जिले दुर्ग, बालोद व बेमेतरा की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी बैंक दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टर कार्यालय दुर्ग में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अंतर्गत जिले से प्रथम गो-



लाईव करने वाली शाखा एवं सहकारी समितियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले शाखा प्रबंधक एवं समिति कर्मचारी जिला बालोद से हेमलाल गजेन्द्र शाखा प्रबंधक, शाखा बालोद एवं अधीनस्त समितियों के प्रभारी क्रमशः मधुसूदन देशमुख बालोद व मेढ़की, जगतराम साहू पाररास व तरीद, सुशीलदास मानिकपुरी साकरा (ज) है। जिला बेमेतरा से एस. के जागड़े, शाखा प्रबंधक शाखा बेमेतरा, विनोद राजपुर समिति बेमेतरा, रोशन बैस लोलेसरा व मोहतरा, उत्तरा टंडन डूण्डा, लल्लू, वर्मा कंतेली को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिला दुर्ग से युवराज चन्द्राकर शाखा प्रबंधक शाखा दुर्ग, घनश्याम बेलचंदन समिति कोडिया, ज्वाला देशमुख समिति आलबरस, राजकमल साहू समिति थनौद व तिरगा, मती किरण साहू समिति चंदखुरी एवं कोलिहापुरी, दुमनलाल साहू, समिति सिरसा को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में हृदेश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एस.के निवसरकर वर्ग-1 अधिकारी, सु कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक, सी.आर.रावटे, नोडल अधिकारी बालोद, धीरेन्द्र देवांगन, शाखा प्रबंधक मुख्यालय दुर्ग, दीनबंधु ठाकुर अधीक्षक उपस्थित रहे।

अमृत सरोवर स्थलों में मनाया गया पर्यावरण दिवस

# 2 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत चलाई जाएंगी विभिन्न गतिविधियां

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में जिले के कई ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवर के पास विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 5 जून को हर साल विश्व पर्यावरण दिवस यानी ''वर्ल्ड एनवारयमेंट डे'' मनाया जाता है। लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरुक किया जाता है, ताकि इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाए जा सकें। इसी कड़ी में 5 जून से 12 जून तक ''स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह'' अभियान चलाकर विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से









अवगत कराते हुए पर्यावरण के प्रति जागरुक होने का संदेश दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों के पास विशेष उत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर अमृत सरोवर स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान, सफाई गतिविधियां, जल संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जल निकायों के कायाकल्प एवं जीर्णोधार के सकारात्मक प्रभावों को प्रदर्शित कर, महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत गांवों में पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए ही स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान भू-जल को रिचार्ज करने एवं जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोक पिट का निर्माण करने प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप पिट से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने, कचरे से कम्पोस्ट खाद, अपशिष्ट पदार्थों का पुनः उपयोग एवं गैर-बायोडिग्रेडबेल कचरे का रिसायकलिंग के लिये प्रोत्साहित किया जाएगा। पर्यावरण दिवस उत्सव के दौरान ग्राम पंचायतों के नागरिकों, हितग्राहियों को आयोजन से संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए प्रोत्साहित किया गया। सरोवर की सफाई की गई। इस दौरान तकनीकी सहायक मती खिलेशवरी कुर्रे, सचिव शांतनु प्रसाद गायकवाड़, सरपंच बरसन नवरंगे, रोज़गार सहायक कन्हैयालाल ठाकुर, कंप्यूटर ऑपरेटर और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें। वहीं ग्राम पंचायत दमोदा खुर्सीडीह के अमृत सरोवर तालाब में भी विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के जनपद सदस्य मती माना बाई देशमुख, सरपंच अश्वनी यादव, सचिव मति वर्षा उइके, तकनीकी सहायक मती दीप्ति सिंह, रोजगार सहायक पुकेश्वर, पंच, वरिष्ट नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# ओवरलोड ट्रक का यातायात पुलिस ने काटा 44 हजार का चालान

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल सड़क दुर्घटनाओं को लेकर बेहद गंभीर हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात पुलिस व सभी थाना, चौकी प्रभारी को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार मोटर व्हीकल एक्ट कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के पालन में प्रतिदिन यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग व चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कल सुबह रायगढ़-पूंजीपथरा मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीपी 0232 में फैक्ट्री मटेरियल क्षमता से अधिक लोड पाया गया। वाहन का पंचनामा कर ट्रैफिक




डीएसपी रमेश कुमार चंद्रा द्वारा वाहन चालक नवीन यादव निवासी जमुई (बिहार) हाल मुकाम भिलाई दुर्ग का मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 113,194 के तहत 44,000 का चालान काटा गया है। यातायात पुलिस की आगे भी यातायात मानदंडों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## संपादकीय

# अयोध्या सीट भाजपा पराजित

**अयोध्या को शामिल करने वाली फैजाबाद संसदीय सीट** पर भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा है। विपक्ष इसे भाजपा की बड़ी विफलता की तरह पेश कर रहा है। भाजपा जनता में व्याप्त यह विश्वास दुहराती रही है कि 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे।' लेकिन लगता है कि यह भावना सारी जनता तक पूरी भावनात्मकता से नहीं पहुंची थी। वैसे तो अयोध्या में भाजपा की पराजय के अनेक कारण हो सकते हैं, पर लगता है कि इस सीट पर जनता का बड़ा हिस्सा असाधारण विकास से स्वयं को मिलने वाले लाभों के बारे में आश्वस्त नहीं था। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही यहां असाधारण, अभूतपूर्व व अकल्पनीय विकास हुआ है। इस विकास में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा तथा अनेक पंचसितारा होटल शामिल हैं। अब रोज लाखों देशी-विदेशी तीर्थयात्री अयोध्या आ रहे हैं। इससे अयोध्या नगरी विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से उभरी है। इसका लाभ अंतत: अयोध्यावासियों को भी मिलेगा। लेकिन संभवत: व्यापक विकास गतिविधियों के कारण पैदा अव्यवस्था तथा भारी संख्या में पर्यटकों के आने से पैदा थोड़ी मानसिक अशांति ने लोगों को व्यथित किया है। शायद भाजपा अपनी बात भी जनता तक ठीक से नहीं पहुंचा सकी। इसका नतीजा फैजाबाद से भाजपा सांसद लल्लू सिंह की सपा उम्मीदवार अवधेश प्रसाद से पराजय के रूप में सामने आया है। लल्लू सिंह भाजपा के दो बार सांसद रह चुके हैं और इस बार वे हैट्रिक लगाने की तैयारी में थे। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने से पहले अयोध्या समेत फैजाबाद बहुत पिछड़ा क्षेत्र था। अयोध्या में अक्सर अराजकता जैसी स्थिति रहती थी तथा खराब ढांचागत व्यवस्था के कारण यहां आने वाले श्रृद्धालुओं को बहुत कष्ट होता था। अब ये सारी चीजें काफी सीमा तक बदल गई हैं, पर इसके साथ ही जनता की महत्वाकांक्षायें भी परवान चढ़ी हैं। इसी कारण शायद वह अपने सांसद से पूर्ण संतुष्ट नहीं थी।



जहां तक राम मंदिर से जुड़ी धार्मिक भावनाओं का मामला है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार शुरू से ही 'विरासत भी, विकास भी' के मार्ग पर चल रही है। इसके पहले की सरकारें 'छद्म पंथनिरपेक्षता' के नाम पर भगवान राम का अस्तित्व ही स्वीकार करने को तैयार नहीं थीं तथा उन्होंने अदालत में राम मंदिर पर फैसले को यथासंभव टालने और उलझाने का काम किया था। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद भी अयोध्या में मंदिर निर्माण के काम में बाधायें पैदा करने के प्रयास हुए। विपक्ष ने अयोध्या के विकास से प्रभावित लोगों को समुचित मुआवजा न मिलने का आरोप लगाया है, पर वह इसके एक भी प्रमाण नहीं दे सका है। अयोध्या की अधिकांश जनता भव्य राम मंदिर बनने के बाद अपने शहर के असाधारण विकास से अभिभूत है, लेकिन वह पूरे फैजाबाद संसदीय क्षेत्र का बहुत छोटा हिस्सा है। भाजपा को निश्चित रूप से अन्य क्षेत्रों के साथ फैजाबाद संसदीय सीट में पराजय पर आत्मावलोकन और विश्लेषण करना चाहिए। लेकिन अयोध्या में भाजपा उम्मीदवार की पराजय को भाजपा की सैद्धान्तिकी या विकास दृष्टिकोण में विकृति के रूप में पेश करना किसी प्रकार उचित नहीं है। इसे 'विकास बनाम आध्यात्मिकता' के रूप में भी पेश करना गलत होगा। भाजपा सरकार ने हमेशा विरासत संरक्षण के साथ आर्थिक विकास पर जोर दिया है। भव्य श्रीराम मंदिर बनने के बाद अयोध्या 'विश्व नगरी' बनने जा रही है जिसका लाभ सभी भारतवासियों के साथ अयोध्यावासियों को भी मिलेगा।

# समाज कार्य का सांस्कृतिक पुनरुद्धार

आधुनिक व स्वदेशी विधियों को भारतीय समाज कार्य से जोड़ने पर उसे ज्यादा गहराई मिलती है और उसका प्रभाव बढ़ता है। हमें भारतीय समाज कार्य दिवस मनाना चाहिए।



**विनीत प्रकाश**
(लेखक, समाज कार्य क्षेत्र से संबद्ध हैं)



हर पेशा अपने आप में विशिष्ट है और उसका सामाजिक विकास तथा वृद्धि के लिए महत्व है। लेकिन समाज कार्य पर जिम्मेदारी बहुत अधिक है। उसे लोगों और समुदायों की सेवा करते हुए उनको ऊपर उठाने का प्रयास करना होता है। इसमें जनता व उसके परिवेश के साथ काम करते हुए एकसाथ बाहरी और आंतरिक आयामों पर ध्यान देना होता है। समाज कार्य का अर्थ केवल लोगों की परिस्थितियों के प्रति संवेदनशीलता न होकर उनकी समस्याओं के संभावित समाधान तथा विकल्प खोजना है। वर्तमान भारत में समाज कार्य एक पेशे के रूप में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र की तरह विकसित हो रहा है। पिछले दशक में इस पेशे ने अपने दायरे का विस्तार किया है तथा पूरे देश में स्वयं को स्थापित किया है।

यह देख कर खुशी होती है कि बढ़ती संख्या में युवा पेशेवर इसे अपने कॅरियर का मार्ग बना रहे हैं। भारत को ऐसे युवा मस्तिष्कों तथा पेशेवरों की आवश्यकता है जो जमीनी स्तर पर काम करते हुए ऐसी नीतियां बना सकें जिनसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को संबोधित किया जा सके। लेकिन यहां यह सवाल पूछना जरूरी है कि क्या हम सचमुच यह आवश्यकता पूरी कर रहे हैं। समाज कार्य ऐसा पेशा है जिसका वैश्विक स्तर पर समृद्ध इतिहास है।

इसकी शुरुआत बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में विश्वविद्यालयों में समाज कार्य शिक्षा कार्यक्रमों से हुई थी। अमेरिका और यूरोप ने समाज कार्य के विकास में केन्द्रीय भूमिका अदा की। उन्होंने सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक विधियों तथा व्यवस्थित दृष्टिकोण पर खासतौर से जोर दिया। भारत में समाज कार्य की गहरी जड़ें हैं जो प्राचीन काल में 'सेवा' की अवधारणा से जुड़ी हैं। यह हमारे सामाजिक जीवन का अभिन्न अंग रहा है। आधुनिक काल में इस पेशे की शुरुआत औपनिवेशिक काल में हुई जब अवस्थापना ने औपचारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए। 1936 में स्थापित टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज़-टिस की स्थापना हुई जो भारत में पेशेवर समाज कार्य शिक्षण देने वाला पहला संस्थान था। इसके बाद से इस पेशे का काफी विकास हुआ और इसने देश की विशिष्ट सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक संदर्भों को अपने भीतर समाहित किया।

भारत की शक्ति उसकी विविधता में है जिसमें विभिन्न भाषायें, भोजन व्यवहार, संस्कृतियां एवं परिवेश शामिल हैं। हमारा देश अनेक धर्मों, जातियों और कबीलों का देश है जिनमें से प्रत्येक के अपने अलग विशिष्ट सामाजिक मुद्दे हैं। इन समस्याओं का समाधान सबके लिए एक जैसा नहीं हो सकता है और उनको विशिष्ट समुदायों तथा स्थितियों के अनुकूल बनाना होता है। भारत के स्वदेशी दृष्टिकोण को कठोर चुनौतियों से निपटने में सहायता मिली है। इसके साथ ही आधुनिक समाज कार्य व्यवहारों के समायोजन से इन मूल्यवान परंपराओं को संरक्षित व प्रोत्साहित किया जा सकता है। स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, बी.आर. अंबेडकर, सावित्री बाई फुले, सैय्यद अहमद खान, पंडिता रमाबाई, विनोबा भावे और अनेक अन्य समाज सुधारकों ने न केवल अपने समय की जटिल चुनौतियों को संबोधित किया, बल्कि उन सिद्धान्तों की नीव डाली जा आज भी हमें निर्देशित कर रहे हैं। लेकिन भारत में समाज कार्य का वर्तमान पाठ्यक्रम तथा शिक्षण विषयवस्तु में स्वदेशी दृष्टिकोण के बजाय औपनिवेशिक युग के प्रभाव अधिक हैं। समय आ गया है कि हम आवश्यक सुधारों के लिए आत्मावलोकन करें। स्वतंत्रता के 75 साल बाद आवश्यक है कि समाज कार्य शिखा तथा व्यवहार का भारतीयकरण किया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह भारतीय संदर्भों में प्रासांगिक हो। हालांकि, विचारों का आदान-प्रदान महत्वपूर्ण है, पर यह बहुआयामी होना चाहिए तथा इसमें भारत में समृद्ध समाज कार्य विरासत को समाहित किया जाए। ऐतिहासिक रूप से भारत में समाज कार्य की जड़ें सामुदायिक विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा, आपदा प्रतिक्रिया एवं राहत तथा एडवोकेसी व मानवाधिकार व्यवहारों से जुड़ी हैं जिनमें स्वदेशी दृष्टिकोण दिखाई देता है।

स्वतंत्रता के पहले सामुदायिक विकास एक प्रभावशाली उपकरण के रूप में उभरा जिसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबी को संबोधित करना, कृषि व्यवहारों को बढ़ावा देना, तथा विश्वसनीय व सामूहिक लेनदेन शक्ति बढ़ा कर किसानों का सशक्तीकरण था। स्वतंत्रता के बाद चिपको आंदोलन ने समुदाय संचालित पर्यावरण एक्टिविज्म का उदाहरण पेश किया जिसमें ग्रामीण व खासकर महिलाओं ने निर्वनीकरण रोकने के लिए पेड़ों को गले लगाया था। इससे टिकाऊ विकास में सामुदायिक सहभागिता का महत्व प्रकट होता है।

स्वतंत्रता के पहले परंपरागत स्वास्थ्यरक्षा व्यवहार, जैसे योग, आयुर्वेद व यूनानी ने आसान पहुंच वाली स्वास्थ्यरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में इनका व्यवहार करने वालों ने सामुदायिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान किया। स्वतंत्रता के पश्चात पल्स पोलियो प्रतिरक्षीकरण अभियान ने दिखाया कि प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य समाज कार्य के माध्यम से सरकारी एजेंसियों, एनजीओ तथा स्थानीय समुदायों के बीच महत्वपूर्ण संपर्क विकसित किए जा सकते हैं जिन्होंने पोलियो उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

शिक्षा के क्षेत्र में स्वतंत्रता के पहले परंपरागत गुरुकुल व्यवस्था ने समग्र व मूल्य-आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित किया जिसमें भौतिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक विकास को व्यक्तिगत शिक्षण के माध्यम से बढ़ावा दिया गया था। स्वतंत्रता के पश्चात भारत ने शिक्षा पहलों का प्रयोग किया जिनमें स्वदेशी समाज कार्य दृष्टिकोण शामिल थे। इनमें सर्वशिक्षा अभियान, मिडडे मील योजना तथ शिक्षा अधिकार कानून शामिल हैं।

इन सबमें समावेशन और सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया गया था। स्वतंत्रता के पहले राजा राममोहन राय तथा ईश्वर चंद्र विद्यासागर जैसे समाज सुधारकों ने सती और बाल विवाह जैसी सामजिक बुराइयों के उन्मूलन में योगदान किया। इससे सामाजिक मानकों तथा व्यवहारों में महत्वपूर्ण बदलाव आए। स्वतंत्रता के बाद सूचना अधिकार-आरटीआई आंदोलन ने नागरिकों का सशक्तीकरण कर उनको सरकार को जवाबदेह ठहराने, पारदर्शिता को बढ़ावा देने तथा सुशासन को प्रोत्साहित करने में योगदान किया। इन उदाहरणों से भारत में समाज कार्य का असली इतिहास सामने आता है जो गहराई से स्वदेशी व्यवहारों तथा मूल्यों से जुड़ा है। इसमें सामुदायिक सहभागिता, टिकाऊपन तथा सांस्कृतिक प्रासांगिकता पर जोर दिया गया था। इन स्वदेशी व्यवहारों को आधुनिक समाज कार्य व्यवहारों में जोड़ने से इन मूल्यों और परंपराओं को संरक्षण देने के साथ ही समकालीन सामाजिक चुनौतियों का सामना करने में सहायता मिलती है।

समाज कार्य में आधुनिक और परंपरागत दृष्टिकोणों के बीच संवाद समुदायों पर टिकाऊ प्रभाव के लिए जरूरी है। आधुनिक क्रियाविधियों में खोजी विचारों और तकनीकों पर जोर दिया गया है जिनमें प्रमाण-आधारित व्यवहार तथा डेटा-संचालित निर्णय प्रक्रियायें शामिल हैं ताकि इनके प्रभावों का मापन किया जा सके। दूसरी ओर स्वदेशी दृष्टिकोण स्थानीय संदर्भों की गहरी व मूल्यवान जानकारी देते हैं, सामुदायिक सहभागिता पर जोर देते हैं तथा दीर्घकालीन प्रभाव व टिकाऊपन के लिए सांस्कृतिक प्रासांगिकता को महत्व देता है। इन दृष्टिकोणों को समाहित कर सामाजिक कार्यकर्ता दोनों की शक्तियों का लाभ उठा सकते हैं, विश्वास बना सकते हैं, स्थानीय परंपराओं का सम्मान कर सकते हैं तथा समुदायों को ज्यादा टिकाऊ व प्रभावशाली हस्तक्षेपों से सशक्त बना सकते हैं। हर साल मार्च के तीसरे मंगलवार को विश्व सामाजिक कार्यदिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इसे 19 मार्च, 2014 को मनाया गया। भारत के लंबे इतिहास तथा समाज कार्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव को देखते हुए अब समय आ गया है कि हम एक दिन को 'भारतीय समाज कार्यदिवस' के रूप में मनाएं। इससे न केवल भारतीय समाज सुधारकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की विरासत का सम्मान होगा, बल्कि हम भारतीय जनता की बेहतर सेवा के लिए स्वदेशी व्यवहारों को प्रोत्साहित कर सकेंगे।

# मोदी की तीसरी पारी में, उम्मीदें, चुनौतियां व अवसर

**शशांक सौरव**
(लेखक, लोक नीति विश्लेषक हैं)



पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए ने आम चुनाव में मामूली जीत दर्ज की है और यह हमारे संसदीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक क्षण है जब किसी नेता ने लगातार तीन बार जीत हासिल की है। रिकॉर्ड के लिए, पंडित जवाहरलाल नेहरू और श्रीमती इंदिरा गांधी ने भी तीन चुनाव जीते और सरकार बनाई, लेकिन इक्कीसवीं सदी के भारत में यह करिश्मा एक और महत्व रखता है क्योंकि अब हमारा लोकतंत्र अधिक परिपक्व है और जनता तक सूचना आसानी से पहुंच रही है। जबकि एनडीए सरकार द्वारा उठाए गए जन-हितैषी कदमों के बारे में पहले ही बहुत कुछ कहा जा चुका है, जिसके कारण यह जीत मिली है, अब समय आ गया है कि हम इस बात पर ध्यान दें कि हमें मोदी 3.0 से क्या उम्मीद करनी चाहिए, क्योंकि यह कार्यकाल पीएम मोदी की विरासत को परिभाषित करने वाला है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन की चुनावी वापसी को प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत छवि में गिरावट के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए। हम ऐसे युग में रह रहे हैं जब ब्रांड मोदी पहले से कहीं अधिक लोकप्रिय है और लोग पीएम के समर्थन से जनप्रतिनिधि बन रहे हैं, तो उन्हें अपनी आभा और ताकत का इस्तेमाल स्वच्छ राजनीति को बढ़ावा देने के लिए करना चाहिए। ऐसी आशंका है कि धीरे-धीरे हमारा लोकतंत्र अभिजात वर्ग बन जाएगा, जहां साधारण पृष्ठभूमि से आए लोगों को खड़े होने की जगह नहीं मिलेगी।

यह एक ऐसी घटना है जिसे हम दक्षिण एशिया में देख रहे हैं, जहां राजनीतिक प्रतिनिधित्व एक वंशानुगत वंश की तरह होता जा रहा है। मेरा यह मतलब नहीं है कि साधारण पृष्ठभूमि से आए लोगों के लिए इस व्यवस्था में कोई जगह नहीं है, लेकिन एक आम आदमी के लिए स्थापित राजनीतिक खिलाड़ियों के पैसे और ताकत का सामना करना मुश्किल होता जा रहा है। राहुल गांधी के विचार इस देश के लिए खतरा हैं और यह देश के लिए अच्छा है कि इंडी गठबंधन का विभाजनकारी एजेंडा खुलकर सामने आ गया। हालांकि, इस देश को पीएम मोदी से बहुत उम्मीदें हैं। यह एक खुला रहस्य था कि यह लड़ाई मोदी के नाम पर लड़ी गई थी और वह अभियान का चेहरा थे, चाहे उनकी पार्टी का कोई भी उम्मीदवार हो। यह बहुत अच्छा होता अगर पीएम मोदी इस अवसर का उपयोग हमारे राजनीतिक ढांचे को वंशवाद और दलबदलुओं के चंगुल से मुक्त करने के लिए करते। क्षेत्रीय दल बहुत पहले ही परिवार के स्वामित्व वाली निजी लिमिटेड कंपनियां बन चुके हैं, लेकिन विचारधारा और सिद्धांतों की राजनीति की बात करें तो भाजपा हमेशा दूसरों से अलग रही है। इसका संबंध भाजपा पर संघ के वैचारिक प्रभाव से अधिक है, जो भाजपा के लिए अन्य राजनीतिक दलों की तुलना में नैतिक मानदंड को ऊंचा करता है। यह चुनाव कई क्षेत्रीय दलों के लिए वाटरलू साबित हुआ और कुछ ने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि अन्य खत्म हो गए। संख्या के खेल ने मोदी और उनकी टीम को ऐसी स्थिति में ला खड़ा किया है, जहां उन्हें अपने सहयोगियों के साथ बातचीत करनी होगी और यह सौदा कठिन होने वाला है। अगली सरकार भी पीएम मोदी की क्षमता का परीक्षण करेगी, क्योंकि वह अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए 2 के दौरान भ्रष्टाचार के पीछे गठबंधन राजनीति की मजबूरियां प्रमुख कारणों में से एक थीं। अब भाजपा की दक्षिणी भारत में मजबूत उपस्थिति है और बहुत जल्द यह वहां भी एक प्रमुख खिलाड़ी बन सकती है। हालांकि भाजपा ने कर्नाटक में अपने दम पर सरकार बनाई थी, लेकिन मोदी को इसे अखिल भारतीय पार्टी में बदलने का श्रेय दिया जाना चाहिए। हालांकि, इस चुनाव ने क्षेत्रीय दलों के पुनरुत्थान पर भी मजबूत संकेत दिए हैं। उदाहरण के लिए, बिहार ने यह संदेश दिया है कि हालांकि मतदाता पीएम मोदी पर भरोसा करते हैं, लेकिन भाजपा को एक मजबूत स्थानीय चेहरे की जरूरत है।



स्थानीय स्तर पर मजबूत नेतृत्व तैयार करने से अन्य राज्यों में लाभ मिला है और बिहार जैसे राज्यों में भी इसे दोहराने का समय आ गया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को ऐसे युवाओं को आगे लाना चाहिए जो विचारधारा से जुड़े हों और जिनमें योग्यता हो। बहुत से लोग सक्षम हैं और राजनीति में प्रवेश करना चाहते हैं, लेकिन वे असमर्थ हैं क्योंकि उनके पास आवश्यक साधन और संपर्क नहीं हैं।

यह देखते हुए कि मोदी को पूरी छूट नहीं मिल सकती है, एक और बिंदु जिस पर मोदी 3.0 में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी, वह है उन मुद्दों से निपटना जो मूल विचारधारा और सांस्कृतिक कायाकल्प से संबंधित हैं। हमने पिछले 10 वर्षों में देखा है कि हमारी जड़ों को पोषित करना और विकास एक साथ हो सकता है। विकास एक सतत प्रक्रिया है, लेकिन सभ्यतागत क्षति अपरिवर्तनीय है और हमने अपने इतिहास में इसका गवाह बनना पड़ा है। कई मुद्दे कानून के दायरे में हैं और भाजपा अक्सर कांग्रेस पर इन गलतियों का आरोप लगाती है।

अगर एनडीए सरकार 2029 तक बनी रहती है तो भाजपा आजादी के बाद से सत्ता में दो दशक से अधिक समय पूरा कर लेगी और मोदी जवाहरलाल नेहरू के बाद सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बन जाएंगे। ऐसी कई बड़ी भूलें और ऐतिहासिक अन्याय हैं जिन्हें संसद के अधिनियम द्वारा निरस्त किया जा सकता है, इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि मोदी 3.0 इन्हें किस प्रकार प्राथमिकता देता है।

## आप की बात

### एकजुट एनडीए

**एनडीए** के दलों ने एकजुट होकर नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन दिया है। इससे स्पष्ट है कि एनडीए पहले की तरह मजबूत है। तेलुगू देशम, जनता दल यूनाइटेड व अन्य सहयोगियों के शामिल होने से एनडीए का कुनबा आज और बढ़कर 300 पार चला गया है। वैसे तो कांग्रेस और इंडिया के नेताओं ने एनडीए में शामिल चंद्रबाबू नायडू व नीतीश कुमार को अपने साथ लाने के सारे प्रयास किए, लेकिन ये प्रयास विफल हो जाने पर उनको कहना पड़ा कि वे भविष्य में उचित समय की प्रतीक्षा करेंगे। यह उसी लोमड़ी की तरह है जो तमाम प्रयासों के बावजूद अंगूर न मिलने पर अंगूर खट्टे हैं, कह कर भाग गई थी। भाजपा ने आंध्र प्रदेश में काफी सोच-विचार के बाद चंद्रबाबू नायडू की पार्टी से गठबंधन किया था और अब नायडू अपने राज्य में मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। विधानसभा में भाजपा-तेदेपा गठबंधन ने वाईएसआर कांग्रेस को सत्ता से हटाने में सफलता पाई है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से नायडू केन्द्र के सहयोग से अपने प्रदेश के विकास पर पूरा ध्यान देंगे। नीतीश कुमार अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए का मुख्यमंत्री चेहरा हैं। ऐसे में एनडीए की एकजुटता पर संदेश विपक्ष का मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसा सपना ही लगता है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### राहुल की लफ्फाजी

**चुनाव नतीजों** के बाद राहुल गांधी ने कहा कि शेयर बाजार में स्कैम हुआ है जिससे निवेशकों को 30 लाख करोड़ का नुकसान हो गया। राहुल गांधी की इस लफ्फाजी का कोई अर्थ नहीं है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने चुनाव पूर्व कहा था कि केंद्र में स्थायी सरकार और शेयर बाजार में तेजी आएगी। ये एक सामान्य सी बात है कि शेयर बाजार बहुत ही संवेदनशील होता है। केंद्र में सत्ता परिवर्तन से मार्केट प्रभावित होता है। लेकिन इसे घोटाला कहना राहुल गांधी की अति-सक्रियता तथा मोदी को येन-केन-प्रकारेण घेरने की इच्छा का ही प्रतीक है। नतीजों के पूरे होते ही सकारात्मक स्थिति बनते देख बाजार में फिर रौनक लौटने लगी है। मोदी सरकार पर गठबंधन सहयोगियों के संभावित दबाव के बावजूद उन पर बाजार का विश्वास बना हुआ है। इसमें राजनीति करने तथा जांच के लिए जेपीसी गठित करने की मांग केवल बयानबाजी के सिवा और कुछ नहीं है। ऐसे में पीयूष गोयल का यह कहना ढीक है कि भले ही राहुल गांधी सत्ता तक न पहुंच पाए हों, पर वे अंध मोदी-विरोध में देश की अर्थव्यवस्था को परोक्ष रूप से नुकसान पहुंचाने का प्रयास जरूर कर रहे हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### पर्यावरण की चिन्ता

**अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस** की औपचारिकता देश दुनिया में पूरी की गयी। राष्ट्रसंघ महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में अमेरिकी प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय से जलवायु कार्रवाई पर अपना विशेष संबोधन दिया। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि हम सत्य के क्षण पर खड़े हैं। जलवायु के मामले में हम डायनासोर नहीं हैं, हम उल्का हैं। हम न केवल खतरे में हैं, बल्कि हम स्वयं खतरा हैं। लेकिन हम समाधान भी हैं। यूरोपीय आयोग की जलवायु परिवर्तन सेवा की नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली मई इतिहास में सबसे गर्म महीना था। गुटरेस ने कहा कि 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि सीमा को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से ऊपर बनाए रखने के लिए वैश्विक उत्सर्जन में हर साल नौ प्रतिशत कमी जरूरी है। गुटेरेस ने मांग की है कि तेल, गैस और कोयले के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाया जाए क्योंकि ये ग्लोबल वार्मिंग के मुख्य कारक हैं। पर्यावरण संकट का खतरा हमारे और आपके दरवाजे पर दस्तक देना प्रारंभ कर चूका है। लू लगने के कारण इस साल सबसे ज्यादा मौतें भारत में हुई है। पर्यावरण के प्रति गंभीरता जरूरी है क्योंकि केवल औपचरिकता कर हम भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रकोप से बचा नहीं पाएंगे।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### कंगना रनौत पर हमला

**चंडीगढ़** हवाई अड्डे पर नव-निर्वाचित सांसद कंगना रनौत पर एक महिला सीआईएसएफ कांस्टेबल द्वारा गाली गलौज कर थप्पड़ मारने जैसी शर्मनाक हरकत नितान्त निन्दनीय है। यदि कंगना रनौत ने किसान आंदोलन के दौरान किसी को न पसंद आने वाला कोई बयान दिया भी हो तो उसे उनके खिलाफ हिंसा का कारण बनाना उचित नहीं है। सुरक्षा बल में तैनात महिला द्वारा किसी आम आदमी व खासकर सांसद के खिलाफ हिंसा को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए कम है। अब कंगना रनौत अभिनेत्री ही नहीं बल्कि एक जिम्मेदार सांसद भी बन गई है जिसपर उसकी लोकसभा क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी है। देश और खासकर पंजाब में हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाना इसलिए भी जरूरी है कि एक इस्लामी अतिवादी और एक सिख अतिवादी जेल में बंद होने के बावजूद संसद सदस्य बनने में सफल हुए हैं। पिछली संसद में कुछ अराजक तत्वों द्वारा की गई घटना से सबक लेकर सांसदों की सुरक्षा व्यवस्था संसद के बाहर भी और मजबूत की जानी चाहिए।

– **भगवानदास छारिया**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कांकेर लोकसभा से भोजराज नाग के जीत पर दल्लीराजहरा भाजपा मंडल ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी (एनडीए) की केंद्र में सरकार बनने व कांकेर के लोकसभा से भोजराज नाग के जीत पर दल्लीराजहरा भाजपा मंडल ने उन्हें बधाई दी। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतगणना के पश्चात एनडीए गठबंधन की सरकार बन गई है जिसमें नरेंद्र मोदी को गठबंधन का अध्यक्ष भी चुन लिया गया है । छत्तीसगढ़ में 11 सीटों में बीजेपी 10 सीटों में बहुमत हासिल की है । कांकेर लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के भोजराज नाग ने जीत दर्ज की है। भोजराज नाग को 5976 24 मत प्राप्त हुआ हैं कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर 595740 मत मिले। कांकेर लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने 1884 मतों के अंतर से कांग्रेस के बीरेश ठाकुर को हराया है एक बार फिर जनता ने कमल के फूल पर भरोसा जताया है। दल्लीराजहरा मंडल के 38 बूथ में से एक दो बूथ को छोड़कर लगभग सभी बूथों में भाजपा को लगभग 5164 वोट के बढ़त मिलने पर दल्लीराजहरा मंडल के समस्त पदाधिकारीयों कार्यकर्ताओं एवं बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं सहित सभी 38 बूथ के मतदाताओं का आभार, कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग द्वारा की व्यक्त किया है। दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी द्वारा कहा गया की 38 बूथों से मंडल के सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी बूथ के कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत का, परिणाम है कि विधानसभा में भी इसी तरह की बढ़त मिली थी कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ लोकसभा चुनाव में मेहनत किया जिससे बढ़त मिली है दल्ली राजहरा मंडल अध्यक्ष द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता यंज्ञदत्त शर्मा, यशवंत जैन, कृष्णकांत पवार जिला अध्यक्ष पवन साहू जिला महामंत्री चमन देशमुख राकेश यादव(छोटू) विधानसभा प्रभारी राजेश ताम्रकार, सह प्रभारी देवेंद्र माहला विधानसभा संयोजक राजेश दसोड सहसंयोजक जयेश ठाकुर मंडल प्रभारी अनीता कुमेटी सभी वरिष्ठ जनों का सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा समस्त मडंल पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के, अध्यक्ष पदाधिकारी कार्यकारिणी के सदस्य शक्ति केंद्र के पदाधिकारी बूथ के कार्यकर्ता सहित समस्त पार्षद जनप्रतिनिधियों एवं दल्लीराजहरा मंडल के सभी बूथ के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने कहा भारतीय जनता पार्टी के प्रति आप सब का सहयोग इसी तरह से भविष्य में भी बना रहे। आगामी समय में नगरीय निकाय चुनाव में भी संगठन के कार्यकर्ता जीत के लिए पूरी तरह से, एक जुट होकर मेहनत कर विजय प्राप्त करेंगे। नवनिर्वाचित सांसद को मिठाई खिलाकर बधाई दी इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह मदन मायती, मंडल उपाध्यक्ष रमेश गुर्जर उपस्थित थे।

# कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर विकास कार्यों का जायजा लिया

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 7 जून को डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बोरिद एवं कुसुमटोला में पहुंचकर जल संसाधन विभाग द्वारा बांध निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता से बांध निर्माण हेतु प्रस्तावित कार्य के प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के पश्चात् निर्धारित स्थल पर बाँध के लिए बजट में शामिल करने के लिए प्रस्तावित किया जाएगा। चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को इसके संबंध में समय-सीमा बैठक में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम कुसुमटोला में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित बाँध का भी अवलोकन किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने ग्राम कुसुमटोला में बाँध के निरीक्षण के पश्चात् वापसी के समय झोपड़ी में निवासरत् महिला के पास पहुँचकर उनका हाल-चाल जाना। चन्द्रवाल ने ग्रामीण महिला से संवेदनशीलता के साथ बातचीत कर उनके रहने के लिए आवास आदि के संबंध में जानकारी ली। महिला के द्वारा निवास हेतु पक्का आवास नहीं होने की जानकारी देने पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से नियमानुसार लाभांवित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को इस महिला के लिए आवास योजना की स्वीकृति की कार्यवाही प्रतीक्षा सूची के परीक्षण के उपरांत तत्काल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल के मधुर एवं आत्मीय व्यवहार से ग्रामीण महिला प्रसन्न एवं बहुत ही अभिभूत नजर आ रही थी। चन्द्रवाल ने ग्राम अवारी में ठोस एवं अपशिष्ठ तरल प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण कर वहाँ निर्मित शेड के संबंध में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्राम अवारी में स्थित 16 एकड़ में फैले आम्रकुंज का भी अवलोकन किया। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पौधों की सिंचाई हेतु पानी की समुचित व्यवस्था एवं बगीचे के अंदर शेड निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पीयूष देवांगन, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बीईएमएल के ठेका श्रमिकों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



बी ई एम एल के ठेका श्रमिकों के 2019 से लंबित कार्य के अनुसार वर्गीकरण के मुद्दे का अब तक निराकरण नहीं हो पाने की वजह से बी ई एम एल के ठेका श्रमिकों के अंदर गुस्सा सुलग रहा है, जो कभी भी विकराल रूप धारण कर सकता है। जन मुक्ति मोर्चा के सचिव बसंत रावटे ने बताया कि बी एस पी प्रबंधन और बी ई एम एल प्रबंधन जानबूझकर ठेका श्रमिकों के क्लासिफिकेशन के मुद्दे को लटका कर रख रहा है वर्तमान समय में ठेका मजदूरों के द्वारा कुल उत्पादन का 70 से 80 प्रतिशत उत्पादन किया जाता है किंतु जब लाभ देने की बारी आती है तो बी एस पी आनाकानी करने लगती है। विगत 5 वर्षों से जब- जब मजदूरों के पक्ष में फैसला आने का समय आता है तब-तब प्रबंधन और बी ई एम एल प्रबंधन मजदूरों को आपस में उलझाकर इसे लम्बित रखा है। बसंत रावटे ने आगे कहा कि उप मुख्य श्रमायुक्त ने इस मामले में प्रबंधन को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया था किंतु उसका निराकरण नहीं होने पर जन मुक्ति मोर्चा के द्वारा माइंस आफिस के पास आमरण अनशन भी किया गया था। तब तत्कालीन सांसद मोहन मंडावी ने मजदूरों से मुलाकात कर इस मामले पर बी एस पी के उच्चाधिकारियों को कहा था कि मजदूरों की मांग जायज है तो तत्काल इनका निराकरण करने निर्देशित किया था किंतु आदर्श आचार संहिता लागू होने की वजह से मामला अटक गया। 06 जून को सहायक श्रमायुक्त (केंद्रीय)के द्वारा बैठक रखी गई थी किंतु उस बैठक में ना ही बी एस पी प्रबंधन और ना ही बी ई एम एल प्रबंधन बैठक में शामिल हुआ जो यह दर्शाता है कि प्रबंधन इस मामले को जानबूझकर पूरा नहीं होने देना चाहता ।बसंत रावटे ने इस मामले को अनुविभागीय अधिकारी के संज्ञान में भी दिया गया की अविलंब इस मामले का उचित निराकरण कराया जाय । सहायक श्रमायुक्त केंद्रीय को भी 15 दिनों के भीतर उचित निराकरण नहीं होने पर मजदूर सीधी कार्यवाही हेतु बाध्य होंगे जिसकी समस्त जवाबदेही बी एस पी प्रबंधन और बी ई एम एल प्रबंधन की होंगी ।

# बेमेतरा में आंधी-तूफान बाधित विद्युत आपूर्ति को कड़ी मेहनत से किया दुरुस्त

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मौसम बदलने के कारण बेमेतरा जिले में 05 जून 2024 को आंधी-तूफान के कारण विद्युत वितरण तंत्र को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा। तूफान की भयावहता के कारण बेमेतरा जिला मुख्यालय के सिविल लाइन एवं आसपास के क्षेत्रों में दर्जनों पेड़ विद्युत लाइनों के उपर गिर गए थे एवं सैकड़ों डंगाले विद्युत लाइन के तारों में फंस गई थी, जिसके कारण बिजली के खंभे सहित वितरण तंत्र में ब्रेक-डाउन का गहरा असर हुआ था। इस व्यवधान को दूर करने के लिए विद्युत कर्मियों ने दिन-रात एक कर दिया और यथासंभव जल्दी से जल्दी विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी। जिसके कारण रात का अंधेरा गहराने के पहले ही बिजली की रोशनी लौट आई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों को सुशासन के लिए प्रेरित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए है कि जनहित से जुड़े विषयों और सेवाओं पर पूरी तत्परता से ध्यान देना है। इसके अनुपालन में विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद तथा एम.डी. पारेषण एवं वितरण राजेश कुमार शुक्ला ने मैदानी अमले को विशेष हिदायतें दी है। 05 जून 2024 की प्रथम पहर में बेमेतरा में जब आंधी-तूफान से क्षेत्र के सभी फीडर ट्रिप हो गए तो विद्युत कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभाला। तेज आंधी-तूफान के कारण ट्रांसफार्मर, डी.पी., 11 के.व्ही. लाइनों एवं एलटी लाइनों के 30 से अधिक खंभे पूरी तरह से टूट गए एवं अनेक स्थानों में बिजली लाइन के तार भी बुरी तरह से टूट गए। विद्युत वितरण तंत्रों में हुई टूटफूट के कारण



बेमेतरा षहर की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जनसामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में मुस्तैद विद्युत कर्मियों द्वारा जंपर काटकर आइसोलेट किया गया एवं यथासंभव सुरक्षित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति चंद घंटों में ही बहाल कर दी गई। प्रभावित क्षेत्रों में भारी पेड़ों की डंगाले काटकर विद्युत तारों को निकाला गया एवं आवष्यकतानुसार नये खंभे गड़ाकर 11 के.व्ही. लाइनों को जल्द ही दुरुस्त किया गया। दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने बताया कि कर्मचारियों की सहायता से अतिरिक्त गैंग बनाकर तथा फ्यूज ऑफ कॉल ठेकेदार से अतिरिक्त गैंग लेकर सीमित समयसीमा में दुरुस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जोन के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री अपने साथ एक-एक तकनीकी कर्मचारी को लेकर अलग-अलग लाइनों में विद्युत व्यवधान को दूर किया गया। ज्यादातर उपभोक्ताओं को 2 घंटे में राहत मिल गई थी, वहीं बड़े फॉल्ट को भी रात्रि 8 बजे तक ठीक कर दिया गया। तूफान की भारी तबाही से प्रभावित विद्युत आपूर्ति बहाल करने में लगे विद्युत कर्मियों को बेमेतरा वासियों द्वारा बेहद संयमित रहकर सहयोग किया गया, जिसके कारण इस आंधी-तूफान में हुए भारी तबाही के कार्य को बेहद व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से पूर्ण किया जा सका। आपदा प्रबंधन में विद्युत कर्मियों को सहयोग करने की अपील छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण तथा वितरण कंपनी के एम.डी. राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद द्वारा राज्य मुख्यालय स्तर पर लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। विद्युत कंपनी प्रशासन ने जनता से यह अपील की है कि किसी भी स्थान पर ऐसी परिस्थितियों में धैर्य रखें क्योंकि सुधार तथा आपूर्ति बहाली का कार्य मानवीय श्रम से ही संभव होता है।

# ग्राम बाहपानी सड़क दुर्घटना तथा ग्राम पिरदा में बारूद फैक्ट्री ब्लास्ट में मृतकों एवं घायलों को स्वेच्छानुदान से मंजूर की गई राशि

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम बाहपानी में 20 मई को हुई दुःखद सड़क दुर्घटना एवं बेमेतरा जिले की भिंभौरी तहसील के ग्राम पिरदा में 25 मई को स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 51 अनुदानग्रहिताओं को अपने स्वेच्छानुदान मद से कुल 01 करोड़ 51 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए तथा घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में 19 मृतकों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से 95 लाख रूपए तथा इस घटना में 16 घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से कुल 8 लाख रूपए की राशि मुख्यमंत्री साय द्वारा स्वेच्छानुदान मद से मंजूर की गई है। इसी प्रकार बेमेतरा जिले के ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में 25 मई को हुए ब्लास्ट में एक मृतक एवं 8 लापता व्यक्तियों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से कुल 45 लाख रूपए की आर्थिक सहायता तथा इसी घटना में 7 घायलों को 50 हजार रूपए के मान से कुल 3 लाख 50 हजार रूपए की सहायता राशि की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दी है। मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में मृतक प्यारी बाई, कुमारी सोनम बाई धुर्वे, धनैया बाई धुर्वे, सिरदारी राम धुर्वे, कुमारी किरण, शांति बाई, तिको बाई, मीला बाई, जनिया बाई, मुंगिया बाई, झंगलो बाई धुर्वे, सियाबाई, पैंटोरिन बाई मेरावी, बिस्मत बाई मेरवी, लीला बाई, परसदिया देवी, भारती बाई, कुनती बाई, धानबाई धुर्वे के परिजन को 5-5 लाख रूपए की राशि तथा 16 घायलों ममता, मुन्नी बाई, गुलाब सिंह, दयाराम, शिवनाथ, महावीर, कार्तिक, धन्नू, इन्द्राणी, जोधीराम, अनिल, फूलचंद, मानसिंह, श्रीराम, रम्हउ, बजरू को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि मंजूर की है। इसी तरह ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट में मृतक सेवक राम और 8 लापता व्यक्तियों पुष्पराज देवदास, विजय देवदास, राजू ध्रुव, नीरज ध्रुव, लोकनाथ यादव, शंकर यादव, नरहर यादव, भीष्म साहू के परिजन को 5-5 लाख रूपए की राशि तथा 7 घायलों इन्द्रकुमार रघुवंशी, दिलीप ध्रुव, नीरज यादव, चंदन कुमार, मनोहर यादव, रवि कुर्रे, शेषनाथ निषाद को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि मुख्यमंत्री साय द्वारा मंजूर की गई है।

# नेशनल लोक अदालत में राजस्व प्रकरण निपटाने हेतु कलेक्टर से की गई चर्चा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आगामी नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के सफल आयोजन के संबंध में अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में कलेक्टर व प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा रणबीर शर्मा, उमेश कुमार उपाध्याय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अनिल बाजपेयी अपर कलेक्टर बेमेतरा एवं मनोज तिर्की एसडीओपी बेमेतरा के साथ बैठक ली गई। उक्त बैठक में राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग कराकर आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रोत्साहित किया एवं पूर्व में चिन्हाकिंत राजीनामा योग्य प्रकरणों के अतिरिक्त अन्य और राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग करने हेतु चर्चा की गई। अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों जैसे-खातेदारों के मध्य आपसी बटवारों के मामले, वारिसों के मध्य बटवारे के मामले, याददाश्त के आधार पर बटवारों के मामले, कब्जे के आधार पर बटवारों के मामले, सुखाधिकार से संबंधित मामले, विकय पत्र, दान पत्र वसियतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले का निपटारा सरल तरीके से किये जाने हेतु कलेक्टर शर्मा से चर्चा की गई। साथ ही नेशनल लोक अदालत में जारी नोटिस संबंधित पक्षकारों को तामिल कराये जाने में सहयोग प्रदान करने एसडीओपी बेमेतरा से विस्तृत चर्चा की गई। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराकम्य लिखित अधिनियम, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण का निराकरण किया जाना है।

# योगेश तिवारी ने शनि जयंती पर सिलघट में की विशेष पूजा अर्चना, मांगा आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम सिलघट पतोरा में न्याय के देवता भगवान शनि देव जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश तिवारी बतौर अतिथि शामिल हुए। उन्होंने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। शनि को वैदिक ज्योतिष में विशेष स्थान प्राप्त है और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या पर शनिदेव का जन्म हुआ था। शनि जयंती पर विधि-विधान के साथ शनिदेव की पूजा-आराधना करने पर शनिदोष, शनि साढ़ेसाती और महादशा से छुटकारा मिलता है। कार्यक्रम ग्राम सिलघट पतोरा मंदिर समिति सुरेश अवस्थी, निरंजन निषाद, रत्नेश, अशोक, जयकिशन, गंगाप्रशाद, भूखू, गेपाल, रतिराम, दाऊ नीलकंठ पटेल, मनोज सिन्हा, नरेश राय, यशवंत टंडन, मनोज सिंह, नरेन्द्र साहू, बीरेंद्र साहू, निर्मल साहू मंसाराम, केजू साहू , प्रकास भारत साहू, प्रहलाद साहू, पीलू, सुखीराम, सतीश गुरुजी, अश्वनी अवस्थी आदि उपस्थित थे।

# कोलंबिया कॉलेज में थिंकिंग टुवर्ड्स वाटर विजडम पॉसिबिलिटीज एंड चैलेंजेज पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया कॉलेज, रायपुर ने थिंकिंग टुवर्ड्स वाटर विजडम पॉसिबिलिटीज एंड चैलेंजेज पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। इस वेबिनार में प्रथम सत्रके मुख्य वक्ता डॉ. विपिन दुबे, हाइड्रोजियोसाइंटिस्ट, रेनवाटर हार्वेस्टिंग कंसल्टेंट और जल संरक्षण विशेषज्ञ, रायपुर (छ.ग.) तथा द्वितीय सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. दीप्ति आचार्य, सहायक प्रोफेसर, महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी, बड़ौदा, गुजरात रहीं.इस वेबिनार में हरजीत सिंह हुरा, सचिव, जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी, डॉ. अरुण कुमार दुबे, प्राचार्य कोलंबिया कॉलेज, डॉ. आभा दुबे, उप-प्राचार्य, कोलंबिया कॉलेज उपस्थित थे। इस राष्ट्रीय वेबिनार में भारत भर से 666 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. अरुण कुमार दुबे ने सभी का स्वागत किया और कार्यक्रम का परिचय प्रस्तुत किया। हरजीत सिंह हुरा ने सभी प्रतिभागियों से अपने दैनिक जीवन में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए अपनी आदतों में परिवर्तन लाने का आग्रह किया। प्रथमसत्र में डॉ. विपिन दुबे ने जल संचयन के लिए 5-आर अवधारणा (री-डयूज , रेड्यूज़, रीसायकल वेस्ट वाटर, रिचार्ज ग्राउंड वाटर, रेस्पेक्ट वाटर) पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए भारत की प्राचीन विधियों जैसे कुएं और तालाब आदि का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने जल को बचाने और वर्षा जल संचयन के माध्यम से शुद्ध जल को संरक्षित करने पर जोर दिया और भू-जल स्तर की कमी के कारणों को समझाया तथा इसे बढ़ाने के उपाय बताया। द्वितीय सत्र में हमारी मुख्य वक्ता डॉ. दीप्ति आचार्य ने जल संरक्षण में राजनीतिक पहलुओं को समझाया और इस पर प्रकाश डाला कि हमें सरकार की नीतियों को क्यों समझना चाहिए और हम जमीनी स्तर पर नीतियों को लागू करने में कितने सफल हुए हैं। उन्होंने जल संरक्षण के लिए सरकारी नीतियों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन उप-प्राचार्य डॉ. आभाभा दुबे ने दिया। इस अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय वेबिनार से सभी प्रतिभागियों को निश्चित रूप से लाभ हुआ।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में पांचवें उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत कलिंगा विश्वविद्यालय को अपने पांचवें उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह उत्कृष्टता केन्द्र सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास के लिए समर्पित है। यह महत्वपूर्ण आयोजन इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करके क्षेत्र में एमएसएमई को बढ़ावा देने और विकसित करने में एक प्रमुख मील का पत्थर है। उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना IamSMEofIndia के सक्रिय समर्थन और मार्गदर्शन से की गई है, जो देश में एमएसएमई क्षेत्र की वृद्धि और विकास के लिए काम करने वाला एक प्रमुख निजी संगठन है - जिसका उद्देश्य एमएसएमई के बीच नवाचार, उद्यमशीलता और कौशल विकास को बढ़ावा देना, छोटे और मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक समर्थन, संसाधन और वकालत प्रदान करना है।

यह केंद्र अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें उन्नत प्रयोगशालाएं, अनुसंधान केंद्र और इनक्यूबेशन स्थान शामिल हैं, जो सभी नए विचारों को बढ़ावा देने और छोटे व्यवसायों के विकास में तेजी लाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण और एमएसएमई को उत्कृष्टता केंद्र से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। अपना उत्साह व्यक्त करते हुए डॉ. गाँधी ने कहा, ÷कलिंगा विश्वविद्यालय में इस उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना में IamSMEofIndia के साथ सहयोग करने पर हमें गर्व है। इस पहल से न केवल हमारे छात्रों और संकाय को लाभ होगा, बल्कि अत्याधुनिक संसाधनों और विशेषज्ञता के साथ एमएसएमई को सशक्त बनाकर स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उद्घाटन समारोह में IamSMEofIndia के अध्यक्ष राजीव चावला, यूएन जीसीएनआई के कार्यकारी निदेशक रत्नेश झा, यूएन जीसीएनआई में सहायक प्रबंधक आर्य देव, एएनएम स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट एंड कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक निदेशक सुमंजूषा सी परियल, अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक इंजीनियर पीके निमोनकर और इनक्यूबेशन के सीईओ अग्रांशु द्विवेदी सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे। अपने मुख्य भाषण में, राजीव चावला ने भारत के आर्थिक परिदृश्य में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका और नवाचार एवं सतत विकास को बढ़ावा देने में ऐसे केंद्रों के महत्व पर प्रकाश डाला। कलिंगा विश्वविद्यालय में इस उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। चावला ने कहा, उन्नत प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और मार्गदर्शन तक पहुंच प्रदान करके हम एमएसएमई को अधिक प्रतिस्पर्धी और लचीला बनने में सक्षम बना सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिष्ठित वक्ताओं ने विषयगत भाषण प्रस्तुत किए। रत्नेश झा ने एमएसएमई के लिए यूएन जीसीएनआई की शासन व्यवस्था और व्यवसाय अखंडता पहलों का अवलोकन प्रस्तुत किया। आर्य देव ने शासन और व्यावसायिक अखंडता पर विस्तार से चर्चा की। सुमंजूषा सी. पारियल ने भारतीय एमएसएमई के लिए जोखिम मानचित्रण और मूल्यांकन पर अंतर्दृष्टि साझा की, तथा सर्वोत्तम प्रथाओं और सफलता की कहानियों पर प्रकाश डाला। इंजीनियर पी.के. निमोनकर ने अनुपालन चुनौतियों से निपटने और एमएसएमई को सशक्त बनाने पर चर्चा की, और अग्रांशु द्विवेदी ने नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देने पर बात की। कलिंगा विश्वविद्यालय में कैरियर और कॉर्पोरेट संसाधन केंद्र (सीसीआरसी) के निदेशक पंकज तिवारी ने सीसीआरसी के दायरे और संभावनाओं पर प्रस्तुति दी।

# कलेक्टर और डीएफओ की उपस्थिति में सक्ती रेंज में पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और वनमण्डलाधिकारी प्रियंका पांडेय के मार्गदर्शन में जिले में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सक्ती रेंज अंतर्गत जिला पुलिस मुख्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर तोपनो ने इस अवसर पर कदम का पौधा और डीएफओ मती पांडेय ने आम का पौधा लगाया। इसके साथ ही इस अवसर पर कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्प भी दिलाया,विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पेड़ों से जीवनदायिनी ऑक्सीजन मिलती है, जिसके बिना कोई एक पल भी नहीं रह सकता।

इनसे औषधियां भी मिलती हैं। पेड़ इंसान की जरूरत हैं, यह जीवन का आधार है। मानव जीवन के लिए पेड़-पौधे बहुत जरूरी है। इसके बिना हम मानव जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। पशु-पक्षियों के जीवन के लिए भी यह अति आवश्यक है। इसलिए हम सभी को पेड़ पौधों के महत्व को समझते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करते हुवे उन्हें सुरक्षित रखना चाहिए। इसी प्रकार वनमंडलाधिकारी मती प्रियंका पांडेय ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह दिवस मानव जाति को पर्यावरण के साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है और कार्बन डाई ऑक्साईड कम होती है जिससे तापमान संतुलित रहता है। मती पांडेय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण और औषधीय पौधों के महत्व के बारे में भी बताया गया, कार्यक्रम में केरीबंधा और किरारी शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों तथा वन रक्षक ट्रेनिंग शाला सक्ती के प्रशिक्षु वनरक्षको द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता व पर्यावरण सम्बन्धी प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का भी आयोजन कर जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत परियोजना निदेशक बी. पी. भारद्वाज सहित वन और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों सहित स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्था वन परिक्षेत्र अधिकारी सक्ती सु दीक्षा बर्मन एवं उनके स्टाफद्वारा किया गया।

# बिलासपुर-सीनियर नेशनल हैमरबॉल चेम्पियनशिप के लिए राज्य की टीम पूरी ओड़िसा रवाना हुई



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

सीनियर हैमरबॉल नेशनल चेम्पियनशिप जो कि 9 से 12 जून तक श्रीजगन्नाथ क्रिकेट स्टेडियम पूरी उड़ीसा के लिए चयनित खिलाड़ीयों की टीम आज दैनिक उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन से पूरी रवाना हुए स्टेशन पर भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष युवा समाजसेवी अमर सुलतानियाँ ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन करते हुए लगन, मेहनत, ईमानदारी के साथ खेल भावना से खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन करने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों को अपने कर कमलों से यूनिफॉर्म एवं खेल सामग्री प्रदान किये इस अवसर पर जिला स्काउट गाइड के आयुक्त सचिव ओलम्पिक संघ जितेंद्र तिवारी वरुण पाण्डेय अध्यक्ष हैमरबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़, सचिव अखिलेश आदित्य, सहसचिव रूखमणी रानू, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डडसेना, कोच दिपक दुबे, मनीषा चौहान, रोशनी चौहान, वंशिका चौहान, सहित चयनित खिलाड़ी जांजगीर से कु अंजली थवाईत गरियाबंद टेमन नेताम, राजकुमार नेताम, जांजगीर से वेदांत पूरी गोस्वामी, शिवम सिंह, मेहुल शर्मा, पीयूष साहू, वियान शर्मा, युवराज यादव, ध्रुव पटेल, रुद्र पटेल, बिलासपुर से कान्हा गुप्ता, उत्कर्ष सारथी, सक्षम दुबे, आर्या दुबे, प्रभात यादव, शिवराज सिंह, महासमुंद जिले से सूर्यकांत मिश्रा, जांजगीर से संस्कार पाण्डेय सहित खेल प्रेमी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# पुलिस ने नाबालिक को भगा ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुसौर क्षेत्र से लापता हुई बालिका की खोजबीन में जम्मू रवाना हुई पुसौर पुलिस की टीम द्वारा गुम बालिका को ढूंढ निकालने में सफलता मिली है, साथ ही नाबालिग को भगा ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व में 02 फरवरी के सुबह बालिका घर में बिना बताये कहीं चली गई थी, खोजबीन में परिजनों को बालिका नहीं मिलने पर बालिका के पिता द्वारा 04 फरवरी को थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 आईपीसी पंजीबद्ध कर बालिका की खोजबीन की गई जिसे जम्मू में होने की जानकारी पर बालिका को जम्मू से लाकर दस्तयाब किया गया। बालिका ने अपने बयान में ग्राम परसदाकला, बाराद्वार जिला सक्ती का भेखलाल पटेल (32 साल) द्वारा शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाना और शारीरिक संबंध बनाना बतायी जिस पर प्रकरण में धारा 366,376 (2)(द), 4,6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी का पतासाजी किया जा रहा था। इसी बीच वही बालिका 01 मई को बालिका फिर लापता हो गई। बालिका के पिता द्वारा 03 मई को थाना पुसौर में बालिका के गुम हो जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना पुसौर में धारा 363 आईपीसी कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान आरोपी भेखलाल पटेल के द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर जम्मू लेकर जाने की जानकारी मिली। तत्काल थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा पुलिस टीम तैयार कर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर जम्मू रवाना किया गया। जम्मू में पतासाजी पर जानकारी मिला कि आरोपी भेखलाल पटेल जम्मू में रोजी-मजदूरी का काम करता है और झुग्गी (कच्चा मकान) में बालिका को साथ रखा था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के मिलने के संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी जिसकी जानकारी आरोपी भेखलाल को मिलने पर ट्रेन से बालिका को लेकर जम्मू से फरार हो गया।

# हाथियों के दल के आगमन से क्षेत्र मे दहशत का माहौल जंगल मे कर रहे विचरण, वन विभाग ड्रोन से बनाये हुए है नजर

## धरमजयगढ़ के आमगांव जंगल में डाले हुए हैं डेरा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ वनमंडल में वैसे तो हाथी का गढ़ बन गया है, जहां पर कहीं ना कहीं दहशत का माहौल बना हुआ रहता है। लेकिन वहीं अब लगातार वनविभाग द्वारा ड्रोन कैमरे से जंगल मे घूम रहे हाथियों पर नजर रखना पता लगाना ऐसा लगता है,अत्यंत सरल हो गया है उसी के मुताबिक विभाग बेहद आसानी से हाथियों पर नजर रखी हुई है, और प्रभावित रहवासियों को समय रहते हाथी मौजूदगी की जानकारी दी जा रही है ऐसे में कहा जा सकता है। ड्रोन कैमरा के माध्यम से काफी हद तक लोगों को सचेत कर हाथी से सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इसी



कड़ी में धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत हाथी मित्रदल द्वारा आमगांव 367 कक्ष क्रमांक के बीच आमानारा के पास विचरण कर रहे 27 हाथियों के दल को ड्रोन कैमरे के सहारे खोज लिया गया और उसका वीडियो फोटो सोसल साइट में वायरल कर लोगों को जानकारी दी जा रही है। जागरूकता के मद्देनजर विशेष जानकारी साझा की जा रही है। ताकि इंसान और हाथी दोनों को सुरक्षा प्रदान किया जा सके। फिलहाल हाथियों का महादल जंगल मे विचरण कर रहें हैं। जिसकी जानकारी विभागीय अमला व हाथी मित्रदल प्रभावित ग्रामवासियों को सचेत व जागरूक कर अहम भूमिका निभा रहे लगतार डेट हुए हैं।

### राबो डेम के पास भी सात हाथियों का दल

जानकारी मिल रही है की उस क्षेत्र मे 7 हांथीयो का दल जंगल मे विचरण कर रहे है। राबो डेम की तरफ से आनेजाने वाले लोगों को सावधानी से आनाजना करने की समझाईश ग्रामीणों द्वारा दी जा रही है।

# उप जेल में न्यायाधीश गणों ने किया विधिक जागरूकता का कार्यक्रम





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत जरुरी है उक्त विचार विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर उप जेल सकती में आयोजित विधिक एव जागरूकता दिवस के अवसर पर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बीआर साहू ने कही साहू ने कहा कि धरती के बढ़ते तापमान को रोकने का एक मात्र उपाय की वृक्षारोपण हर नागरिक को आवश्यक है, जिस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्रों में तब्दील हो रहे हैं यदि समय रहते वृक्षारोपण की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो पर्यवरण को भारी नुकसान होगा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगा पटेल ने की पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति जब तक जागरूक नहीं होगा तब तक हम हरियाली की ओर अपना कदम आगे नहीं बढ़ाएंगे तो पर्यवरण को भारी नुकसान होगा और हम सुनहरे कल की उम्मीद नहीं कर सकते इस अवसर पर जेल परिसर में वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में एवं कर्मचारियों एवँ बन्दियों सहित सहायक जेल अधीक्षक भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# प्रशासन, पुलिस व नगर निगम की टीम ने पैदल मार्च कर सड़क तक सामान फैला कर दुकान लगाने वालों को दी समझाइश

## निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

दुकानों के बाहर सड़क तक सामान, होर्डिंग, ग्लो साइन बोर्ड आदि रखकर यातायात अवस्थित करने वालों को व्यवस्था बनाये रखने की समझाइश देने कल शाम प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों द्वारा यातायात व नगर निगम की टीम के साथ शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, उपायुक्त नगर निगम सुतीक्ष्ण यादव, डीएसपी ट्रैफिक रमेश चन्द्रा, नायब तहसीलदार गिरीश निंबलकर, टीआई कोतवाली सुखनंदन पटेल के साथ यातायात, कोतवाली और नगर निगम की टीम द्वारा शहर के मार्केट एरिया में पैदल मार्च किया गया। अधिकारियों ने व्यापारियों से अपील की गई की सड़क तक सामान फैलाकर रखने की वजह से सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है जिससे आम नागरिकों को परेशानी होती है, व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पट्रोलिंग द्वारा एलाउंमेंट कर ऐसे व्यपारियों को हिदायत दिया गया कि वे निर्देशों का पालन करें।

# मालखरौदा पुलिस ने की अवैध शराब विक्रेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अवैध रूप से शराब कब्जे में रखने वाले एक आरोपी को 21लीटर कच्ची महुआ के साथ थाना मालखरौदा पुलिस ने किया गिरफ्तारनाम पता आरोपी मुन्ना अजगल्ले पिता तीज राम , उम्र 42 वर्ष, निवासी चारपारा थाना मालखरौदा जिला सक्ती है, 05.06.24 को जुर्म जरायम पतासजी दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि, चारपारा निवासी मुन्ना अजगल्ले भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है और ग्राहकों को शराब पिला रहा है, मूखबीर सूचना पर सउनि राधेश्याम राठौर, आरक्षक रोहित सिदार, नान्ही राम, गीतांजली चन्द्रा, सहदेव यादव, थाना मालखरौदा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर मुन्ना अजगल्ले से प्लास्टिक के 04 जेरिकेन में 05-05- लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में भरी 20



लीटर कच्ची महुआ 01 लीटर हरा प्लास्टिक बॉटल में शराब कुल 21लीटर कच्ची महुआ शराब गवाहों के समक्ष जप्त किए। आरोपी के खिलाफथाना मालखरौदा में धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर सक्ती जेल दाखिल किया गया है।

## जैजैपुर पुलिस ने की अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही

थाना जैजैपुर पुलिस की कार्यवाही 06/06/2024 में 07 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करते 01 आरोपी गिरफ्तार हुआ है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल, एवं अनुविभागीय अधिकारी सक्ति मनीष कुंवर के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है, जिसके परिपालन में 06.06.2024 को मुखबिर सूचना पर ग्राम गुचकुलिया लिया में शराब रेड कार्यवाही किया गया जहां आरोपी किशन पिता रामदीन सहिष् साकीन गुचकुलिया, थाना जैजैपुर के द्वारा अपने घर के आंगन में अवैध रूप से 07 लीटर हाथ भट्ठी की बनी हुई कच्ची महुआ शराब कीमती 700/- रूपये को बिक्री करते गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी को 06.06.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा के मार्गदर्शन में प्र. आर. सउनि एस एन मिश्रा, सउनि एच एन ताम्रकार आर. रामकुमार उराव, संतोष मानिकपुरी ज्वाला नेताम का सराहनीय योगदान रहा।

# जिला ट्रैफिक पुलिस का अलर्ट, जिले के दुर्घटनाग्रस्त स्थलों के ब्लैक स्पॉट की सूची जारी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देशन में जिले का यातायात विभाग जहां जिले के प्रमुख मार्गो एवं दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र का चिंतन कर ब्लैक स्पॉट की सूची जारी कर दी गई है, वहीं ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि इन क्षेत्रों में वाहन धीरे चलाएं तथा सावधानी जरूर रखें,जिले के दुर्घटनाग्रस्त स्थलो ब्लैक स्पाट की जानकारी-ट्रैफिक नियमो का विशेष ध्यान रखे, इन स्थानो पर गाडी धीमी चलाये, शराब सेवन करके वाहन न चलाये, हेलमेट पहनकर वाहन चलाये, सीट बेल्ट पहनकर वाहन चलाये, यातायात नियमो का पालन करे, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के द्वारा जिला के सभी क्षेत्रो जहां विगत कई वर्षों में लगातार सड़क दुर्घटना घटित हुई उन सड़क दुर्घटना स्थलो का थाना चौकी प्रभारी एवं यातायात शाखा साइबर टीम के माध्यम तथा विभिन्न विभागो से समन्वय कर उन स्थानो का निरीक्षण कर दुर्घटनाजन्य क्षेत्र चिन्हांकित किया गया है इन स्थानो में सड़क दुर्घटना रोकने के लिये विभिन्न विभाग जिसमें लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, पुल निर्माण विभाग, यातायात शाखा द्वारा लगातार निरीक्षण कर उन स्थानो में सड़क दुर्घटना के कारणो को ज्ञात कर दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में सांइन बोर्ड, रेडियम, संकेतिक चिन्ह, ब्रेकर एवम रोड मरम्मत कराकर सड़क दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्घटनाजन्य क्षेत्र को चिन्हांकित किया गया है। ऐसे स्थानो में बोर्ड लगाकर अवगत कराया जायेगा आप सभी नागरिको से सक्ती पुलिस अपील करती है।

## राजस्व निरीक्षक भोथिया तत्काल प्रभाव से निलंबित

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने राजस्व निरीक्षक राजस्व निरीक्षक मंडल भोथिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेश के अनुसार गोविन्द राम अनंत, राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. भोथिया तहसील भोथिया जिला सक्ती का ऑडियो में प्राप्त शिकायत के जांच प्रथम दृष्टया सही पाये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत गोविन्द राम अनंत, राजस्व निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। गोविन्द राम अनंत, राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. भोथिया का निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## सड़क निर्माण करें जल्द शुरू, पानी निकासी के लिए बनाएं नाली

# कमिश्नर ने जेल परिसर के सामने मिनीमाता चौक से पंजरीप्लांट केलो पुल तक किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने मिनीमाता चौक से पंजीरी प्लांट केलो पुल तक निरीक्षण किया। इस दौरान ठेकेदार को सड़क निर्माण जल्द शुरू करने और पानी निकासी के लिए नाली बनाने और अंडरग्राउंड नाली व कलवर्ट की सफाई करने के निर्देश दिए।

जेल परिसर के सामने स्थित मिनीमाता चैक से पंजरीप्लांट केलो नदी पुल तक की सड़क खराब स्थिति में है। क्षेत्र के लोगों द्वारा सड़क निर्माण को लेकर पूर्व में मांग की गई थी। इसपर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में सड़क निर्माण को लेकर टेंडर भी किया जा चुका है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सड़क निर्माण के लिए जेल परिसर के सामने स्थित मिनीमाता चौक से केलो तक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मजबूती से सड़क निर्माण हो इसके लिए कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया और ठेकेदार से चर्चा की। चर्चा के दौरान सड़क निर्माण के लिए पहले सड़क को एक लेयर तक उखाड़ कर उसमें डब्लूएमएम एवं अन्य से बेस बनाने और फिर उसके बाद डामरीकृत सड़क निर्माण करने की बात कही गई। ठेकेदार ने बताया कि पहले सड़क की मजबूती के लिए पूर्ण गुणवत्ता एवं मजबूती के साथ बेस बनाया जाएगा। इसके बाद ही डामरीकृत करने से सड़क टिकाऊ रहेगा। इस दौरान कमिश्नर की चंद्रवंशी ने सड़क निर्माण के पूर्व बेस बनाने का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इसी तरह जेल परिसर के सामने अंडरग्राउंड नाली, कलवर्ट से पानी निकासी नहीं होने और सड़क के किनारे बने स्थित नाली बाधित होने के कारण नाली का पानी सड़क में बहने की बात वहां के व्यवसायियों ने कही। इस पर कमिश्नर चंद्रवंशी ने सफाई दरोगा अरविंद द्विवेदी को अंडरग्राउंड नाली, कलवर्ट की सफाई करते हुए सड़क किनारे के नाली को खोदने, उसकी सफाई करने और अंतिम में पानी निकासी के लिए सड़क के उस पार रेलवे द्वारा बनाए गए नाले में उसे जोड़ने के निर्देश दिए। कमिश्नर चंद्रवंशी ने पानी निकासी के लिए नाली बनाने, अंडरग्राउंड नाली एवं कलवर्ट की सफाई एक दो दिनों में पूर्ण करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता दिलीप उरांव, सफाई विभाग के कर्मचारी, ठेकेदार उपस्थित थे।

# कुपोषित बच्चों के लिए हुई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिला स्तर पर सीएसएएम कुपोषित बच्चों के प्रबंधन पर आधारित सभी परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत सक्ती के सभाकक्ष में किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रशिक्षण में जिला पोषण समन्वयक किरण काजल के द्वारा कुपोषण प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि यह कार्यक्रम पूरे भारत में चलाया जा रहा है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ में इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन 11 चरणों में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन सक्ती में किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण में जिले के समस्त पर्यवेक्षकों के साथ परियोजना अधिकारी मलय धुरंधर, पुष्पलता अग्रवाल एवं श्याम कंवर व महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दनगरी वॉटरफॉल में आदिवासी युवती से गैंगरेप का फरार आरोपी इम्तियाज अंसारी झारखंड से गिरफ्तार

## लम्बे समय से पुलिस कर रही थी तलाश, टीम हुई पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

गैंगरेप के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने झारखण्ड के गढ़वा से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते सितंबर माह में इम्तियाज अंसारी एवं सद्दाम खान ने बलरामपुर जिले की एक 21 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर पण्डरापाठ चौकी क्षेत्र स्थित दनगरी वॉटरफाल दिखाने ले चलो कहकर वे सभी दगनरी वॉटरफाल गये, वॉटरफाल में घुमने के दौरान वे दोनों वहां युवती को जबरदस्ती मारपीट कर जबरदस्ती खींचते हुये झाड़ी में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर युवती को वहां अकेला छोड़कर भाग गये थे।। पीड़ित युवती की रिपोर्ट पर दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध चौकी पण्डरापाठ में धारा 366, 376, 376(डी), 294, 34 भा.द.सं. एवं 3(2-वी) एससी/एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा उक्त दोनों आरोपियों का पता-तलाश किया जा रहा था। विवेचना के दौरान सायबर सेल एवं मुखबीर से सूचना मिली कि सद्दाम खान बिहार राज्य के बेगुसराय थाना अंतर्गत ग्राम फुलवरिया क्षेत्र में छुपा हुआ है,



इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बेगुसराय जाकर पतासाजी कर सितंबर में ही अभियुक्त सद्दाम खान उम्र 25 साल निवासी मस्जिद रोड कुसमी जिला बलरामपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण का दूसरा अभियुक्त इम्तियाज अंसारी लंबे समय से फरार चल रहा था।

**लगातार चलती रही तलाशी**

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा प्रकरण के फरार अभियुक्त इम्तियाज अंसारी की गिरफ्तारी के लिए भावेश समरथ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर पतासाजी के लिए लगाया गया था एवं लगातार मॉनीटरिंग की जा रही थी। विवेचना के दौरान मुखबीर एवं सायबर सेल से सूचना मिली कि फरार अभियुक्त इम्तियाज अंसारी ग्राम बाना जिला गढ़वा (झारखंड) में छिपा हुआ है, इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम को रवाना किया गया, टीम द्वारा अथक पतासाजी उपरांत मिलने पर अभियुक्त इम्तियाज अंसारी को वहां से अभिरक्षा में लेकर जशपुर लाया गया। पूछताछ में इम्तियाज अंसारी ने अपने अन्य साथी सद्दाम खान के साथ उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया है। अभियुक्त इम्तियाज अंसारी उम्र 32 साल निवासी कुसमी जिला बलरामपुर (छ.ग.) के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**इन्हें मिली सफलता**

विवेचना कार्यवाही, अभियुक्त की पतासाजी में उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ, स.उ.नि. मार्टिन खलखो, प्र.आर. अनंत मिरास केरकेट्टा, आर. तुलसी रात्रे, आर. मुकेश पाण्डेय, आर. महेश मालाकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इम्तियाज अंसारी अत्यंत शातिर किस्म का व्यक्ति है, वह बार-बार अपना ठिकाना बदलता रहता था, उसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम को लगाया गया था, गिरफ्तारी में सम्मिलित सभी अधिकारी कर्मचारियों को नगद ईनाम से पुरष्कृत किया गया है।

# हर्निया उपचार के लिए जागरूकता कार्यक्रम एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल की पहल



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने सफलतापूर्वक इंगुइनल हर्निया कौशल संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा पेशेवरों को नई तकनीकों की जानकारी देना और व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से उनकी क्षमता को सुधारना था। इसमें ट्रांसएब्डॉमिनल प्रीपेरिटोनियल, टोटली एक्स्ट्रापेरिटोनियल, ओपन इंगुइनल हर्निया रिपेयर और एन्हांस्ड टोटली एक्स्ट्रापेरिटोनियल (ई-टीईपी) हर्निया रिपेयर जैसी तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया गया। एमएमआई नारायण हॉस्पिटल के डॉ। राजेश सिन्हा जैसे अनुभवी लेप्रोस्कोपिक जीआई सर्जन के मार्गदर्शन में, हर्निया के इलाज एवं प्रक्रियाओं को और बेहतर बनाने के लिए सर्जनों और चिकित्सा पेशेवरों की सक्रिय भागीदारी की। इस कार्यक्रम में डॉ। सिन्हा की विशेषज्ञता और व्यापक ज्ञान ने सभी प्रतिभागियों को मूल्यवान शिक्षा प्रदान की, जिससे उनकी चिकित्सा प्रशिक्षण में व्यापक वृद्धि हुई। एवं विभिन्न शहरों के मेडिकल इंस्टीट्यूट के डॉक्टर ने हर्निया के इलाज की शिक्षा प्राप्त करने के लिए कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे उन्हें अपने समुदाय में इसकी प्रावधानिकता मिली। यह पहल समाज को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का उद्देश्य रखती है, जिससे सभी क्षेत्रों के लोगों को सही इलाज एवं सही देखभाल प्राप्त हो सके। यह दर्शाता है कि एमएमआई नारायण हॉस्पिटल अपने चिकित्सा कर्मचारियों को शिक्षित करने और सर्जरी को बेहतर बनाने के लिए कितना प्रतिबद्ध है। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से, हॉस्पिटल सर्जरी को और अधिक सफल बनाने और रोगियों की बेहतर देखभाल करने में मदद करना चाहता है।

# विप्र नगर में महिला मंच सर्व ब्राह्मण समाज का गठन



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में महिला मंच सदस्यों की बैठक आहूत की गई। विप्र नगर महिला मंच का सर्वसम्मति से गठन किया गया। चुने गए पदाधिकारी निम्नानुसार है। प्रभारी कविता शर्मा, अध्यक्ष सोनिया शर्मा, उपाध्यक्ष रीता शर्मा, ममता पांडे, श्रद्धा उपाध्याय, सचिव रश्मि दीवान, गायत्री शर्मा, रश्मि अवस्थी, सह सचिव लीला ओझा, रश्मि शर्मा, संगठन सचिव रंजना तिवारी, उषा चौबे, कार्यकारिणी सदस्य ज्योति शर्मा, सुनीता शर्मा, शहर प्रचार सचिव ज्योति त्रिपाठी, ऋषिका शर्मा, सचिव कविता शर्मा तथा संगठन सचिव सोनिया शर्मा चयनित हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर स्वागत किया एवं बधाई दी।

## निलेश प्रधान का लेफ्टिनेंट आफिसर के पद पर चयन होने पर दी बधाई



**सरायपाली।** तोषगाव निवासी निलेश प्रधान का लेफ्टिनेंट आफिसर के पद पर चयन होने से क्षेत्र वासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। ज्ञात हो कि आयुष्मान नीलेश तोषगांव तलिपारा के चितरंजन प्रधान (पूर्व) कर्मचारी के पुत्र स्व अक्षय प्रधान एडवोकेट के बेटे हैं । इस अवसर पर मुकेश अग्रवाल चेम्बर्स आफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष ने भी लेफ्टिनेंट निलेश प्रधान को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा कहा कि भारत देश के छत्तीसगढ़ राज्य के ग्राम के तोषगाव क्षेत्र लिए बहुत ही गौरव की बात है।

# ओम प्रकाश साय स्मृति रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

## सीएम की धर्मपत्नी कौशल्या साय हुई शामिल



पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के बंदरचुवां में स्व ओम प्रकाश साय के स्मृति में रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन का आगाज किया गया। इस प्रतियोगिता के शुभारंभ में सीएम मैडम कौशल्या साय मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई थी, इस मौके सुशीला साय, सरपंच मीना साय भी उपस्थित रहे। जिन्होंने स्व ओमप्रकाश साय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।स्व. ओम प्रकाश साय के स्मृति में बंदरचुवा के यूवा समिति राइडर चैंप द्वारा रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।इस प्रतियोगिता के शुभारंभ में बोदा और गुडलू के बीच उद्घाटन मैच खेला गया।बोदा टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।गुडलु टीम के बल्लेबाजों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में तीन विकेट खोकर 70 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। गुडलू टीम के बल्लेबाज आर्यन ने दो छक्के और तीन चौके की मदद से सर्वाधिक 29 रन बनाए।वहीं 71 रनों की लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोदा टीम के बल्लेबाजों ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए मैदान के चारों तरफ चौके छक्के लगाते हुए महज 5 ओवर में ही तीन विकेट खोकर 71 रनों की जीत का लक्ष्य को हासिल कर लिया। बोदा टीम के बल्लेबाज इनुसस ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। इस तरह से उद्घाटन मैच को बोदा की टीम ने 7 विकेट से जीत हासिल कर अपने नाम किया। इस मौके पर कल्याण गुप्ता, नारायण गुप्ता,बजरंग साहू, अयोध्य गुप्ता, उमेश साहू, हरिशंकर साहू सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### रात्रिकालीन इस प्रतियोगिता में 32 टीमें ले रही हैं भाग, रखा गया है कई आकर्षक नगद इनाम

स्व. ओम प्रकाश साय के स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं।इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कई आकर्षक इनाम रखा गया है,प्रथम पुरस्कार 35 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 25 हजार रुपए एवं ट्रॉफी है।वहीं प्रत्येक मैच में भी मैन ऑफ द मैच मैन ऑफ सीरीज तथा हैट्रिक छक्के, विकेट लेने वालों के लिए भी कई आकर्षक इनाम रखा गया है, इस लिए खिलाड़ियों में भी भारी उत्साह देखी जा रही है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार मकरा, उपाध्यक्ष सौरभ साहू, दीपक गुप्ता,प्रेम प्रकाश आर्मो, आशुतोष साहु, सदस्य मोहित कुजूर, अनिकेत साय,विशाल टोप्पो, सुभम गुप्ता,समीर कुजूर,प्रभु साय एवं अन्य समिति गण शामिल हैं।

# भावा में पर्यावरण संरक्षण के लिए हुआ विचार मंथन

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पर्यावरण संरक्षण समिति पटेवा द्वारा समीपस्थ ग्राम भावा में 05 जून 2023को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों को आमंत्रित कर संगोष्ठी का आयोजन किया। ग्राम के रंगमंच चौराहे पर आयोजित इस संगोष्ठी का प्रारम्भ विशेष रूप से उपस्थित सेजेस पटेवा के प्राचार्य समीर चन्द्र प्रधान के साथ ग्रामीणों ने पादप पूजा करके किया ।उसके पश्चात प्रमुख प्रेरक वक्ता के रुप में प्राचार्य प्रधान ने पर्यावरण की शुद्धता के प्रति वर्तमान में की जा रही अनदेखी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सबसे बड़ी समस्या यह है



कि हमारी साक्षरता बहुत अच्छी है, शैक्षणिक योग्यता भी लोगों के पास पूर्व की अपेक्षा बहुत अच्छी है। सामान्य तया हमें अच्छी तरह पता है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए क्या-क्या जरूरी है, और क्या खतरनाक है किन्तु यह जानते हुए भी हम जल जमीन जंगल हवा की स्वच्छता और संरक्षण के लिए जरुरी कदम उठाने के लिए तत्पर नहीं रहते। जरुरी यह है कि हमारी पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता मात्र सैद्धांतिक न हों बल्कि प्रतिबद्धता व्यावहारिक रूप में भी दिखाई दे। उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण को मानव अस्तित्व के लिए आज के समय? में सबसे बड़ा संकट बताया। प्रधान ने रेखांकित करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2024 का मुख्य उद्देश्य जमीन की पुनर्स्थापना है, अतः जमीन के कटाव, क्षरण को रोकने के लिए पौध रोपण आज की प्राकृतिक मांग है। इस अवसर पर समिति के संरक्षक हेमलाल यादव, अध्यक्ष तरूण पाटकर, उपाध्यक्ष घांसूराम दीवान, सचिव लीलाधर नायक, इंदल साहू, सम्पत पटेल, माखनलाल पटेल, लाला राम पाटकर,विरेन्द्र, मुकेश लोधी, नाहुल, द्वारिका पटेल, प्रेमलाल, मोहन ध्रुव ने अपने अपने विचार पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु व्यक्त किए।सभी ने इस बात पर सहमति जताई कि अपने अपने स्तर पर लोगों को यह बताया जाए कि पेड़ लगाना और पेड़ न काटना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में सेजेस पटेवा के छात्र छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए संदेश देने वाला मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया। संपूर्ण कार्यक्रम की रुप रेखा पिछ्ले कई वर्षो से पर्यावरण सुरक्षा के लिए समर्पित पर्यावरण कार्यकर्ता तथा समिति अध्यक्ष तरूण पाटकर ने की तथा कार्यक्रम का ज्ञानवर्धक संचालन पेशे से वकील हेमलाल यादव ने की। अंत में प्राचार्य प्रधान ने भावा के ग्रामीणों की पर्यावरण की सुरक्षा की चिंता को अनुकरणीय करार दिया और उन्हें जमीन से जुड़े बड़े कद के लोगों की संज्ञा दी। समिति ने मंच पर उपस्थित सभी को एक एक पौधा भेंट किया। इस अवसर पर सेजेस के छात्र छात्राओं भूपेन्द्र पाटकर, ईशा बन्छोर, रुद्र पाटकर, डेविड पटेल को पर्यावरण दूत के रूप में सम्मानित किया गया।

# जल्द मानसून आने की उम्मीद जगी, मौसम में बदलाव

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



बीते कुछ दिनों से शाम के समय तेज हवाएँ चलने और कहीं-कहीं बारिश होने के कारण लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। तेज हवाओं से कहीं कहीं लोगों के टीन के छतों को नुकसान पहुँचने की भी जानकारी मिली है। वहीं बिजली गुल होने से भी लोग परेशान दिखे हैं। हालांकि अभी भी दोपहर की धूप लोगों को परेशान कर रही है। इस मौसम में बदलाव के कारण अब जल्द ही मानसून आने की उम्मीद भी बढ़ गई है। शाम से ही मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। लगभग प्रतिदिन कहीं न कहीं तेज हवाएँ चल रही हैं और कहीं-कहीं बारिश भी हो रही है। मौसम में आये इस बदलाव से बीते लगभग माह भर से गर्मी से परेशान लोगों को थोड़ी राहत मिली है। लेकिन अभी भी दिन का समय परेशान करने वाला ही साबित हो रहा है। तापमान में थोड़ी कमी तो आई है, लेकिन उमस वाली गर्मी लोगों को बेचैन कर रही है। जब तक एक अच्छी बारिश नहीं हो जाती, सभी को इसी तरह के मौसम का सामना करना पड़ेगा। दिन भर उमस से बेचैनी के बाद शाम होते ही मौसम में परिवर्तन हो रहा है और तेज हवाएँ चलनी शुरू हो जाती है। इस बीच कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी होती है। इसी तरह कई जगहों पर आंधी तूफान के साथ बारिश हुई और तेज गति से हवा भी चलने लगी। इस हवा के कारण ग्राम किसड़ी के तालाब के पास स्थित सामाजिक कार्य के लिए बनाए गए एक रसोई भवन का टीन की छत गिर गई। एक ओर हवा-पानी से जहाँ लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है, वहीं दूसरी ओर तेज हवा चलते ही बिजली गुल हो जाती है। विद्युत विभाग बारिश के पूर्व कई तरह की तैयारी करते हैं, लेकिन जरा सा भी हवा-पानी चलते ही सारी तैयारी की पोल खुल जाती है। आये दिन इस प्रकार बिजली गुल होने से लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर तो कई-कई घण्टों के लिए बिजली गुल हो जाती है, जिसके कारण वहाँ के ग्रामीणों को बहुत अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# अल्ट्रा-प्रीमियम टीवी पर सैमसंग की 'बिग टीवी डेज सेल के साथ घर बैठे उठाएं स्टेडियम का आनंद




पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने बड़े टीवी पर रोमांचक ऑफ़र की घोषणा की, जिसमें अल्ट्रा-प्रीमियम नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी और क्रिस्टल yK यूएचडी टीवी शामिल हैं। टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए 'बिग टीवी डेज' ऑफर की शुरुआत की गई है, ताकि स्टेडियम को सही मायने में घर लाकर उपभोक्ताओं के मनोरंजन के अनुभव को अनूठा बनाया जा सके। 'बिग टीवी डेज' के दौरान सैमसंग टीवी खरीदने वाले ग्राहकों को 89990 रुपये की कीमत का एक सेरिफटीवी या 79990 रुपये का एक साउंडबार मुफ्त मिलेगा, जो खरीदे गए टीवी पर निर्भर करेगा। ग्राहक 2990 रुपये से शुरू होने वाली आसान ईएमआई और 20त्त तक कैशबैक का भी लाभ उठा सकते हैं। ये ऑफर Samsung.com, प्रमुख रिटेल स्टोर और कई अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे। ये ऑफर 1 जून से 30 जून, 2024 के बीच उपलब्ध होंगे और चुनिंदा मॉडलों पर नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी और क्रिस्टल yK यूएचडी टीवी रेंज में 98" 85" 83" 77"75" साइज पर उपलब्ध हैं। सैमसंग उपभोक्ताओं की जीवनशैली को बेहतर बनाने और बेहतरीन व्यूइंग एक्सपीरियंस देने के लिए होम एंटरटेनमेंट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की व्यापक बदलाव लाने की क्षमता को सामने ला रहा है। ये टेलीविजन एआई की शक्ति के साथ सुलभता, स्थिरता और बेहतर सुरक्षा प्रदान करते हुए होम एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस को नई ऊंचाई पर लेकर जा रहे हैं। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा, हमारा 'बिग टीवी डेज' कैम्पेन टी20 क्रिकेट विश्व कप के साथ मेल खाता है ताकि बड़ी स्क्रीन साइज और प्रीमियम व्यूइंग एक्सपीरियंस की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, किराना और फैंसी दुकान का सामान खाक



पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बेलसोंडा में शुक्रवार-शनिवार रात एक किराना और फैंसी दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। बेलसोंडा वार्ड 17 निवासी हीरालाल ने बताया कि उनके घर में ही किराना और फैंसी की अलग-अलग दुकान है। फैंसी दुकान में जूता-चप्पल व कपड़े बिक्री के लिए रखे थे। कुछ ग्रामीणों ने दुकानों से धुंआ उठते देख मुझे खबर दी। जाकर देखा तो किराना और फैंसी दुकानों का सामान जलकर खाक हो चुका था। दुकान में बिक्री के लिए रखे सभी सामान सहित कूलर, फ्रिज, सिलाई मशीन, आलमारी, फ्रीजर, जूता व कपड़े जलकर खाक हो गया था। हीरालाल ने बताया कि शुक्रवार रात दुकान बंद कर वह दुकान के ऊपर घर में जाकर सो गया। आग लगने से दुकान से सटे मकान के कुछ हिस्सों में आग लगी जिससे वहां भी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि दोनों दुकान मिलाकर कुल 12-13 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# सीग्राम के रॉयल स्टैग ने आईसीसी के साथ आधिकारिक समर्थक के रूप में चार वर्षों के लिए साझेदारी नवीनीकृत की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




सीग्राम के रॉयल स्टैग ने इंटरनेशनल क्रिकेट कौंसिल (आईसीसी) के साथ अपना सहयोग 4 वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। इससे क्रिकेट और खेल के प्रशंसकों के वैश्विक समुदाय के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता और ज़्यादा मजबूत हुई है। वर्ष 2027 तक चलने वाली यह साझेदारी आधिकारिक समर्थक के तौर पर रॉयल स्टैग के दर्जे को बढ़ाती है और इसकी शुरुआत वेस्टइंडीज एवं अमेरिका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के साथ होगी। वर्ष 2018 से 2023 तक आईसीसी के साथ ब्रांड की 5 साल तक सफल साझेदारी बाद यह विस्तार किया गया है। क्रिकेट हमेशा से ही रॉयल स्टैग के लिए उपभोगताओं से जुड़ने का एक प्रमुख स्तंभ रहा है और आईसीसी समेत रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव जैसे विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ ब्रांड का निरंतर जुड़ाव, देश भर के लाखों क्रिकेट प्रशंसकों के बीच ब्रांड को लोकप्रिय बनाने में मददगार साबित हुआ है। इस जुड़ाव ने ItStartsWithYou, InItToWinIt और LargeHumaaraHai जैसे कई बड़े कैंपेन देखे हैं, जो ब्रांड की 'लिव इट लार्ज' फिलॉसफी को सबसे आगे रखते हुए 360-डिग्री मीडिया एम्पलीफिकेशन, डिजिटल एन्गेजमेन्ट, अभिनव तकनीकी हस्तक्षेप और बेजोड़ प्रशंसक अनुभवों के माध्यम से संचालित होते हैं। आईसीसी के साथ ब्रांड के सहयोग पर, परनोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, रॉयल स्टैग हमेशा से ही अपनी ब्रांड फिलॉसफी 'लिव इट लार्ज' पर कायम रहा है, जो लोगों को बड़े सपने देखने और अपनी तकदीर का निर्माता बनने के लिए प्रेरित करती है।

# शिवमहापुराण स्थल का लिया जायजा बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



छुईखदान-गंडई जिले के गंडई क्षेत्र में आगामी शिवमहापुराण के आयोजन को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा एवं पुलिस अधिक्षक त्रिलोक बंसल ने कथा स्थल का दौरा किया और आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को हर संभव प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि शिवमहापुराण के श्रद्धालुओ को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर कलेक्टर वर्मा ने कहा कि शिवमहापुराण हमारे क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं, इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। हम इस आयोजन को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान पुलिस अधिक्षक त्रिलोक बंसल ने कथा स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने कहा। इसके अलावा आसपास के क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कथा स्थल पर पर्याप्त मात्रा में बिजली और पानी की व्यवस्था होनी चाहिए, साथ ही कथा स्थल की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी बेहतर तरीके से की जाए। कलेक्टर ने आयोजन स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से बातचीत की और उन्हें सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि आपातकालीन सेवाएं भी पूरी तरह से तैयार रहें और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति का सामना करने के लिए पर्याप्त प्रबंध हों। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे, एसडीएम छुईखदान-गंडई रेणुका रात्रे, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और आयोजन समिति के सदस्य भी मौजूद थे।

## मास्टर ट्रेनर हरिहारणो का कलेक्टर द्वारा सम्मान




पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तथा कार्यालयीन कार्य हेतु सौंपे गए दायित्वों के कुशलतापूर्वक निष्पादन करने हेतु कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा नगर शिक्षक, साहित्यकार, रंग कर्मी, फिल्मी गीतकार तथा उद्घोषक गजेन्द्र हरिहारनो दीप को राजनांदगांव में आयोजित सम्मान समारोह में प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि मास्टर ट्रेनर गजेंद्र हरिहारणो वर्षों से चुनाव ड्यूटी प्रशिक्षण के लिए प्रशासन व निर्वाचन विभाग का सहयोग करते आ रहे हैं। कलेक्टर द्वारा गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप' को सम्मानित होने पर साहित्यकारों, कवियों, परिजनों एवं ईष्ट मित्रों ने बधाईयाँ दी है। ज्ञातव्य हो कि श्री हरिहारनो पूर्व में भी अनेक सम्मान से नवाजे जा चुके हैं।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र का होगा कायाकल्प, प्रस्ताव बनाने कहा

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर नक्सल प्रभावित जिलों के लिए केंद्र सरकार से प्राप्त होने वाली विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्ययोजना बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत 2026 तक प्रति वर्ष अनेकों विकास कार्यों को मूर्त रुप देने और अग्रणी क्षेत्र बनाने की दिशा में प्रतिवर्ष 30 करोड रुपए का राशि स्वीकृत किया जाएगा। स्वीकृत की गई राशि से क्षेत्र में विकास को अमलीजामा पहनाने के लिए पुल-पुलिया, ब्रिज निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल, उन्नत कृषि, महिला एवं बच्चों के कल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दिया जाएगा। मुख्य रूप से पिछड़े क्षेत्र होने के चलते इस क्षेत्र को मुख्य शहरों से जोड़ने के कार्यों को प्राथमिकता दिया जाएगा।

जनपद पंचायत, पुलिस विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, क्रेड़ा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग के माध्यम से बड़े पैमाने पर कार्ययोजना निर्धारित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्य योजना निर्धारित करते हुए अविलम्ब आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला परियोजना निदेशक अधिकारी हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई 2024 तक ऑनलाईन नामांकन व आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि तक 222.ड्ढ2ड्ढह्म्.द्द श्1.द्बठ्ठ में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त देश के बच्चों को बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवाओं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला, संस्कृति और नवाचार में उनकी असाधारण प्रतिभा और उपलब्धियों एवं बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार अंतर्गत प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्ता बच्चे को एक पदक, 1 लाख रूपए राशि, 10 हजार रूपए मूल्य के पुस्तक वाउचर तथा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिए बच्चे की आयु 5 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से कम होना चाहिए। घटना या उपलब्धि आवेदन व नामांकन हेतु जारी तिथि के 2 वर्ष के भीतर होना चाहिए। आवेदक को पहले किसी भी श्रेणी में उसी पुरस्कार को प्राप्त नहीं किया हाना चाहिए। इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय की वेबसाईट 222.2ष्.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ से प्राप्त की जा सकती है।

## मां पाताल भैरवी मंदिर समिति की अनूठी पहल



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्वछता दीदीयों को मां पाताल भैरवी मंदिर समिति ने साडियां वितरित की। मां पाताल भैरवी मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश मारू और कमलेश सिमनकर ने मेडिकल कॉलेज में अज्ञात मरीजों की सेवा में लगातार अपनी सेवाएं देते रहते हैं, लेकिन अस्पताल की स्वच्छता को देखते राजेश मारू और कमलेश सिमनकर ने यह महसूस किया कि जो इस कार्य में लगातार लगे हुए रहते है, जो हॉस्पिटल के मरीजों की सेवा अपने परिवार वालों की तरह करते है, क्यों न इन्हें सम्मानित किया जाए। शनिवार को मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल में मेटास कम्पनी के कार्यरत स्वच्छता दीदियों को साडि़यां बांटी। उद्देश्य केवल इतना था कि सेना नायक की बजाय ग्राउंड लेबल पर जो काम करते है, इस सम्मान के असली हकदार यही हैं, जो निरन्तर बिना हीन भावना के हॉस्पिटल की स्वच्छता और मरीजों की सेवा में बिना अपने स्वास्थ्य की चिंता किए लागातर जूझते रहते हैं।

**गंदगी पाये जाने पर ग्राम पंचायत देवादा के सचिव पर जुर्माना एवं कारण बताओ नोटिस जारी**

## स्वच्छता अभियान में ढिलाई पर सख्त कार्रवाई, उरईडबरी सचिव निलंबित

- ग्राम पंचायत टेडेसरा और तोरणकट्टा के सचिवों पर लगाया गया जुर्माना

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम एवं ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने ग्राम पंचायत उरईडबरी, अंजोरा, देवादा, टेडेसरा, तोरणकट्टा, कोपेडीह, तुमड़ीबोड़ के पंचायत कार्यालयों, विकास कार्यों एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के उरईडबरी ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सचिव ग्राम पंचायत उरईडबरी को कई दिनों से पंचायत नहीं आने तथा निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर निलंबित किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों को मुख्यालयों में रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजनांदगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत देवादा में गंदगी अधिक पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ग्राम पंचायत देवादा में गंदगी और साफ-सफाई नहीं होने पर ग्राम पंचायत सचिव कारण बताओ नोटिस और 250 रूपए का जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत देवादा में चल रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत टेडेसरा और तोरणकट्टा के ग्राम मनकी में गंदगी पाये जाने पर संबंधित सचिव पर 250 रूपए का जुमार्ना लगाया है। उन्होंने राजनांदगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत अंजोरा में स्वच्छता दीदीयों को कचरा संग्रहण के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छता दीदीयों को प्रतिमाह प्रत्येक घर से 30-30 रूपए शुल्क दिया जाता है। सीईओ जिला पंचायत ने डोंगरगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कोपेडीह के सचिव से पंजी संधारण की जानकारी ली। उन्होंने नेशनल हाईवे किनारे निर्मित सामुदायिक शौचालय को उपयोग में लाने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में घर-घर कचरा संग्रहण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी दुकानदारों के साथ यूजर शुल्क लेने के लिए अनुबंध करने के निर्देश दिया। साथ ही घर-घर से यूजर शुल्क भी संग्रहण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत से स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक तथा जनपद पंचायत सीईओ एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## क्वीक न्यूज

### सिंगदई में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 14 तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 50 सिंगदई अंतर्गत नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 14 जून तक कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) राजनांदगांव में आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत की जाएगी। नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए इच्छुक वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वसहायता समूह, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### पीएटी व पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा रविवार 9 जून को

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पीएटी व पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार 9 जून 2024 को सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एक पालन में आयोजित की गई है। जिला मुख्यालय राजनांदगांव में परीक्षा के आयोजन के लिए कुल 7 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों को अपने साथ फोटो युक्त प्रवेश पत्र एवं मूल आईडी प्रूफ साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी परीक्षा के 1 दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अवलोकन कर ले।

### अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक खनिज अमलों के द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए वाहन, खनिज रेत के 1 प्रकरण, खनिज-मुरूम के 3 प्रकरण, खनिज ईट मिट्टी के 1 प्रकरण, खनिज चूना पत्थर के 2 प्रकरण कुल 7 प्रकरण तथा अवैध उत्खनन करते हुए खनिज मुरूम के 1 प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरणों पर अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### निष्प्रयोज्य एवं अन्य सामग्री की नीलामी 20 जून को

राजनांदगांव। कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी राजनांदगांव की निष्प्रयोज्य घोषित भण्डार सामग्री की नीलामी गुरूवार 20 जून 2024 को सुबह 11 बजे होमगार्ड कार्यालय पुराना ढाबा राजनांदगांव में किया जाएगा। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में नीलामी की जाने वाली सामग्री का अवलोकन कर सकते है।

### मधुसूदन, रमेश पटेल दिल्ली रवाना

**राजनांदगांव।** भारतीय संसद के इतिहास में रिकॉर्ड तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेता नरेंद्र मोदी कल शाम सवा सात बजे देश की 18वीं लोकसभा में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे है। इस शपथ समारोह के लिये जिला भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी आमंत्रण मिला है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिये लोकसभा चुनाव के संयोजक व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व खैरागढ़ में पार्टी के अध्यक्ष घम्मन साहू आमंत्रण प्राप्त होने के पश्चात् आज शाम दिल्ली रवाना हो गये। ये सभी नेता कल दिनांक 09 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहेंगे।

### डॉ. रमन सिंह आज शहर में

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 09 जून को एक दिवसीय प्रवास पर शहर रहे है, इस दौरान वे अनेक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह दोपहर 01 बजे रायपुर स्थित खनिज नगर मौलश्री विहार से प्रस्थान कर दोपहर 02.30 बजे राजनांदगांव पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड आयेंगे। यहाँ से वे शाम 05.30 बजे ग्राम ठेलकाडीह जिला खैरागढ़ जायेंगे जहाँ शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 484 वीं जयंती के प्रदेश स्तरीय समारोह में भाग लेंगे फिर वे शाम 07 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड पहुंचेंगे वहां से रात्रि 07.30 बजे रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

### दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं श्रमिकों के वेतन दर निर्धारित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावशील न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 की धारा 2 (घ) में निहित प्रावधानों के आधार पर कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा अनुसूचित नियोजन भाग एक के 45 नियोजन तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक एवं दैनिक न्यूनतम वेतन तथा परिवर्तनशील महंगाई भत्ता की दरें निर्धारित किया गया है। यह मासिक एवं दैनिक वेतन दरें 1 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक लागू रहेंगी। दैनिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अकुशल, अर्धकुशल, कुशल एवं उच्च कुशल वर्ग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अ, ब एवं स जोन में विभक्त किया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर खंड-3 द्वितीय तल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर तथा वेबसाईट www.cglabour.gov.in से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 11 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 11 जून 2024 को अपरान्ह 2 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजस्व अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के निवेशक व वित्तीय लेनदार के लिए सूचना

**राजनांदगांव।** न्यायालय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी दिवाला एवं दिवालियापन संहिता के तहत परिसमापन के अधीन प्रक्रियाधीन है। पवन कुमार गोयल को सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड का परिसमापक नियुक्त किया गया है। जिनके द्वारा कंपनी के संपत्तियों का आधिपत्य प्राप्त कर नियमानुसार उसका निस्तारण करते हुए निवेशकों को राशि लौटाने की कार्रवाई की जाएगी। जिले के सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के निवेशक व वित्तीय लेनदार प्रारूप घ में अपने दावों का प्रमाण-पत्र पीके गोयल एवं एसोसिएट्स 304 डीआर चेम्बर्स 12-56 डीबी गुप्ता रोड करोलबाग नई दिल्ली-5 पर प्रेषित कर सकते है। इनका ऑफिस फोन नंबर 45660808 एवं मोबाईन नंबर 9313502143 है। आवेदन पत्र का प्रारूप लोक सेवा केन्द्रों से प्राप्त किया जा सकता है।

# एसईसीएल श्रद्धा महिला मण्डल ने 10वीं-12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## मेधा सम्मान समारोह अंतर्गत सरकारी स्कूलों के 80 से अधिक छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



एसईसीएल श्रद्धा महिला मण्डल द्वारा वसंत विहार स्थित रवीद्र भवन में मेधा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बिलासपुर जिला एवं एसईसीएल के सभी संचालन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सरकारी स्कूलों के टॉपर बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्मान के रूप में सभी विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं 10000 रुपए की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही मण्डल द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए सभी बच्चों को एक पौधा भी भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूनम मिश्रा, अध्यक्षा श्रद्धा महिला मण्डल के मुख्य आतिथ्य में किया गया जिसमें राजी श्रीनिवासन, उपाध्यक्षा, श्रद्धा महिला मण्डल एवं मुख्यालय की सम्मानित सदस्यागण संगीता कापरी एवं बी अनीता की विशिष्ट उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों की समितियों की सदस्यागण भी उपस्थित रहीं। सम्मान समारोह के अंतर्गत बिलासपुर जिले एवं एसईसीएल के संचालन क्षेत्र, बैकुंठपुर, बिश्रामपुर, चिरिमिरी, हसदेव, भटगांव, जमुना-कोतमा, सोहागपुर, जोहिला, कोरबा, कुसमुंडा, दीपका, गेवरा, रायगढ़ आदि में अवस्थित सरकारी स्कूलों में 10वीं-12वीं में टॉप करने वाले 80 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सपने सम्बोधन में पूनम मिश्रा, अध्यक्षा श्रद्धा महिला मण्डल ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि श्रद्धा महिला मण्डल समाज के अंतिम व्यक्ति खासकर युवाओं और बच्चों तक पहुंच कर उनको सशक्त करने के लिए प्रयासरत है। उन्होने बच्चों से कहा आज आप कड़ी मेहनत करके इस स्थान पर पहुंचे हैं और आगे भी आपको इसी तरह मेहनत कर अपने और अपने माता-पिता के सपनों को साकार करना है और श्रद्धा महिला मण्डल जितना संभव हो सके इसमें आपकी मदद करेगा। इस अवसर पर सम्मान पाकर बच्चे बेहद खुश नज़र आए और सभी बच्चों ने इस आयोजन के लिए मण्डल का धन्यवाद दिया और साथ ही आयोजन के दौरान मिले पौधे कि देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# पुलिस अधीक्षक ने ली क्राइम मीटिंग

## अपराध पर नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन का दिया आदेश

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




जिले के कानून व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने राजपत्रित अधिकारियो समेत समस्त थाना चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि संवेदनशील प्रकरणों में लापरवाही बरतने ने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, इसलिए बच्चों एवं महिलाओं के प्रकरण में तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने लंबित प्रकरणों में जैसे मर्ग, चालान, शिकायत के संबंध में जानकारी लेने के बाद लंबे समय से लंबीत प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले विवेचको को हिदायत देते हुए अन्य सभी प्रकरणों का अतिशीघ्र नीरा करण करने के लिए निर्देशित किया गया। वही मादक पदार्थ में कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही बिना नंबर प्लेट के दो पहिया वाहन, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले, तीव्र गति से वाहन चलाने वालों, बाइकर्स में अमानक साइलेंसर का उपयोग कर आम नागरिकों को परेशान करने वाले, नाबालिग वाहन चालकों पर शक्ति के साथ चलानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले के सभी राज्य पत्रिका अधिकारियों से कहां की अपने-अपने थाना एवं चौथी क्षेत्र में विजिट कर लंबित प्रकरणों में निराकरण हेतु विशेष दिलचस्पी दिखाएं। आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश कुमार बरैया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन शैलेंद्र पांडे,सब डिविजनल पुलिस अधिकारीयो में इमानुएल लकड़ा, राम अवतार ध्रुव, जितेन्द्र खूंटे, याकूब मेमन,रक्षित निरीक्षक विमलेश देवांगन एवं जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारी, साइबर सेल प्रभारी सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### सभी को होनी चाहिए नए कानून की जानकारी

पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों से कहा कि आगामी जुलाई माह से नए कानून जारी किए गए पुस्तकों के बारे में अवलोकन करना अति आवश्यक है ताकि भविष्य में कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की कोई दिक्कतें न हो। आयोजित प्रशिक्षण में आवश्यक रूप से सभी लोग उपस्थित होकर जागरूक होने का भरपूर प्रयास करें।

# अवैध शराब परिवहन कर रहे आरोपियों के विरुद्ध थाना भखारा एवं सायबर टीम ने की सयुंक्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



मुखबिर कि सूचना पर सेमरा मोड तिराहा भखारा के पास आरोपीगण अजय साहू पिता तुलसी राम साहू उम्र 32 वर्ष साकिन भैंसबोड चौकी बिरेझर थाना कुरुद जिला धमतरी, भुवन लाल साहू पिता मोहन लाल साहू उम्र 50 वर्ष साकिन कोसमर्रा थाना भखारा जिला धमतरी को एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में अवैध रुप से शराब रखकर मोटर सायकल हीरो पैशन प्लस कमांक सीजी 05 एपी 6637 से परिवहन करते हुये सेमरा मोड तिराहा भखारा के पास में घेराबंदी कर पकडा गया जिसके पास रखे प्लास्टिक बोरी में 96 पौवा देशी मसाला शराब प्रत्येक 180-180 एमएल कुल 17.280 लीटर कीमती 10560 रुपये एवं अवैध रुप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक हीरो पैशन प्लस मो0सा0 कमांक सीजी 05 एपी 6637 कीमती करीबन 30,000 रुपये, कुल जुमला कीमती 40560 रुपये को जब्त कर आरोपीयान अजय साहू, भुवन लाल साहू के विरुध्द अपराध धारा 34 (2)59 (क) आबकारी एक्ट की वैधानिक कार्यवाही की गयी है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में सउनि0 तेजू राम सिन्हा, आरक्षक हेमराज नेताम, खुमान साहू सायबर सेल धमतरी से निरीक्षक सन्नी दुबे,आरक्षक कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, मनोज साहू, फनेश साहू, किशोर देशमुख का विशेष योगदान रहा।

# तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से एक की दर्दनाक मौत, एक घायल

## मॉर्निंग वॉक पर निकले एक को दूर तक घसीटता रहा, आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com





नगर पंचायत भखारा वार्ड क्रमांक 8 निवासी दो लोग सुबह मार्निंग वॉक में निकले थे जिसे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है। इस हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया था, इधर मामले की सूचना मिलने पर तहसीलदार और टीआई सहित टीम मौके पर पहुंचकर लोगों की समझाने की कोशिश की तब कहीं जाकर चक्काजाम खत्म किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 8 जून की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगो को ट्रक ने चपेट में ले लिया। भखारा थाना क्षेत्र की है जहां नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 8 के रहने वाले वेदराम यादव और चंद्रहास साहू शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे उसी दौरान पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ट्रक ने बिजली ऑफिस के सामने दोनों को ठोकर मारा जिससे चंद्रहास साहू दूर जा गिरा और घायल हो गया जबकि वेदराम यादव को ट्रक बिजली ऑफिस से स्टेट बैंक तक तकरीबन एक किलोमीटर तक घसीटता रहा जिससे उसकी मौत हो गई।

इस हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया। धमतरी से भखारा, रायपुर मार्ग आए दिन हो रहे सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है वहीं आज रफ्तार की कहर ने फिर एक जिंदगी छीन ली बताया जा रहा है कि हादसे के बाद मौके पर धीरे-धीरे लोगों की भीड़ जुट गई और अक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया वहीं मौके पर पहुंचे तहसीलदार के समझाइश के बाद चक्काजाम को बंद किया गया।

# बगीचा एसडीएम ने कृषि विभाग की ली बैठक

- खरीफआदान सामग्री के भण्डारण वितरण की समितिवार समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बगीचा एसडीएम ओंकार यादव ने बगीचा एवं सन्ना तहसील के कार्यरत सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सभी समिति प्रबंधक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ए. के. सिंह परिहार, कृषि विकास अधिकारी मती कूसलीना मिंज एवं नायब तहसीलदार बगीचा की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बगीचा के सभाकक्ष में बैठक लिया। बैठक में खरीफ आदान सामग्री के भण्डारण वितरण की समितिवार समीक्षा की गई। समिति प्रबंधको को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के अनुसार बीज एवं उर्वरक का भण्डारण करावें। समितियों में बचत धान बीज एवं रासायनिक उर्वरक का वितरण अविलंब करावें। बैठक में उपस्थित सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नियमित क्षेत्र का भ्रमण करें ग्राम स्तर पर क्षेत्रीय पटवारी, पंचायत सचिव, समिति प्रबंधक एवं ग्राम के संरपंचों से आपसी तालमेल बनाकर शासन के योजनाओं की जानकारी कृषकों को देवें तथा एक दूसरे विभाग का सहयोग करे। वर्तमान समय में बगीचा समिति में 288.20 क्वि. बिमडा में 35.40 क्वि., कुरोंग में 291 क्वि., पण्ड्रापाठ 31.80 क्वि. एवं सन्ना में 66.60 क्वि. धान बीज इसी प्रकार रासायनिक उर्वरक बगीचा समिति में 123.630 टन, बिमडा में 52.170 टन, कुरोंग में 132.400 टन., पण्ड्रापाठ 64.200 टन एवं सन्ना में 63.170 टन का भण्डारण है, अतः सभी कृषक अपनी उपयोगिता के अनुसार बीज एवं उर्वरकों का उठाव वर्षा से पूर्व कर लेवें।

# जिला प्रशासन के द्वारा बच्चों में संगीत एवं कला का हुनर निखारने के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन

- खैरागढ़ संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जा रहा है प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में संचालित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर में जिला प्रशासन के द्वारा बच्चों में संगीत एवं कला का हुनर निखारने के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है । जिला प्रशासन एवं कलेक्टर डॉ रवि मित्तल की इस अभिनव पहल को जिले वासियों ने भी प्रशंसा की,जिले के आम जनों का मानना है कि मानवीय मूल्यों के संवर्धन में इस प्रकार के कार्यक्रम अहम भूमिका निभाते हैं। शिविर में उपस्थित होने वाले बच्चों को गायन,वादन के साथ साथ नृत्य आदि विधा सिखाई जा रही है। गर्मियों की छुट्टी में बच्चों के अंदर छुपी कलात्मक कौशल को निखारने के लिए जिला प्रशासन की एक सराहनीय पहल है।विदित हो कि प्रत्येक वर्ष समर कैंप लगाकर बच्चों को विभिन्न कैशलों का प्रशिक्षण दिया जाता रहा है,परन्तु इस वर्ष गर्मी की अधिकता को देखते हुए समर कैंप के स्थान पर यह विकल्प बच्चों को रास आ रहा है। खैरागढ़ से आए संगीत एवं कला के कलाकारों ने हारमोनियम, तबला गिटार, ढोलक एवं स्थानीय वाद्ययंत्र मांदर आदि बाद्य यंत्रों को बड़े ही रोचक तरीके सीखा रहे हैं। शिविर में आने वाले बच्चों ने बताया कि उन्हें संगीत के साथ साथ रंगोली, चित्रकला, नाटक, अभिनय, आदि मानवीय कलाओं में दक्ष किया जा रहा है।जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर के साथ परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा नरेंद्र सिन्हा के द्वारा समय समय पर उपस्थित होकर शिविर में संचालित होने वाली सभी गतिविधियों का निरीक्षण करके आवश्यक सुविधा सुविधा प्रदाय किया गया।

# किसान का 2 करोड़ 75 लाख रुपए लेकर जमीन दलाल फरार

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



ग्राम कचना तहसील भखारा निवासी बुधारु सतनामी, गंगाप्रसाद सतनामी का ग्राम कानामुका पहन तहसील भखारा धमतरी खसरा नंबर 358/1 रकबा 0.18 है भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त भूमि धमतरी -रायपुर मार्ग के किनारे स्थित है उक्त भूमि बहुमूल्य कीमती भूमि है।

रायपुर निवासी जिसने अपना नाम विकास लोहाना बताया है विकास लोहाना किसान की जमीन का 27500000 रुपए में सौदा किया गया। किसान को 1100 रुपए ब्याना तौर पर दिया गया। उक्त सौदा के अनुसार क्रेता के व्दारा एक सप्ताह के अन्तर्गत रजिस्ट्री करने का आश्वासन दिया था तथा सौदे के अनुसार मैं तथा मेरे भतीजा गण 31/5/2024 को उपपंजीयक कार्यालय कुरुद में उपस्थित हुए थे तथा उपस्थिति के समय क्रेता दिव्येश अतुल संघानी एवं उसके प्रतिनिधि विकास लोहाना को पूर्ण प्रतिफल की राशि देने के लिए बोले तो क्रेता ने चेक के माध्यम से संपूर्ण रकम रजिस्ट्री होने के बाद बैंक में जाकर आरटीजीएस के माध्यम से पूर्ण प्रतिफल अदा करुंगा जिसके पश्चात हम लोग रजिस्ट्री हेतु समहत हो गये और रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित करायें।

रजिस्ट्री होने के पश्चात क्रेता एवं उनके प्रतिनिधि के व्दारा हम सभी विक्रेतागण को एक्सिस बैंक कुरुद लें गये। चेक के माध्यम से आरटीजीएस के माध्यम से गाईडलाइन के अनुसार मुझे 367000 रुपए मेरे भतीजा गंगाप्रसाद वगैरह को 288000 रूपए हम लोगों के खाते में रकम हस्तांतरण किया गया। क्रेता एवं प्रतिनिधि के व्दारा शेष प्रतिफल की राशि अधिक होने के कारण एवं बैंक का सर्वर नहीं होने के कारण राशि 268.25000 रूपए आरटीजीएस नहीं हो सकता है आप दोनों विक्रेता गण की शेष राशि को मैं 1-2 दिन के पश्चात मै आपके खाते में हस्तांतरण कर दूंगा। इस प्रकार गुमराह किया गया। आज दिनांक तक कोई राशि किसानों को नहीं दी गई है। बसपा नेता आशीष रात्रे सतनामी समाज के विरेन्द्र सोनवानी ने इस पूरे प्रकरण को लेकर धमतरी एसपी से किसानों के साथ मुलाकात करके किसानों को न्याय दिलाने कि मांग कि गयी और छल.कपट पूर्वक धोखाधड़ी करने वाले के ऊपर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन एसपी व्दारा दिया गया। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रूप से बसपा नेता आशीष रात्रे, सतनामी समाज के विरेन्द्र सोनवानी, दुष्यंत टंडन, पीडित किसान बुधारु मारकंडेय गंगाप्रसाद मारकंडेय आदि उपस्थित थे।

# डीके साहू को परिक्षेत्र साहू समाज ने शिक्षा दीप सम्मान से किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला साहू समाज धमतरी के निर्देशन व परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के मार्गदर्शन तथा कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं ग्रामीण साहू समाज कातलबोड़ के तत्वाधान में कैरियर गाइडेंस निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में नवमी से बारहवीं तक विषयगत अध्यापन के अलावा प्रयास बीएड, डीएड एवं पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ.साथ संगीत ड्राइंग, पेंटिंग एवं नैतिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नम्रता गांधी कलेक्टर जिला धमतरी एवं विशिष्ट अतिथि टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी एवं अवनेंद्र साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज धमतरी रहे। समापन अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख करियर गाइडेंस, काउंसलर एवं मोटिवेशनल स्पीकर डीके साहू व्याख्याता गणित, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद को कक्षा ग्यारहवीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को गणित विषय के अध्यापन के साथ.साथ सतत् बच्चों को मोटिवेट करने एवं नए करियर ऑप्शन के बारे में जानकारी प्रदान के लिए बानगर परिक्षेत्र साहू समाज ने शिक्षा दीप सम्मान से सम्मानित किया।

डीके साहू समर कैंप कातलबोड़ में अध्यापन के साथ.साथ लगातार अन्य परिक्षेत्र में लग रहे समर कैंपों में जाकर बच्चों को निःशुल्क कैरियर गाइडेंस, काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से प्रेरित करते रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समापन समारोह में साहू समाज के जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहूए जिला साहू समाज के कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दयाराम साहू तहसील, परिक्षेत्र, ग्रामीण सामाजिक पदाधिकारीगण सहित गणमान्य नागरिक तथा 250 विद्यार्थी उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्ति के लिए टी आर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी,लीलाधर चौधरी सहायक संचालक, लक्ष्मण राव मगर सहायक संचालक, रमेश देवांगन वरिष्ठ लेखपाल, डी डी मंडावी अनुविभागीय अधिकारी कुरूद, बलराम तंबोली तहसीलदार भखारा, मनोज भारद्वाज तहसीलदार मगरलोड, दुर्गा साहू तहसीलदार कुरूद, दीपेंद्र पटेल, ज्योति सिंह नायब तहसीलदार कुरूद, रवींद्रनाथ मिश्रा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद, कुलेश्वर सिन्हा बीआरसी, मनेश कुमार सिंह संस्था प्राचार्य सहित मीना गुप्ता, अवनीश तिवारी, आर डी साहू, वर्षा अग्रवाल, के के सिंगसर्वे, राजेश पांडेय, तामसिंग साहू, राजेंद्र श्रीवास्तव,जगदीश साहू, धनंजय ठाकुर, वीरेंद्र श्रीवास, हरिशंकर नेतामए अन्नपूर्णा सोनी, संतोषी कश्यप, स्वाति टंडन समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई एवं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम योग एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन

# जिला जेल धमतरी में कराया गया योग एवं स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com





महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छग रायपुर की पहल पर प्रभारी जेल अधीक्षक एवं संयुक्त कलेक्टर विनय कुमार पोयाम के मार्गदर्शन में जिला जेल धमतरी में जेल एवं आयुष विभाग के वार्षिक कार्ययोजना के तहत प्रतिमाह जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम योग एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 04 जून से 08 जून तक पांच दिवसीय योग शिविर लगाकर जिला धमतरी के आयुष पाली क्लीनिक की डॉ रेवती नेताम योग चिकित्सक एवं योग सहायिका कुमारी सृष्टि मगर एवं कुमारी रूचि साहू के द्वारा बंदियों को योग एवं आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी गई स साथ ही योग एवं प्राणायाम योगाभ्यास करवाया गया। बंदियों का उत्साहवर्धन करते हुए सहायक जेल अधीक्षक एनके डहरिया ने भी योगाभ्यास किया। सुबह छः से सात बजे तक आयोजित इस योगाभ्यास में क्रमशः बैठकर, खड़े होकर एवं लेट कर किए जाने वाले योगासनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही बंदियों को मानसिक तनाव से निजात दिलाने एवं कमजोर पाचन तंत्र मजबूत करने और फेफडा, मस्तिष्क में आक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने वाले सर्वाइकल, कमर दर्द, पीठ दर्द, हाथ पैर दर्द दूर करने वाले योगासनों का लाभ बताते हुए योग अभ्यास करवाया। जिसमें पर्वत आसन, शशांक आसन, तितली आसन,उष्ट्रासन,शव आसन, पवनमुक्त आसन सहित 15 प्रकार के अलग.अलग योग का अभ्यास शामिल हैं। इस अवसर पर प्रणायाम में अनुलोम. विलोग, कपालभाति एवं भ्रामरी का अभ्यास करवा कर मन को शांत रखने के तरीके भी बताएं। योग सहायिका रूचि साहू ने बंदियों को प्रत्येक आसन करके दिखाया। जिला जेल के सहायक अधीक्षक डहरिया ने कहा कि बंदियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने हर माह जेल प्रशासन की ओर से योग का कार्यकम करवाया जा रहा है, ताकि सभी बंदी योग सीखकर प्रतिदिन की अपने दिनचर्या में योग को शामिल कर अपने आप को स्वस्थ्य रख सके। बंदीगण जेल में आने के बाद परिवार से दूर हो जाते हैए इसलिए तनाव का शिकार हो जाते है। मानसिक तनाव की स्थिति में गुजरते हैए तो मन में नकारात्मक बाते घर कर जाती है। इससे अवसाद जैसी मानसिक विकार के शिकार हो जाते है। परिणामस्वरूप कोई भी अप्रिय कार्य करने के लिए दुष्प्रेरित होते है। योग शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थ्य के लिए आवश्यक है। जेल में लगने वाले शिविर में बंदी योग सीखते है एवं प्रतिदिन प्रातः योगाभ्यास करते है। शिविर के अंतिम दिन जेल में परिरूद्ध 262 बंदीगण व अधिकारी, कर्मचारीगण योग एवं प्राणायाम में भाग लिए।

# जिले के तीन धुरंधर पीएम शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल



पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव में एनडीए की 292 सीटों पर जीत के साथ ही नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार हैं। 9 जून की शाम को नरेंद्र मोदी और सरकार की मंत्री परिषद के सदस्य शपथ लेंगे शुक्रवार को एनडीए की बैठक हुई जिसमें मोदी को संसदीय दल का नेता चुना गया। एक बार पुनःनई सरकार की शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में अयोजित किया गया है जिसमें बलरामपुर रामानुजगंज जिले से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल सहित इस जिले के दो विधानसभा के विधायको में रामानुजगंज विधानसभा के विधायक एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम एवं समरी विधानसभा के विधायक उदेश्वरी पैकरा शामिल होंगी।



छत्तीसगढ़ शासन

# सुशासन और
# समग्र विकास

**निर्भीक, अनवरत, अनथक और उदार नेतृत्व के साथ विकसित भारत के संकल्प के पूर्णता की शपथ**



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

Samvad-40297/25

**सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403